✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 30 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 27 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



औरंगाबाद में महिला किसान को सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा

बिहार सरकार ने राज्य के शिक्षकों को दी बड़ी राहत

स्वेच्छा से शिक्षकों को मिली तबादले की सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार ने राज्य के शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें स्वेच्छा से स्थानांतरण की सुविधा प्रदान की है। शिक्षा विभाग की तरफ से जारी किए गये निर्देश के मुताबिक अब शिक्षक ई-शिक्षक कोष पोर्टल के माध्यम से स्वयं ही अपने स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है और लिखा है कि विभिन्न चरणों में शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया है लेकिन 400 किलोमीटर की दूरी से 30 किलोमीटर की दूरी पर पदस्थापन होने के बावजूद वे संतुष्ट नहीं हैं। लिहाजा विभिन्न स्तर पर शिकायत दर्ज कराई जा रही है। जिस विद्यालय से



शिक्षकों का स्थानांतरण हो गया है लेकिन वहां अबतक कोई शिक्षक पदस्थापित नहीं हो सका है, ऐसे में शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। ट्रांसफर की वजह से विद्यालयों में रिक्त हुए पदों को भरने की चुनौती सामने खड़ी हो गई है। इसलिए यह फैसला लिया गया है कि सभी स्तर के शिक्षकों को अपना ट्रांसफर कर विद्यालय का चयन स्वयं करने का मौका दिया जाए। एक ही तरह के शिक्षक दो या दो से अधिकतम 10 शिक्षकों का अपना समूह बनाकर उन विद्यालयों में परस्पर स्थानान्तरण कर सकेंगे। सभी समूह के शिक्षक एक ही श्रेणी के होंगे और परस्पर पदस्थापन उनके वर्तमान में पदस्थापित विद्यालयों के बीच कर सकेंगे। शिक्षा विभाग के निर्देश के मुताबिक जो भी शिक्षक स्थानांतरण चाहते हैं, वे ई-शिक्षा कोष में लॉगिन कर और उनके जिले में ट्रांसफर के इच्छुक शिक्षकों की सूची देख सकेंगे। वे अपने विषय और कैटेगरी के स्थानांतरण के इच्छुक पूरे पंचायत/ प्रखंड/ अनुमंडल/ जिला की सूची भी देख सकेंगे। इस प्रक्रिया में कोई शिक्षक दो या दो से अधिक अधीनस्थ 10 वैसे शिक्षकों तक का चयन कर सकते हैं, जो पारस्परिक स्थानांतरण के इच्छुक हैं। ओटीपी के माध्यम से संबंधित शिक्षकों का मोबाइल नंबर प्राप्त हो सकेगा, जिनसे संपर्क कर वे अपने इच्छित विद्यालय का चयन कर सकेंगे। स्थानांतरण का आवेदन ई-शिक्षा कोष के माध्यम से दिया जाएगा। ई-शिक्षा कोष में ओटीपी के माध्यम से सत्यापन होने के तीन दिन में स्थानांतरण का आदेश जारी हो जाएगा। स्थानांतरण आदेश निर्गत होने के सात दिनों के अंदर चयनित विद्यालय में योगदान करना अनिवार्य होगा। अगर पूरे समूह में एक भी शिक्षक योगदान देने से इनकार कर देते हैं तो सभी स्थानांतरित शिक्षकों का ट्रांसफर आदेश रद्द कर दिया जाएगा। फिलहाल इस नई व्यवस्था से न केवल शिक्षकों को सहूलियत मिलेगी बल्कि शिक्षा विभाग को भी स्कूलों में रिक्त पदों की चुनौती से निपटने में मदद मिलेगी।

345 राजनीतिक दलों की डीलिस्टिंग प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में 345 ऐसे रजिस्टर्ड गैर मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को डीलिस्ट करने की प्रक्रिया प्रारंभ की है, जिन्होंने वर्ष 2019 से अब तक किसी भी प्रकार के चुनाव में भाग नहीं लिया है और जिनके कार्यालय देशभर में कहीं भी भौतिक रूप से नहीं पाए गए हैं। ये 345 दल विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से हैं। भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में यह बात आई है कि वर्तमान में पंजीकृत 2800 से अधिक आरयूपीपीएस में से कई दल ऐसे हैं, जो राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत रहने की आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर रहे हैं। ऐसे दलों की पहचान हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक राष्ट्रव्यापी प्रक्रिया संचालित की गई, जिसके प्रथम चरण में अब तक 345 आरयूपीपीएस चिन्हित किए जा चुके हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए किसी भी राजनीतिक दल को अनुचित रूप से डीलिस्ट न किया जाए, भारत निर्वाचन आयोग ने संबंधित राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को ऐसे दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। इसके पश्चात संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा इन दलों को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। किसी भी आरयूपीपी को डीलिस्ट करने का अंतिम निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ही लिया जाएगा। देश में राष्ट्रीय/राज्य/गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का पंजीकरण, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के तहत किया जाता है। इस प्रावधान के अंतर्गत, एक बार पंजीकृत हो जाने पर राजनीतिक दल को कर में छूट समेत अन्य कई सुविधाएं प्राप्त होती हैं।

संक्षिप्त समाचार

संदिग्धावस्था में बिजली विभाग के अकाउंटेंट का शव बरामद

हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)। नगर थाना क्षेत्र के रामचौरा स्थित सरस्वती कॉलोनी से पुलिस ने गुरुवार को संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान पटना जिला के आलमगंज थाना गुड़ की मंडी निवासी उत्सव कुमार के रूप में हुई है। मौत की सूचना मिलते ही परिजन हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचे। बताया गया कि उत्सव कुमार डेढ़ साल पहले से बिजली कार्यालय पावर हाउस कौनहारा में तैनात था। उसकी बदली डेढ़ साल पहले सहरसा जिले में अकाउंटेंट के पद पर हुआ था।

स्कार्पियो ने स्कूल जा रहे छात्र को कुचला, मौत

बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)। बिहारशरीफ-एकंगरसराय मुख्य मार्ग के परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मई पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को स्कूल जा रहे एक छात्र को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने कुचल दिया। मृतक की पहचान मई गांव निवासी नीतीश यादव के 10 वर्षीय पुत्र जौसब कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एक यात्री बस में तोड़फोड़ कर दी। जिस स्कार्पियो से छात्र की मौत हुई, उसके चालक के साथ भी मारपीट की गई और गाड़ी में आग लगा दी गई।

गया औद्योगिक कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण पूरा

पटना(नबिटा ब्यूरो)। गया औद्योगिक कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। अब जुलाई के पहले सप्ताह में एजेंसी चयन के लिए टेंडर जारी होगा। इस प्रोजेक्ट के तैयार होने से पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के अलावा नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के बाजार से बिहार सीधे तौर पर जुड़ जाएगा। इसके लिए 1670 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है।

रेल मंत्री ने ग्वालियर से बेंगलुरु जाने वाली पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखा किया रवाना

दक्षिण भारत की यात्रा होगी आसान, युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के अवसर : अश्विनी वैष्णव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भोपाल। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तथा ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाहा एवं उपस्थित अन्य अतिथियों के साथ ग्वालियर-एसएमवीट बेंगलुरू एक्सप्रेस हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह ट्रेन सेवा ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, भोपाल सहित मध्य प्रदेश के बड़े हिस्से के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहां से बड़ी संख्या में यात्री बेंगलुरु की ओर यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में रेलवे के



बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। विगत एक वर्ष में मध्य प्रदेश के लिए 24 हजार करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जो राज्य के रेलवे मानचित्र में एक ऐतिहासिक परिवर्तन लाएंगी। इसके साथ ही उन्होंने सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि महाकुंभ-प्रयागराज की तरह की व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं को उज्जैन और उसके आसपास के स्टेशनों में देखने को मिलेगी, जिसके लिए अभी से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी समेत दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की कार्रवाई एक बार फिर चर्चा में है। गुरुवार को दावथ अंचल कार्यालय में की गयी छापेमारी में राजस्व कर्मचारी कन्हैया कुमार और उसके सहयोगी दलाल सुनील कुमार सिंह को 18 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। यह घटना केवल भ्रष्टाचार की नहीं, बल्कि जोड़ी में घूसखोरों के पकड़े जाने के एक अनूठे सिलसिले का हिस्सा बन गयी है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो टीम के अनुसार परिवादी पिंटू कुमार जमीन के मोटेशन के लिए लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे।



पीड़ित ने इस बात की शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के कार्यालय में दर्ज करायी कि आरोपी राजस्व कर्मचारी कन्हैया कुमार के द्वारा जमीन मोटेशन करने के एवज में 18 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण सत्य पाया गया। प्रथम द्रष्टया आरोप सही पाये जाने के पश्चात मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। बता दें कि इसी माह 19 जून 2025 को बिक्रमगंज के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधीरकांत शर्मा और उनके लेखा सहायक सुभाष कुमार को एक साथ घूस लेते पकड़ा गया था। ठीक सात दिन बाद, 26 जून 2025 को फिर दो भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी हुई।

नवचयनित सिपाहियों को कल नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे सीएम नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार पुलिस की शक्ति अब और बढ़ने वाली है, क्योंकि विभाग को जल्द ही 21,391 नये सिपाही मिलने वाले हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 28 जून को पटना के बापू सभागार में इन नवचयनित सिपाहियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। बिहार पुलिस विभाग द्वारा यह बड़ी भर्ती प्रक्रिया केंद्रीय स्तर पर आयोजित की गई थी। विज्ञापन साल 2023 में जारी किया गया था, जिसके बाद लाखों उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन जैसे चरण शामिल थे। लिखित परीक्षा अगस्त 2024 में आयोजित की गई थी, जिसमें सफल उम्मीदवारों का अंतिम रूप से चयनित किया गया। 28 जून को पटना के बापू सभागार में एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चयनित 21,391 सिपाहियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। यह नियुक्ति बिहार पुलिस के इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, क्योंकि इससे पुलिस बल की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी और अपराध नियंत्रण में सुधार होगा।

चुनाव आयोग की टीम ने की तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में किसी तरह की कोई कमी नहीं रहे, इसके लिए चुनाव आयोग कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। इसी क्रम में चुनाव आयोग की नौ सदस्यीय टीम पटना पहुंची है। पटना एयरपोर्ट पर चुनाव आयोग की टीम का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी समेत कई अधिकारियों ने स्वागत किया। इसके बाद चुनाव आयोग की टीम ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी समेत बिहार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान चुनाव की तैयारी, बूथ मैनेजमेंट, वोटर लिस्ट, ईवीएम समेत कई मुद्दों पर बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि यह टीम बिहार में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने पहुंची है। विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 को लेकर वरिष्ठ उपनिर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग की अध्यक्षता में भारत निर्वाचन आयोग की नौ सदस्यीय टीम द्वारा बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल एवं उनके कार्यालय के अन्य पदाधिकारियों



के साथ बैठक की गई। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कराने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर बिहार के सभी जिलों में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। पटना में भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार द्वारा सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। सभी राजनीतिक दलों को इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश से अवगत कराया गया तथा इस अभियान में सक्रिय सहयोग करने का अनुरोध किया गया। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को आयोग के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुये इस अभियान के क्रियान्वयन का निदेश दिया गया। चुनाव आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट दिशा-निर्देशों एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी से गहन पुनरीक्षण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बताया गया कि एक अगस्त को प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। दावा एवं आपति दाखिल करने की अवधि एक अगस्त से एक सितंबर तक निर्धारित की गई है। 30 सितंबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को बीएलओ एवं बीएलए के बीच सार्थक समन्वय तथा सुदृढ़ संवाद स्थापित करने का निर्देश दिया गया।



अगमकुआं में 30 करोड़ की लागत से बनेगा नया हाईटेक भवन : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय तथा विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने आज अगमकुआं, पटना स्थित बिहार संयुक्त खाद्य एवं औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला में नव-अधिष्ठापित औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला अत्याधुनिक मशीन/ उपकरण अनुभाग का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंगल पाण्डेय ने कहा कि यह 14 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। इसमें 28 प्रकार के आधुनिक जांच उपकरण स्थापित किए गए हैं। आज जिस प्रकार से ड्रग टेस्टिंग लैबोरेट्री की स्थापना की गई, उसी प्रकार से तीन माह पूर्व फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी की भी स्थापना 16 करोड़ की लागत से की गई है। इस प्रकार ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरी और फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी के लिए तीन माह में 30 करोड़ की लागत से इस संस्थान में ये सारी व्यवस्थाएं शुरू की गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने यह भी ऐलान किया कि बिहार संयुक्त खाद्य एवं औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला परिसर में 30 करोड़ रुपए की लागत से नया भवन बनाया जाएगा जिसका डीपीआर तैयार कर लिया गया है। यह नया भवन जी प्लस 5 फ्लोर का होगा जिसमें मीटिंग रूम, कांफ्रेंस हॉल, रिकॉर्ड रूम, सैंपल कलेक्शन रूम, फैकल्टी रूम, लाइब्रेरी, किचन के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। श्री पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि बिहार ने 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड में से 3.10 करोड़ आयुष्मान कार्ड पिछले 1 साल 3 महीने में ही बनाए गए हैं। इसमें 3 लाख वय वंदना कार्ड बनाए गए हैं। बिहार आयुष्मान कार्ड बनाने में देश में तीसरे नम्बर पर पहुंच गया हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। विभाग का लक्ष्य न केवल गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करना है, बल्कि औषधियों की गुणवत्ता की जांच और निगरानी को भी विश्वसनीय एवं वैज्ञानिक आधार देना है। उन्होंने कहा कि 28 प्रकार के उपकरण जो यहां लगाए गए हैं उन उपकरणों का अब पूरे तरीके से इस्तेमाल किया जाएगा। यह प्रयोगशाला केवल एक भवन के अंदर रखे उपकरण ही नहीं है, बल्कि अब यह भवन बिहार के 13 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा और भविष्य की गारंटी भी है। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि बिहार के गरीबों को बेहतर चिकित्सा सेवा मिल रही है। आज मुझे बहुत खुशी है स्वास्थ्य विभाग गरीबों को इस प्रकार की सेवा देने में सफल हो रहा है। यहां यह ड्रग लेबोरेटरी में 28 उपकरणों की मदद से गुणवत्तापूर्ण दवाइयां देने में सफल होंगे। नव-स्थापित आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों से युक्त यह अनुभाग दवाओं की गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया को और अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी बनाएगा।

विधायक सिद्धार्थ पटेल के पिता विपिन बिहारी पटेल के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वैशाली जिला के नगवा ग्राम जाकर वैशाली के विधायक सिद्धार्थ पटेल के पिता स्व. विपिन बिहारी पटेल के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व. विपिन बिहारी पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद एवं जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, विधायक सिद्धार्थ पटेल एवं उनके परिजन, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संवेदना और मर्यादा ही भारतीय शिक्षा संस्कृति की आत्मा : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। हमारी समस्याएं इसीलिए उत्पन्न होती हैं क्योंकि हमने दो शब्द भुला दिए हैं-संवेदना और मर्यादा। हमें विविधता का सम्मान करना चाहिए और इसके पीछे की एकात्मता को पहचानना चाहिए। भारत की संस्कृति मूलतः ज्ञान की संस्कृति है जिसमें महत्वाकांक्षा को मर्यादा से बांधा गया है। बिहार के विश्वविद्यालय ऐसे आदर्श संस्थान बनें जिन्हें किसी सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता ही न रहे। यह बात बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के 28वें महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा। श्री अरविन्द महिला महाविद्यालय, पटना में 26 जून 2025 को बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के 28वें महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. गणेश महतो, बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारीगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, छात्राएं एवं प्रतिनिधि सहित लगभग 1000 गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल के आगमन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। उसके पहले महर्षि अरविन्द घोष की प्रतिमा तथा डॉ. ए. के. सेन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। स्वागत भाषण में श्री अरविन्द महिला महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने कहा-यह मंच उन कर्मयोगियों को समर्पित है, जो दीखते नहीं, पर होते हैं जो प्रशासकीय व्यवस्था के गूढ़ तंतुओं में निरंतर गतिशील रहते हैं और हमारे शिक्षण संस्थानों को भीतर से सशक्त बनाते हैं।

खाद आपूर्ति में आ रही समस्याओं पर सहकारिता मंत्री ने की समीक्षा बैठक

पैक्सों को राहत देने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। राज्य में किसानों को खाद एवं उर्वरक की आपूर्ति में आ रही कठिनाइयों को लेकर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इफको और कृभको के पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में उन प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया, जो खाद व्यवसाय से जुड़े हैं। बैठक के दौरान पैक्स प्रतिनिधियों ने बताया कि इफको से वांछित मात्रा में खाद समय पर नहीं मिल पा रहा है। कई बार रेक के विलंब से आने के कारण खाद की आपूर्ति बाधित होती है। साथ ही, नैनो खाद की उपलब्धता तो है, लेकिन उसका उपयोग हमेशा संभव नहीं हो पाता। कुछ पैक्सों ने यह भी कहा कि रेक से खाद लाकर समितियों तक पहुंचाने में प्रति बोरी लागत इतनी बढ़ जाती है कि वह बिक्री मूल्य से अधिक हो जाती है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इफको पदाधिकारियों ने बताया कि उन्हें केंद्र से मिला खाद आवंटन घट गया है, जिससे वे सभी पैक्सों को मांग के अनुरूप खाद नहीं दे पा रहे हैं। नैनो खाद की उपलब्धता को लेकर उन्होंने उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षण देने की बात कही। समीक्षा के दौरान मंत्री ने निर्देश दिया कि पैक्सों को नैनो खाद के सही उपयोग के लिए प्रशिक्षण दिया जाए और ड्रोन के माध्यम से छिड़काव की सुविधा भी मुहैया कराई जाए। खाद की ढुलाई की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने इफको और कृभको से विगत तीन वर्षों का खाद आवंटन और राज्य में कुल मांग का ब्योरा जल्द उपलब्ध कराने को कहा। सहकारिता मंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य की वास्तविक जरूरतों के अनुसार केंद्र सरकार से खाद का समुचित आवंटन सुनिश्चित करने का प्रयास होगा। साथ ही निजी कंपनियों से भी सहयोग समितियों को एक निर्धारित मात्रा में खाद देने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। बैठक में सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, इफको और कृभको के क्षेत्रीय प्रबंधक, विभाग के नोडल पदाधिकारी भरत कुमार सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

श्रावणी मेला पर पटना और आसनसोल के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा मोकामा-झाझा-जसीडीह के रास्ते पटना और आसनसोल के मध्य 03512/03511 श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी सं. 03511 आसनसोल-पटना श्रावणी मेला स्पेशल 11.07.2025 से 09.08.2025 तक सप्ताह में पांच दिन शुक्रवार, शनिवार, सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को आसनसोल से 17.00 बजे खुलकर 18.32 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए देर रात्रि 01.30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03512 पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 12.07.2025 से 10.08.2025 तक सप्ताह में पांच दिन- शनिवार, रविवार, मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को पटना से 02.50 बजे खुलकर 07.23 बजे जसीडीह रुकते हुए 10.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी।

लालू जी का 13वीं बार अध्यक्ष बनना बिहार के लिए आपदा : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि लालू जी का अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल का 13 वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना बिहार के लिए आपदा है। कोर्ट द्वारा आदतन भ्रष्टाचार के आरोपित व सजायाफ्ता लालू जी के लिए बिहार के विकास की बात सोचना भी उनकी कल्पना से परे है। 28 वर्षों से अपने दल के स्वयम्भू अध्यक्ष रहने वाले लालू जी प्रवृति से विकास विरोधी रहे हैं। उनका पूरा कार्यकाल बिहार के पिछड़ेपन, अविकास, अपराध, अपहरण व अराजकता का प्रतीक रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि राजद के होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों से लालू जी की तस्वीरों को हटा देने मात्र से राजद उनके कारनामों की काली छाया से मुक्त नहीं हो सकता है जब पार्टी के सारे बड़े नीतिगत निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्तर पर ही होंगे तो फिर पार्टी लालू जी की मूल भावना व सोच से अलग कैसे हट सकती है? लालू जी का आज भी भय व दहशत के जरिए उन्मादी व तिकड़मी राजनीति में भरोसा है। रैला, रैली, लाठी में तेल पिलावन व जातीय गोलबंदी तथा तुष्टिकरण उनकी राजनीति की यूएसपी रही हैं। लालू जी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते राजद के सिद्धांत व कार्यशैली में बदलाव पर भला कौन विश्वास करेगा?

कमला कुमारी मांझी ने सैकड़ों समर्थकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में मुसहर समाज के झुग्गी झोपड़ी में विगत 15 वर्षों से नालंदा, खगड़िया और गया जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता कमला कुमारी मांझी और बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं अन्य कई संगठनों के अध्यक्ष रह चुके समस्तीपुर निवासी डॉ. मोहम्मद यूनुस हुसैन हकीम ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कराने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने दोनों नेताओं और उनके समर्थकों का कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि कमला कुमारी मांझी और डॉ मोहम्मद यूनुस हुसैन हकीम ने लगातार समाज के सबसे निचले वर्ग के बेहतरी के लिए काम किया है। कांग्रेस ने हमेशा वंचित समाज की लड़ाई लड़ी है और आगे भी हम उनके हक हुकूक को लेकर गंभीर हैं और उनकी हिस्सेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता कमला कुमारी मांझी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा दल है जो सामाजिक न्याय की लड़ाई को जीवंत और हकीकत में लेकर चल रहा है। राहुल गांधी के बिहार में दौरों ने मुझे प्रभावित किया और कांग्रेस के सामाजिक न्याय के संघर्ष को मैंने अपनाते हुए अपने समाज के बेहतरी के लिए कांग्रेस का हाथ थामा क्योंकि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा संगठन है जो वंचित समाज को मुख्यधारा में जोड़ने का काम कर सकती है। मुसहर समाज की स्थिति सुधर सकें उसके लिए कांग्रेस के प्रति हमारा समाज आशा भरी निगाहों से देख रहा है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद डॉ. मोहम्मद यूनुस हुसैन हकीम ने कहा कि अल्पसंख्यक नीतीश भाजपा राज में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

चन्द्रप्रभु की आभा से आलोकित होगा पटना

तीन दिवसीय लघु पंचकल्याणक महोत्सव 30 जून से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के अंतर्गत राजधानी पटना के श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन चैत्यालय के मूलनायक भगवान श्री चन्द्रप्रभु सहित जिनमंदिर में विराजमान समस्त जिनप्रतिमाओं का शुद्धि-संस्कार, सौंदर्य-वर्धन और लघु पंचकल्याणक के बाद उन्हें नव प्रतिष्ठित वेदी पर विराजमान कराया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कमिटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि इस पवित्र आयोजन में पटना सहित पूरे बिहार से सैकड़ों की संख्या में जैन श्रद्धालुओं का आगमन होगा। यह केवल मूर्तियों का पुनर्स्थापन नहीं बल्कि श्रद्धा, भक्ति और संस्कारों के नव संचार का उत्सव है। पराग जैन ने बताया कि यह पुण्य कार्य प.पू. सराक केशरी मुनि श्री विशल्य सागर जी महाराज संघ के सान्निध्य में 30 जून से दो जुलाई तक होगा। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कराने के लिए यह तीन दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव भव्यता और श्रद्धा के साथ होने जा रहा है। यह अवसर न केवल मंदिर परिसर के सौंदर्य और शुद्धि का पर्व है बल्कि जैन समाज के आत्मबल और अध्यात्मिक उत्कर्ष का दर्शन कराएगा। समाज के सभी श्रद्धालुजन इस पुण्य आयोजन में उत्साह के साथ भागीदारी करेंगे।

पांच महिलाओं को गौरव राय ने दिया सिलाई मशीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिग्रहपुर में पांच महिलाओं को स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीनें वितरित की गईं। मुजफ्फरपुर की मंजू देवी, शिवानी देवी, मणि कुमारी, कविता कुमारी और पटना की रहनेवाली कामिनी देवी को सिलाई मशीनें दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में गौरव राय के द्वारा संजय किशोर, प्रिंस कुमार और रंजन ऋतुराज को अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। संजय किशोर ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यहां आकर अच्छा लगता है और उनकी भी कोशिश है ऐसे जरूरतमंदों की मदद बड़े पैमाने पर हो। दलान ब्लॉग के रंजन ऋतुराज ने कहा कि आज मैं पहली बार आया हूं और यहां आकर अच्छा लगा। गौरव राय के द्वारा भूमिहार महिला समाज की फाउंडर प्रीति प्रिया को और रंजन ऋतुराज को उनके द्वारा समाज में अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। गौरव राय ने बताया कि एक सिलाई मशीन राजीव कुमार, एक मशीन प्रतीक अभय, एक पारिवारिक मित्र के द्वारा और दो मशीनों का इंतजाम उनके द्वारा किया गया। बिना एनजीओ हम आपस में मिल आसपास के लोगों के जीवन में बदलाव लाने की मुहिम में लगे हैं और अब लोगों का सहयोग भी मिलने लगा है। गौरव राय के अनुसार आज तक 231 सिलाई मशीनों का वितरण किया जा चुका है बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में। इसके अलावा 301 जरूरतमंदों को साइकिल और 135 विद्यालयों और कॉलेजों में सैनेट्री पैड वेंडिंग मशीनों को लगवाया जा चुका है। हमारा उद्देश्य एक है अपने आसपास के जरूरतमंदों को चिन्हित कर उनके जीवन में मुस्कान लाई जाए।

यशवंतपुर- गया- यशवंतपुर स्पेशल का परिचालन विस्तार धनबाद जं. तक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा एवं उनके सुगम आवागमन के मद्देनजर यशवंतपुर- गया के बीच चलायी जा रही गाड़ी संख्या 06563/ 06564 यशवंतपुर- गया- यशवंतपुर स्पेशल का परिचालन विस्तार 28.06.25 से 26.07.25 तक (प्रत्येक सोमवार को) धनबाद जं. तक किया गया है। यशवंतपुर- गया के मध्य उपरोक्त स्पेशल ट्रेन का समय और ठहराव वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 06563/ 06564 यशवंतपुर- गया- यशवंतपुर स्पेशल के मौजूदा समय और ठहराव के समान होगा। गया- धनबाद के मध्य इस स्पेशल का समय सारणी इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 06563 यशवंतपुर- धनबाद स्पेशल 07.10 बजे गया जं. पहुंचेगी और यहां से 07.15 बजे प्रस्थान कर 08.30 बजे कोडरमा, 09.00 बजे हजारीबाग रोड, 09.18 बजे पारसनाथ एवं 09.35 बजे गोमो रूकते हुए 11.00 बजे धनबाद पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 06564 यशवंतपुर- धनबाद स्पेशल 20.45 बजे धनबाद से प्रस्थान कर 21.15 बजे गोमो, 21.30 बजे पारसनाथ, 21.51 बजे हजारीबाग रोड, 22.20 बजे कोडरमा रूकते हुए 23.40 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से 23.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

सेवा और पर्यावरण संरक्षण की दोहरी पहल, दीघा घाट पर शीतल जल सेवा शुरू

एल सिटी घाट पर एक हजार पौधे लगाए गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम और बीइंग हेल्पर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पटना में समाज सेवा की दिशा में दो प्रेरणादायक कार्य संपन्न हुए। एक ओर दीघा घाट पर शोक संतप्त परिवारों और कर्मचारियों की सुविधा हेतु शीतल पेयजल कूलर की स्थापना की गई तो वहीं दूसरी ओर एल सिटी घाट (जेपी गंगा पथ गोलंबर) पर वर्ष भर चलाए गए वृक्षारोपण अभियान का सफल समापन किया गया। इस वर्ष लगभग 1,000 पौधे लगाए गए जिनका रख-रखाव बीइंग हेल्पर फाउंडेशन द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पटना स्मार्ट सिटी परियोजना के वरिष्ठ वित्त पदाधिकारी प्रविंद कुमार सिंह ने किया। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्ष सोनल जैन ने इस पहल को क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया और कहा कि सेवा ही हमारा ध्येय है और ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन चिंतन जैन ने इस कार्यक्रम की निरंतरता और दीर्घकालिक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा यह पहल केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा की दीर्घकालिक सोच का परिणाम है। कार्यक्रम में रोटेरियन रौशन धंडानिया, रोटेरियन राजीव अग्रवाल, रोटेरियन सोनू बांका, रोटेरियन अजय मोरे तथा रोटेरियन अमन कमालिया की भी सक्रिय सहभागिता रही।

वोटर लिस्ट अपडेट करने के नाम पर वंचित समाज के मताधिकार को छिनना चाहता है चुनाव आयोग : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। चुनाव आयोग के द्वारा बिहार में विधानसभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची के अपडेट करने की कवायद को लेकर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने आयोग को आड़े हाथों लेते हुए दलित, अल्पसंख्यक और गरीबों के मताधिकार और हिस्सेदारी को मिटाने की साजिश करार देते हुए अल्प समय में मतदाता सूची को अपडेट करने की कवायद की खिलाफत की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि मतदाता सूची अपडेट करने का कार्यक्रम आनन-फानन में चलाया जा रहा है और इससे युवा, दलित, गरीब और अल्पसंख्यकों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की साजिश चल रही है। अपडेट के नाम पर उन्हें आगामी चुनाव में मताधिकार के प्रयोग से वंचित रखने की साजिश चुनाव आयोग कर रही है। यह कदम कांग्रेस और महागठबंधन के मतदाताओं को सुनियोजित तरीके से लक्षित करके संचालित की गई है। उन्होंने कहा कि जिन कागजातों की मांग इस प्रक्रिया के तहत की जा रही है वो मेहनतकश परिवार और समाज के पिछड़े वर्ग से आने वाले लोगों के पास इतने कम समय में प्रस्तुत कर पाने में असमर्थता को दरकिनार किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने चुनाव आयोग को भाजपा के साजिशों में गिरफ्त बताते हुए कहा कि पिछले चुनावों में पांच राज्यों में भी चुनाव आयोग ने इसी प्रक्रिया के तहत लाखों युवाओं, वंचित समाज, दलितों और अल्पसंख्यकों का नाम वोटर लिस्ट से काट दिया था।

शाहू जी महाराज और बाबा साहब के सपनों को साकार करेगी बसपा : आकाश आनन्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बहुजन समाज पार्टी बिहार प्रदेश द्वारा आज राजधानी पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में आरक्षण के जनक कहे जाने वाले छत्रपति शाहू जी महाराज की भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को सिक्कों से तौलकर पारंपरिक सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा के केन्द्रीय प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने की। वहीं राज्यसभा सांसद एवं नेशनल कोऑर्डिनेटर ई. रामजी गौतम, अधिवक्ता सुरेश राव, उमा शंकर गौतम, और बिहार प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो सहित हजारों बहुजन समर्थक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में मंच से संबोधित करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज ने समाज में व्याप्त जातिवाद, अंधविश्वास और स्त्री-विरोधी मानसिकता के विरुद्ध मजबूत लड़ाई लड़ी। वे पहले ऐसे राजा थे जिन्होंने अपने राज्य में 50% आरक्षण लागू कर दलितों और पिछड़े वर्गों को सामाजिक सम्मान और सरकारी सेवाओं में अवसर प्रदान किया। उन्होंने बताया कि शाहू जी महाराज ने महिलाओं की शिक्षा और अधिकार को खुलकर समर्थन दिया और सत्यशोधक समाज को आगे बढ़ाया। आकाश आनंद ने शाहू जी महाराज की शिक्षा-नीति का ज़िक्र करते हुए बताया कि उन्होंने डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की उच्च शिक्षा का खर्च वहन किया। यह केवल एक राजा का कार्य नहीं, बल्कि समाज सुधारक और सामाजिक क्रांतिकारी का दृष्टिकोण था। उन्होंने कहा कि आज बिहार को एक बार फिर शाहू जी महाराज जैसे नेतृत्व की जरूरत है, जो बहुजनों को ऊपर उठाने का साहस रखता हो। कार्यक्रम में आकाश आनंद ने कहा कि बहन मायावती ने उत्तर प्रदेश में चार बार बहुजन समाज की सरकार बनाकर सामाजिक न्याय और विकास का नया अध्याय लिखा। शिक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्रों में उनके शासनकाल को 'बहुजन गवर्नेंस मॉडल' के रूप में आज भी याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी यदि बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनती है, तो वही सुशासन और सामाजिक बदलाव की तस्वीर उभरेगी।

ट्रैक्टर की ठोकर से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढ़ी गोला (रोहतास)। अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र केशो बिगहा गांव में डिहरी- राजपुर पथ पर गुरुवार की शाम छह बजे के करीब स्कूटी सवार युवक को ट्रैक्टर ने पीछे से धक्का मार दिया। ट्रैक्टर के धक्के से स्कूटी सवार की मौत मौके पर ही हो गई जबकि स्कूटी पर पीछे बैठा युवक ट्रैक्टर के धक्के से सड़क पर गिर पड़ा। स्कूटी सवार को धक्का मारने के बाद भाग रहे ट्रैक्टर का पीछा ग्रामीणों ने किया तो ट्रैक्टर चालक कोलाई वरुणा मोड़ के समीप



ट्रैक्टर को सड़क पर छोड़ कर फरार हो गया। मृतक राजपुर थाना क्षेत्र के सबेया निवासी जनेश्वर राम का अठारह वर्षीय पुत्र मुन्ना राम बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर थाना क्षेत्र के सबेया निवासी मुन्ना राम अपने चचेरे भाई रंजन कुमार को अपने स्कूटी पर बैठा कर डिहरी रेलवे स्टेशन पहुंचाने जा रहा था। केशो बिगहा गांव पहुंचते ही पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। ट्रैक्टर के धक्के से स्कूटी चालक की मौत मौके पर ही हो गई जबकि ट्रैक्टर के धक्के से स्कूटी पर पीछे बैठे चचेरे भाई रंजन कुमार सड़क किनारे गिर पड़ । अगल बगल के ग्रामीण धक्का मार कर भाग रहे ट्रैक्टर को पीछा कर पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि शव को कब्जे लिया गया है व ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मायके पर पहुंच शव को देख रोते बिलखते बेहोश हो जा रहे थे जिन्हें ग्रामीण समझा बुझा कर शांत करा रहे थे।

शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के अधिकारियों का होगा स्थानांतरण : डीआईजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों में पांच वर्षों से जमे हवलदार से पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाएगा। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पांच वर्षों से जिले में रह चुके पुलिस कर्मियों की सूची रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर के एसपी से मांगी गई है। जल्द ही एसपी की बैठक कर स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी एसपी को निर्देश दिया गया है कि 30 जून तक पांच साल पूरा करने वाले को सूची दें। चुनाव के मानकों को ध्यान में रखते हुए इसे कड़ाई से पालन करने को निर्देशित किया गया है।

पुलिस ने बच्चों को पढ़ाया नशा मुक्ति का पाठ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रामपुर (कैमूर)। बेलाव थाना के पुलिस ने गुरुवार को राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 के बारे में विस्तृत प्रचार-प्रसार किया। साथ ही भोरया स्कूल के बच्चे-बच्चियों के साथ नशे से दूर रहने को लेकर विशेष जानकारी दी साथ ही नशा मुक्ति का पाठ पढ़ाया। थानाध्यक्ष अनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बच्चों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। साथ ही विद्यालय परिसर के 100 गज के दायरे में आने वाले दुकानदारों को खैनी, तंबाकू सिगरेट जैसे पदार्थों की बिक्री न करने की सलाह दी। थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने बताया कि सरकार ने नशे के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय नारकोटिस हेल्पलाइन 1933 जो शुरू किया है यह हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्ति बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस पहल से नशे के सौदागरों पर नकेल कसेगा और नशे की लत से जूझ रहे लोगों को नया जीवन मिलेगा। मौके पर ए एस आई मुकेश कुमार, रामदयाल सिंह, सतेंद्र पासवान, गोपाल कुमार इत्यादि पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

एसडीएम ने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रामपुर (कैमूर)। प्रखंड बहुदेशीय भवन में गुरुवार को एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एक जुलाई 2025 को 18 साल की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया। एसडीएम ने कहा कि चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं वास्तविक मतदाताओं को सुनिश्चित कराने को लेकर पहल करते हुए मतदान सूची के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाना है। यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक चलेगा। इसके तहत सभी बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं का मिशन मूड में शत-प्रतिशत सत्यापन किया जाना है। इनूमरेशन फॉर्म भरने के क्रम में संबंधित मतदान केंद्र के ब्लू पहचान पत्र के साथ घर-घर सर्वे करेंगे। फॉर्म को वितरित करने के बाद पुनः उसे संग्रहित कर आपके माध्यम से अपलोड करेंगे। साथ ही सभी बीएलओ के साथ संबंधित पदाधिकारियों को अपने स्तर से शाम को मॉनिटरिंग भी करने का निदेश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक, अंचलाधिकारी अन्नु कुमारी आदि मौजूद थे।

आरपीएफ ने शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी साथ, प्रधान आरक्षी बनवारीलाल चंदवारा, आरक्षी उमेश कुमार सिंह एवं आरक्षी सर्वोदय पासवान सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन, सभी वरीय अधिकारियों के आदेशानुसार अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन में यात्री सामानों की सुरक्षा वास्ते अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन में गश्त करते हुए अपराधी गतिविधि निगरानी कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 02 के पूर्वी छोड़ पर स्थित यात्री शेड में एक व्यक्ति नाम सबीन कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता बिजेंद्र प्रसाद यादव, ग्राम बीबीपुरा वार्ड नंबर 13, थाना मुफ्फसिल नवादा, जिला-नवादा (बिहार) को दो पिट्ठू बैग में कुल 21 लीटर अलग-अलग प्रकार के अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके की सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई कर सभी अंग्रेजी शराब को विधिवत जब्त किया गया।

मृत होने पर निकटवर्ती जनवितरण प्रणाली से किया संबद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। प्रखंड के पतपुरा निवासी जन वितरण प्रणाली दुकानदार कसमुद्दीन अंसारी के मृत हो जाने के उपरांत मृत विक्रेता से सम्बद्ध उपभोक्ताओं को राज्य लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 के कंडिका 19 (1) में वर्णित प्रावधानों के तहत निकटवर्ती जन वितरण प्रणाली विक्रेता के साथ सम्बद्ध किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा विक्रेता के निधन की सूचना पर निकटवर्ती जन वितरण प्रणाली विक्रेता अरूण ओझा के साथ सम्बद्ध करने की स्वीकृति दिया है तथा प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, डिहरी को आदेश दिया कि उपावंटित खाद्यान्न/किरासन तेल का वितरण ससमय कराना सुनिश्चित कराए। ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की है।

बढ़ते सड़क हादसों पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जताई चिंता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। कैमूर जिला के समाजवादी चिंतक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कैमूर जिले में प्रत्येक दिन वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त किया है। लोगों की मृत्यु हो जा रही है या हाथ-पैर टूट जाने से विकलांग बन जा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं में जयप्रकाश नारायण सिंह, ई0 कृपाशंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, डा. राकेश कुमार सिंह, हरिहर सिंह, परशुराम तिवारी, वकील यादव, रामजी पासवान, सरोज राम अधिवक्ता, संतोष कुमार सिंह, रंजय कुमार सिंह, काशीनाथ सिंह, हरित कुमार सिंह अधिवक्ता, जय कृष्ण चन्द सिंह, नन्द किशोर राय, सुनील कुमार सिंह, अमित कुमार दिनकर, समाजवादी चिंतक ने बताया कि अटल बिहारी स्कूल में परीक्षा देने जा रहे परीक्षार्थी को पिकअप ने कुचल दिया जिससे सरैया ग्राम निवासी 17 वर्षीय प्रिंस कुमार धोबी की मौत हो गई। नौहट्टा ग्रामवासी पवन कुमार, अभिषेक कुमार धोबी घायल हो गये। ऐसे ही ग्राम सोनहन, अंचल-भभुआ के सोनहन ग्राम के ब्रजेश कुमार शिक्षक के 21 वर्षीय पुत्र झांसी में कृषि विभाग में पढ़ रहे थे, उनकी मौत सीएनजी टेम्पो से मोहनियां से भभुआ आने में हो गई, पिता ब्रजेश कुमार का बायां पैर व हाथ फ्रैक्चर हो गया। आठ-दस की संख्या में लोग घर पर भभुआ निवास पर जाकर ब्रजेश कुमार सिंह से मिले तो उन्होंने बताया केवल एक पुत्र और एक पुत्री है। हमलोग बोकारो से घर वापस लौट रहे थे। वहां चलाने वाला एक हाथ से विकलांग था, हमलोगों ने ज्यादा तेजी से चलाने पर मना किये, लेकिन वह नहीं माना पेड़ में लड़ा दिया, वह सभी तेजी में इसलिए ओवरटेक कर चलते हैं कि पहले जाकर नम्बर लगा देंगे तो लौटने में भी सवारी मिल जायेंगे।

भारत स्काउट गाइड के कैडेटों ने प्रभातफेरी में लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। जिला प्रशासन कैमूर के नेतृत्व में मद्य निषेध एवं शिक्षा विभाग कैमूर के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय नशा दिवस के अवसर पर प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी कैमूर सुनील कुमार के द्वारा प्रभातफेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अक्षय कुमार पांडे, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कैमूर उत्पादक अधीक्षक कैमूर कला संस्कृति पदाधिकारी कैमूर सहित जिले के सभी पदाधिकारी गण मौजूद रहे। इस अवसर पर दिलीप कुमार सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट कैमूर के नेतृत्व में लगभग 100 स्काउट गाइड ने प्रभातफेरी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सीनियर स्काउट अजय कुमार प्रजापति, अनीश कुमार सिंह, सत्यम कुमार उपाध्याय, बीरबल कुमार, विक्की कुमार, मनीष कुमार वही गाइड में महिमा कुमारी, बेबी कुमारी, प्रीति कुमारी, मनीषा कुमारी, पूजा कुमारी, श्वेता कुमारी सहित अन्य स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

नशा मुक्ति दिवस पर प्रभातफेरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। स्थानीय पुलिस ने नशा मुक्ति दिवस पर गुरुवार को प्रभातफेरी निकली। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने हाथ में तख्ती लिए थे जिस पर नशा मुक्ति से सम्बंधित स्लोगन लिखा था। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि प्रभातफेरी के माध्यम से लोगों को नशा के खिलाफ जागरूक किया गया। थाना परिसर से निकली प्रभातफेरी कुदरा-भभुआ चौराहा होते हुए बाजार का भ्रमण किया गया। प्रभातफेरी में स्थानीय दर्जनों पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। भगवान श्री जगन्नाथ जी का भव्य शोभायात्रा शुक्रवार को निकलेगा। श्री जगन्नाथ जी मंदिर समिति की आयोजित बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई है। शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए फूलों से सजाया जा रहा है। इसके लिए मथुरा व काशी से सजावट करने वालों को बुलाया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि अध्यक्ष गिरजेश सिंह, प्रदीप जायसवाल, झूंगारी बाबा, पियन पासवान ने बताया श्री जगन्नाथ रथयात्रा दोपहर बारह बजे श्री जगन्नाथ मंदिर से निकलेगा। जगन्नाथ मंदिर के पास स्थित रामलीला मैदान से रथयात्रा प्रारम्भ होकर बाजार के रास्ते कुदरा-भभुआ मोड़ पहुंचेगा जहां से थाना परिसर होते होते हुए पुनः श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर पहुंचेगा जहां श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि हर साल श्री जगन्नाथ रथयात्रा ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होती है।

अंतरिक्ष की दुनिया में भारत के कदम पड़ते ही छात्रों ने केक काट मनाई खुशियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में शुभांशु शुक्ला के नेतृत्व में अंतरिक्ष की दुनिया में कदम रखते ही विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों के बीच में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रों ने विद्यालय में केक काटकर तथा शुभांशु शुक्ला का स्केच बनाकर उनके सामने रखकर केक काटने का कार्य किया तथा देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देने का कार्य किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि छात्रों को वैज्ञानिक गतिविधियों से रूबरू कराने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया क्योंकि 21वीं सदी विज्ञान का युग है, विज्ञान हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका सतीश कुमार, चंचल द्विवेदी, प्रेमचंद प्रसाद, नरेश प्रसाद, सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता, नसरीन, चिंतामणि कुमारी, विभा रानी उपस्थित थी।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर पंचायत का उपचुनाव कल

स्वच्छ चुनाव के लिए क्षेत्र को दो सेक्टर, दो जोन व एक सुपर जोन में बांटा गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। कैमूर के नगर निकाय के चुनाव के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में 28 जून को मतदान कराने के लिए प्रशासन ने क्षेत्र को दो सेक्टर, दो जोन व एक सुपर जोन में बांटा है। कैमूर के मोहनियां नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 15 तथा कुदरा नगर पंचायत के वार्ड आठ में उप चुनाव कराया जा रहा है। सुपर जोनल, जोनल व मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी भी तैनात रहेंगे। सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के बारे में पूरी तरह से निर्देशित किया गया है जब तक इवीएम मतदान केंद्र से वज्रगृह तक नहीं पहुंच जाता तब तक सभी पदाधिकारियों को केंद्र के पास ही तैनात रहना है। मतदान के एक दिन पहले सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को सम्बंधित मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन व मतदान केंद्र पर कुर्सी, टेबल समेत अन्य सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। सम्बंधित मतदान केंद्र के आसपास वाहनों की जांच व आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चत करना व उल्लंघन का मामला आने पर अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

पुलिस ने तीन आरोपितों के घर इश्तेहार चिपकाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। स्थानीय पुलिस ने भभुआ न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को गुरुवार को आरोपियों के घर पर चिपकाया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि भभुआ न्यायालय से क्षेत्र के चिलबिली गांव के झींगा खरवार पिता लल्लू खरवार, सोल्जर कुमार पिता पठवा खरवार व झींगा खरवार पिता लल्लू खरवार के खिलाफ इश्तेहार निर्गत किया गया है।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने ली शपथ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के पत्र के आलोक में गुरुवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रोहतास अनुज कुमार जैन की अध्यक्षता में सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, न्यायालय कर्मी एवं अधिवक्ताओं द्वारा शपथ लिया गया। जिला जज ने कहा कि मादक दवाओं का बढ़ता प्रयोग एवं उसकी अवैध तस्करी आज अंतराष्ट्रीय समस्या का रुप धारण कर चुका है। विशेष रुप से आज की युवा पीढ़ी नशा के तस्करों की बढ़ती धन लिप्सा का शिकार बन रही है। संयुक्त राष्ट्र ने इस बढ़ते अपराध एवं सामाजिक विघटन पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकृष्ट कराने एवं इस जघन्य अपराध के दुष्प्रभाव से आने वाली पीढ़ियों को बचाने के लिए 26 जून को मादक पदार्थों के सेवन एवं दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध विश्व औषधि दिवस अथवा अन्तर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। मौके पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बिरेन्द्र कुमार, अरविन्द, डा. संतोष कुमार, प्रहलाद कुमार, अमित कुमार शुक्ला, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास कुमार कृष्णदेव एवं न्यायिक पदाधिकारियों में तेजश्विनी जयसवाल सहित न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे।

तेतरा देवी के निधन पर प्रेस क्लब सहित समाजसेवी कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। कैमूर के पत्रकार विनोद कुमार राम की 90 वर्षीय माताश्री तेतरा देवी पति हरिचरण राम नगर परिषद भभुआ में मंगलवार को 10 बजे रात्रि में स्वर्गवास हो गया। पत्रकार विनोद कुमार राम के पुत्र उत्तर प्रदेश के जमनिया में मुखाग्नि अनिमेष कुमार उर्फ छोटू ने दिया। तेतरा देवी के निधन पर प्रेस क्लब कैमूर के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह, सचिव मनीष कुमार पांडे, वरिष्ठ पत्रकार बागेश्वर प्रसाद द्विवेदी, श्रीकांत पांडे, राजेश सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, रामजी गुप्ता, कृष्ण कुमार केसरी, विवेक कुमार सिन्हा, रविंद्र, अशोक कुमार सिंह, सत्यम कुमार उपाध्याय, कौशल किशोर पांडे, जितेंद्र सिंह, शब्बीर अहमद, रमाशंकर चौबे, श्यामसुंदर, दिनेश कुमार, शशि राज, यूनिवर्सल न्यूज एजेंसी चैयरमेन शशि कुमार, आवाज भारत के संपादक संतोष कुमार अम्बेस के साथ-साथ नगर परिषद सभापति सह बसपा नेता विकास तिवारी उर्फ बब्लू, समाजसेवी तनवीर अली, पूर्व चेयरमैन कैमूर सह अधिवक्ता डॉ प्रमोद सिंह यादव, जिला पार्षद मधु यादव, विनोद सिंह पुसौली, बसपा प्रदेश सचिव सह अधिवक्ता राम एकबाल राम, भाकपा माले कैमूर सचिव कामरेड विजय यादव, राजू सेठ, सत्य प्रकाश पाण्डेय, इम्तियाज अंसारी, वंश नारायण कनौजिया, शशि भूषण मिश्रा, जदयू नेता शशि कांत, जाम खान मंत्री प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार भास्कर, चैनपुर विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या कुमार, डॉ बाबूलाल राम, बांके बिहारी रंजन, डॉ बतिसा, महेंद्र राम, मुन्ना राम, सुरेश राम, पूर्व मुखिया रामकुमार राम, बसपा नेता संत लाल राम, डीलर यमुना राम, प्रकाश रंजन, पंकज कुमार, शिवराज सिंह, नौशाद अंसारी, सोहराब अंसारी, विनय कुमार, राकेश कुमार, अभिषेक कुमार, सासाराम लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी बसपा नेता संतोष कुमार, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सह जदयू कैमूर उपाध्यक्ष उजागर मुसहर उर्फ मूल्लू, कैमूर जिला पार्षद सह बसपा प्रदेश महासचिव विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने कहा कि आपकी मां कठिन परिस्थितियों में भी अपने परिवार को संबल प्रदान की है।

Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN: U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102
email:gm_mdnjseb@ahoo.in/ Telephone-06562-295539

2nd e-TENDER Time Extension Notice

Due to some unavoidable reasons e-tender Notice No.05/PR/JBVNL /2025-26 (Related with Vendar Empannelment), under Elecfric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

1	Availability of tender document on website	Upto 09.07.2025 17:00 Hrs.
2	Last date and time for submitting e-tender with online tender fee	Up to 09.07.2025 17:00 Hrs.
3	Date and time of opening tender	Date 11.07.2025 at 15:00 Hrs.

4.Tender Notice is also available on our website :www.iharkhandtenders.gov.in
5 For any clarification please contact: 9835574043
6 Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 352082
Sd/-GM-Cum-CE
Electric Supply Area, Medininagar

PR 356071 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D

Office of the Executive Engineer
Planning & Investigation Division, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, Third Floor, Doranda, Ranchi-834002
Email id :- eercdpiranchi-jhr@nic.in

Letter No- **Corrigendum-1** Date-

Tender Extension Notice

P.R No.- 355580 Road (25-26).D, (**e-Tender Ref. No RCD /PID /Ranchi /8/2025-26 (1st Call)**
Tender ID: **2025_CECOM_102530_1**

Due to Technical reason, a revised date and time for bid submission and bid opening are as follows :-

Sl. No.	Items	Date & Time
1	Start Date/Time of Bid Submission	28.06.2025, 17:30 PM
2	Last Date/Time of Bid Submission	14.07.2025, 12:00 PM
3	Date and Time of Bid opening	15.07.2025, 12:30 PM

All other terms and conditions will remain unchanged. For more information Please visit the Site-: http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Planning & Investigation Division
Road Construction Department, Ranchi.

PR 356052 Road(25-26)#D

INDIRA GANDHI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
(An Autonomous Institute of Govt. of Bihar)
Sheikhpura, Patna-800014 (Bihar, India)
Tel.: 0612-2297631, 2297099, Fax : 0612-2297225, Website : www.igims.org
E-Mail : director@igims.org

Quotation Notice No.: 13/2025-26/IGIMS/Store

Quotation Notice

IGIMS, Patna invites bids from eligible and qualified manufacturers or their authorized distributors / agents for the Supply of **Orthopedics Hospital Bed with Mattress** for the department of **Orthopedics.**

The last date of submission of bidding document along with EMD & Tender document fee is 16.07.2025 up to 4:00 P.M. The technical bids will be opened on 18.07.2025 at 3:00 P.M.

Details of terms and conditions can be seen and downloaded from Institute Website : **www.igims.org.**

The undersigned reserves the right to accept / reject any or all tenders without assigning any reason. Prospective bidders are advised to regularly visit **www.igims.org** for Corrigendum / amendments etc., if any. It will be notified on this portal only and no separate advertisement will be made in newspaper.

Sd/-
Director, IGIMS, Patna

कार्यालय :–जिला यक्ष्मा केन्द्र, गढ़वा।
Email Id:- dtojhgrh@rntcp.org
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2025

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम गढ़वा के अन्तर्गत प्रयोगशाला के लिए प्रयोगशाला सामग्री का क्रय किया जाना है, जिसके लिए इस सूचना के माध्यम से इच्छुक फर्म/प्रतिष्ठान से द्वि लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) सील बंद लिफाफे मे निविदा आमंत्रित की जाती है। सील बंद लिफाफे में निविदा दिनांक 26.06.2025 से दिनांक 05.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक कार्य दिवस में निबंधित डाक के माध्यम् से जिला यक्ष्मा केन्द्र, गढ़वा में जमा किया जा सकता है। दिनांक 09.07.2025 को 11:00 बजे अपराह्न में सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार कक्ष में निविदा खोली जाएगी। निविदा कागजात गढ़वा जिले के बेबसाईट http://garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,
जिला यक्ष्मा केन्द्र, गढ़वा।

PR 356043 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा।

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री

बिहारशरीफ में 23 बैट्री चालित ट्राईसाइकिलों का वितरण, बढ़ेगी पेंशन राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ (नालंदा)। राज्य सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। यह बात ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित ट्राईसाइकिल वितरण समारोह में कही। इस मौके पर 23 बैट्री चालित ट्राईसाइकिलों का वितरण दिव्यांगजनों के बीच किया गया। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी दिव्यांग अपनी अक्षमता के कारण पीछे न रह जाए।



ट्राईसाइकिल न केवल आवागमन का साधन है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का प्रतीक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र दिव्यांगों तक सहायता योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंचे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार द्वारा अब सभी वृद्धजन, दिव्यांगजन और विधवा महिलाओं को 400 के स्थान पर 1100 मासिक पेंशन दी जाएगी। यह राशि हर माह की 10 तारीख को लाभार्थियों के खाते में भेजी जाएगी, जिससे राज्य के 1.09 करोड़ से अधिक लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, बाल्मीकि नगर सांसद सुनील सिंह कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, नगर अध्यक्ष जदयू नदीम ज़फर गुलरेज़, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कु. देव समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित थे। लाभार्थियों और परिजनों ने सरकार की इस पहल पर आभार जताया और इसे समाजिक न्याय की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

मुहर्रम में जुलूस के लिए लाइसेंस लेना जरूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। मुहर्रम पर्व को लेकर गुरुवार को गिरियक थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक गिरियक इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज एवं गिरियक थाना प्रभारी दीपक कुमार की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से की गई। बैठक में मुहर्रम में निकले जाने वाले जुलुस रूट सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। गिरियक सर्किल इंस्पेक्टर ने बताया कि जुलूस के लिए लाइसेंस लेना जरूरी है। वार्ड पार्षद नीतीश कुमार ने बताया कि पूर्व में लाइसेंस के लिए आधार कार्ड दिया गया था लेकिन प्रशासन के द्वारा 107 का नोटिस दे दिया गया। इस विषय को लेकर इंस्पेक्टर ने बताया कोई भी समस्या हो थाना में अपनी बात को रखें, उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मो. मुहर्रम पर्व को लेकर किसी असामाजिक तत्व के द्वारा कोई भी अगर घटना करता है तो तुरंत 112 पुलिस और गिरियक थाना को सूचना दें। कॉल करने पर आपके पास से 10 से 20 मिनट के अंदर पुलिस पहुंच जाएंगे। बैठक में मौजूद सभी लोगों से आपसी भाईचारा एवं शांति पूर्ण तरीके से मोहर्रम पर्व मनाने की अपील की। बैठक में सब इंस्पेक्टर विभाकर चैधरी, सब इंस्पेक्टर निशांत भूषण ज्ञानेंदु, सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, गिरियक मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विजय कुमार, गिरियक उपमुख्य पार्षद सिद्धेश्वर प्रसाद, रैतर मुखिया प्रतिनिधि बृजनंदन प्रसाद यादव आदि गण्यमान्य लोग शामिल थे।

डूबने से किशोरी की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। करायपरशुराय थाना क्षेत्र के बेलौधापर गांव के बीसकुरवा खंधा स्थित पानी भरे छिलका में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी टुन्नी यादव की 14 वर्षीया पुत्री लक्ष्मीनिया कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि लक्ष्मीनिया बुधवार की शाम घर के काम से बाजार गई थी। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। रातभर चिंता में बिताने के बाद गुरुवार की सुबह परिजनों को गांव के ही पानी भरे छिलका के पानी में उसका बाल नजर आया। संदेह होने पर जब लोग मौके पर पहुंचे और खोजबीन की, तो उसका शव पानी में तैरता हुआ मिला। करायपरशुराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

सर्पदंश से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। इसलामपुर थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव के टोला टुल्लू विगहा गांव मे सर्प दंश के कारण एक महिला की मौत हो गई। मृतका अशरफपुर गांव के टोला टुल्लू विगहा गांव निवासी विनोद यादव की पत्नी संजू देवी बतायी जाती है। इस घटना के संबंध में मृतक महिला के परिजनों ने बताया कि मृतका संजू देवी खेत में मुंग तोड़ रही थी कि उसी दौरान महिला को सांप ने काट लिया। सांप काटने के बाद परिजनों के द्वारा महिला को इलाज के लिए इस्लामपुर में निजी चिकित्सक के यहां लाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

पति ने की पत्नी की पीट-पीटकर हत्या, सास गिरफ्तार



मृतका के परिजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। चंडी थाना क्षेत्र के कोरूत गांव में एक महिला की उसके पति ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या का कारण शराब के लिए रुपये नहीं देना बताया जा रहा है। मृतका की पहचान कोरूत गांव निवासी साहेब मांझी की 30 वर्षीया पत्नी शोभा देवी के रूप में हुई है। मृतका के भाई ने बताया कि उसका बहनोई अक्सर शराब पीने के लिए बहन पर मायके से रुपये लाने का दबाव डालता था। कई बार शोभा देवी ने अपने मायके से रुपये मंगाकर उसे दिए भी थे। लेकिन 23 जून को जब उसने रुपये देने से इंकार कर दिया, तो गुस्से में आकर पति ने लाठी-डंडे से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना की सूचना पर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और शोभा देवी को गंभीर हालत में इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया। लेकिन इलाज के दौरान बुधवार देर शाम उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस ने बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर मृतिका की सास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

12 प्वाइंट पर लगे सीसीटीवी कैमरे



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। हरनौत बाजार की सड़कों व चौक-चौराहों की पल-पल की गतिविधियों की 'तीसरी आंखें निगहबानी करेंगी। चौक-चौराहों के 12 प्वाइंट पर सीसीटीवी (क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन) कैमरे लगा है। कैमरों की स्थापना समेत अन्य पर 20 लाख रुपये खर्च कि गई है। अब नगर पंचायत में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रण किया जाएगा। ईओ सुमन सौरभ ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए 12 प्रमुख स्थान चिन्हित हैं। उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने बताया कि इससे महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा, अपराधों को रोकना और असामाजिक तत्वों पर नजर, कैमरों की फुटेज को स्टोर और मॉनिटरिंग, गतिविधियों पर नजर रख कर अप्रिय घटना की निगरानी, पुलिस प्रशासन को अनुसंधान व जांच में सहायता समेत अन्य लाभ होंगे।

स्थानांतरण पर शिक्षिका को दी गई भावभीनी विदाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले के काशीचक प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय गोनरबीघा में 18 वर्षों से कार्यरत शिक्षिका के स्थानांतरण पर विद्यालय परिवार की ओर से समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। गुरुवार को विद्यालय में समारोह आयोजित किया गया। शिक्षिका शीला कुमारी का स्थानांतरण नवादा सदर प्रखंड में हो गया है। स्थानांतरण के उपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामानुज कुमार की अध्यक्षता में शिक्षकों ने विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया और स्थानांतरित हुए शिक्षिका शीला कुमारी को फूल माला पहनाकर उन्हें विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रामानुज कुमार ने शिक्षिका शीला कुमारी की तारीफ करते हुए कहा की पदस्थापना से लेकर अब तक उनके कार्य बहुत ही सराहनीय रहा। लगभग 18 वर्षों तक विद्यालय से जुड़कर पठन-पाठन का कार्य कराया। विद्यालय में आपसी सामंजस बनाने में भी शीला कुमारी का काफी योगदान रहा। उनके द्वारा किए गए कार्य को विद्यालय परिवार नहीं भूल पाएगा। इस दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार, साधन सेवी कुंदन मिश्रा एवं शिक्षिका रेखा कुमारी सहित अनेक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

लोकनायक जेपी की धरती से बिहार सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। नवादा एवं गोविंदपुर के पूर्व विधायक दम्पत्ति कौशल यादव एवं पूर्णिमा यादव ने कहा कि नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति अब सही नहीं हैं। चंद चाटुकार लोगों ने उनकी बुद्धि हर ली है। जिसके कारण बिहार का विकास गति पूरी तरह ठप हो गया है। पूरे बिहार में प्रशासनिक शक्ति हावी है। ब्लॉक से लेकर थाना तक दलालों का कब्जा है। बिहार में नीतीश सरकार में लोगों के बीच डर एवं भय का वातावरण कायम हो गया है। पूरे बिहार में हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। जिससे निजात दिलाने के लिए पूरा बिहार एवं बिहार के नौजवान अपने भविष्य तेजस्वी यादव की ओर देख रहा है। एवं उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के लिए बेताब हैं। उक्त बातें उन्होंने गुरुवार को



पूर्व मुखिया छोटेलाल यादव की अध्यक्षता एवं पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन के मंच संचालन में कौआकोल प्रखण्ड के ऐतिहासिक लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। पूर्व विधायक कौशल यादव ने कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत दो माह से वे लगातार गोविंदपुर एवं नवादा विधानसभा के जनता एवं मतदाताओं के सम्पर्क में रहने के बाद मिले रुझान एवं निर्देशों का पालन करते हुए आगामी 9 जुलाई को नवादा के आईटीआई मैदान में बिहार के भविष्य व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की मौजूदगी में पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव एवं पूर्व एमएलसी सलमान रागीव एवं हजारों कार्यकर्ताओं के साथ राजद में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि अकेले कौआकोल प्रखण्ड से 25 हजार कार्यकर्ता समेत नवादा जिला से एक लाख लोग इस मिलन समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कौशल यादव एवं उनके परिवार ने 1967 से सदैव जिला में खासकर गोविंदपुर विधानसभा में जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर राजनीति किया है। यही कारण है कि यहां के लोगों के साथ उनका नेता का नहीं बल्कि बेटा एवं भाई का पारिवारिक सम्बंध है। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष पूर्व वे राजद में भी रहकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया। परन्तु कुछ आस्तीन के सांप के कारण राजद सुप्रीमों लालू यादव से उनका राजनीतिक रुप से दूरी बन गई। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव युवा हैं,और युवा का कोई जाति नहीं होता है। वे सदैव हर समाज,वर्ग एवं धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। अपने सम्बोधन के दौरान उन्होंने स्थानीय विधायक पर भी अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि महज पांच वर्षों में ही वे जनता से काफी दूर हो गए हैं। इसके पूर्व आश्रम पहुंचने पर पूर्व विधायक दम्पत्ति ने लोकनायक जेपी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष सह प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव, उपप्रमुख नवीन यादव, मुखिया दीपक सिंह, बिनोद यादव, रवि चन्द्रवंशी, कांति देवी, पूर्व मुखिया राजकुमारी देवी, महमूद आलम,पूर्व जदयू अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह समेत हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर निकाली प्रभातफेरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार एक जागरूकता रैली (प्रभात फेरी) का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व अमरनाथ कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा द्वारा किया गया। प्रभात फ़ेरी समाहरणालय नवादा परिसर से आरंभ होकर भगत सिंह चौक तक निकाली गई, जिसका उद्देश्य आमजन में नशा के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रभात फ़ेरी के दौरान विभिन्न विभागों के कर्मियों, छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों ने नशा मुक्ति के संदेश से युक्त तख्तियों एवं नारों के माध्यम से जनमानस को प्रेरित किया। इस अवसर पर



सामाजिक सुरक्षा कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर सतीश चन्द्र रजक सहायक प्रशासी पदाधिकारी, विवेकानन्द शर्मा प्रधान सहायक, गोरख कुमार नाजीर, साजन पासवान लिपिक, अमित सिंहा कार्यपालक सहायक, सोनी कुमारी एवं संजीत मेहता डाटा इन्ट्री ऑपरेटर उपस्थित थे। कार्यक्रम की कड़ी में, समाहरणालय परिसर में ग्रामीण गौरव विकास दूत, नवादा कला जत्था के टीम के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों द्वारा नशा से होने वाले सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक दुष्परिणामों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से उपस्थित दर्शकों को नशा से दूर रहने एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा दी गई। यह आयोजन जन-जागरूकता एवं समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा।

कोर्ट से फरार कैदी चंदन कुमार दोबारा गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा (नालंदा)। हिलसा कोर्ट में पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ कैदी आखिरकार पुलिस की पकड़ में आ गया है। फरार होने के तीन दिन बाद बुधवार की रात पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हिलसा थाना क्षेत्र के त्रिलोक विगहा गांव निवासी अर्जुन यादव का 19 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार 30 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार हुआ था। उसे 23 जून को न्यायिक प्रक्रिया के तहत हिलसा कोर्ट में प्रस्तुत किया जा रहा था, तभी वह हथकड़ी सहित पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। फरारी के बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी। बुधवार की रात चंदन कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार को उसे पुनः हिलसा व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, शराब बरामदगी के मामले के अलावा चंदन कुमार पर दो अन्य प्राथमिकियां भी दर्ज हैं। पुलिस अब इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है कि आरोपी पुलिस अभिरक्षा से कैसे फरार हुआ।

फूच्चू बाबू की स्मृति में बेटे ने व्यवहार न्यायालय में लगाया वाटर कूलर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ता व आमजनों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आरओ वाटर कूलर की शुरुआत जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार झा ने फीता काटकर किया । कार्यक्रम में



जिले के सभी न्यायाधीश सहित अधिवक्ता शामिल हुए। शीतल पेय संयंत्र वरीय अधिवक्ता राघवेंद्र नारायण सिंह उर्फ फूच्चू बाबू की स्मृति में उनके पुत्र वैदेही भूषण उर्फ सोना बाबू ने लगाया है। इसका लोकार्पण करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार झा ने बताया कि गर्मी में हमारे अधिवक्ताओं तथा न्यायालय कार्य में आये आगंतुकों को पेयजल के लिए परेशानी थी, जो वाटर फिल्टर से दूर हो गया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा महासचिव अरविंद सिंह समेत अन्य सदस्यों ने भी खुशी जाहिर की है। लोकार्पण बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश के नेतृत्व में न्यायाधीश तथा अधिवक्ताओं के बीच बैठक की गयी, जिसकी अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता रोहित सिन्हा ने की। कार्यक्रम में अधिवक्ता गौरी शंकर सिंह, अजीत कुमार, सुमन कुमार, नवीन कुमार आदि अधिवक्ताओं के अलावे डॉ सावित्री शर्मा, रविन्द्र कुमार, डॉ साधु शरण आदि शामिल रहे।

प्रशांत किशोर 28 को रोह आएंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर आगामी 28 जून को जिले के रोह में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

जनसुराज के प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बिहार बदलाव यात्रा के दौरान होने वाली पीके की इस जन सभा में पूर्व मंत्री श्री केबी.यादव सहित लगभग एक दर्जन गणमान्य लोग जनसुराज का दामन थामेंगे।

प्रशांत किशोर नालंदा जिला के इस्लामपुर में आयोजित सभा के उपरांत खरांट मोड़, वारिसालीगंज, बाघी बड़डीहा और कादिरगंज थाना मोड़ होते हुये रोह पहुंचेंगे और रोह बाजार से पदयात्रा करते हुए मंड़रा



खेल मैदान में बनाये गये सभा मंच पर संध्या 4 बजे पहुंचेंगे तथा आयोजित जन सभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि पीके के आगमन को लेकर गोविन्दपुर विधान सभा क्षेत्र में ब्यापक उत्साह देखा जा रहा है और बिहार बदलाव के इस अभियान को आम लोग सकारात्मक रूप में देख रहे हैं।पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार 'चुन्नु', जिला प्रभारी डा.मधुकर सिंह,राज्य कोर कमिटी के सदस्य इन्द्रदेव कुशवाहा, अभियान समिति के अध्यक्ष सूरजदेव वर्मा,महिला अध्यक्ष गायत्री देवी, किसान अध्यक्ष मनोज सिंह,जिला प्रवक्ता गुलाम मुस्तफा, विधान सभा प्रभारी मो. मखदूम इस्लाम, प्रवीण सिंह चंद्रवंशी, मो.कलाम, स्वीटी सिंह, राहुल कुमार, जिला महासचिव उमेश चंद्रवंशी, त्रिवेणी सिंह और डा. रविंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें बनायी गयी है और यह टीमें रोह, रूपौ, कौआकोल और गोविन्दपुर थाना क्षेत्रों में ब्यापक जनसम्पर्क अभियान चला रही हैं तथा इस टीम के नेताओं द्वारा आम लोगों को इस बदलाव सभा में शामिल होने का न्योता दिया जा रहा है।

विकास की सोच रखने वाले जनप्रतिनिधि का करें चुनाव : डॉ अनुज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नवादा की मतदाताओं को जागरूक करने के लिये चर्चित शिक्षाविद, गरीबों के हमदर्द, समाजसेवी डॉ अनुज सिंह के द्वारा बीते मंगलवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। सदर प्रखंड के पछियाडीह एवं ओढ़नपुर में अपने समर्थकों के साथ जन संवाद किया। जहां उन्होंने जनसंपर्क यात्रा की शुरुआत ग्राम पछियाडीह के मांझी टोला से किया। वहां पहुंचने के बाद पांचू मांझी के नेतृत्व में सैकड़ों महादलित समाज के लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जहां जनसंवाद करते हुए कहा कि नवादा विधानसभा के शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार एवं सुरक्षा के लिए समर्पित यह जनसंपर्क यात्रा चलाई जा रही है। इन सभी चीजों में सुधार तभी होगा जब आप सब मतदाता मिलकर एक मजबूत व कर्तव्यनिष्ठ जनप्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। आज भी हमारा नवादा विधानसभा राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर से पिछड़ा हुआ है। खास करके नवादा विधानसभा के दलित एवं महादलित वर्ग पूरी तरह से आज पीछे हैं। समय-समय पर इन्हें रोजगार के लिए यहां से बाहर जाना पड़ता है। यह सब यहां के जनप्रतिनिधि के कमजोरी का परिणाम है। आप तमाम मतदाताओं से अपील है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में मेरे हाथों को मजबूत बनाएं ताकि आपकी समस्याओं को दूर किया जा सके। उसके बाद पूरे गांव में पदयात्रा कर बड़े बुजुर्गों महिलाओं से मिलकर सहयोग करने की बात कही। ग्रामीणों में से रामचरित्र सिंह उपस्थित लोगों से अपील किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में विकास को लेकर डॉ अनुज सिंह के हाथों को मजबूत बनाने का काम करेंगे। फिर सभी ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना एवं यथा संभव समाधान का भरोसा दिया।

कांग्रेस नेता डॉ0 केपी सिंह के नेतृत्व में निकाला पदयात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। बिहार परिवर्तन पदयात्रा के तहत गोविंदपुर विधानसभा के कौआकोल प्रखण्ड में गुरुवार को कांग्रेसी नेता डॉ. केपी सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार युवा कांग्रेस के प्रभारी मो0 शाहिद मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गोविंदपुर विधानसभा समेत पूरे बिहार में बेरोजगारी,पलायन एवं अपराध की बढ़ोतरी चरम सीमा पर है। ऐसे में कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन ही बिहार में एकमात्र विकल्प है वहीं गोविंदपुर विधानसभा से भावी प्रत्याशी डॉ0 केपी सिंह ने कहा कि अब तक के विधायकों ने यहां की जनता को ठगने का काम किया है। पद यात्रा जोगाचक गांव से निकाली गई, जो बिझो मार्ग से होते हुए रानीबाजार सूर्य मंदिर तक निकाली गई। मौके पर मिलन चन्द्रवंशी, कमलेश सैनी, अनुज कुमार चन्द्रवंशी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन 28 जून को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने जानकारी दी है कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 28 जून 2025 (शनिवार) को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई. परिसर), नवादा में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार कैम्प में M/S B05 ग्लोबल सर्विस प्रा. लि., पटना (बिहार) द्वारा मशीन ऑपरेटर के 25 रिक्त पदों पर बहाली की जाएगी। इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक



योग्यता मैट्रिक (10वीं), इंटरमीडिएट (12वीं), आई.टी.आई. या डिप्लोमा निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 17,500 मासिक वेतन के साथ ईपीएफ, ईएसआईसी जैसी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। कार्यस्थल गुजरात, गोवा, हैदराबाद एवं तमिलनाडु में निर्धारित है। पात्रता हेतु आयु सीमा 18 से 30 वर्ष रखी गई है। रोजगार कैम्प का आयोजन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक किया जाएगा। इच्छुक आवेदक/आवेदिकाएं अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, पहचान पत्र की छायाप्रति, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि केवल एन.सी.एस. पोर्टल पर निबंधित अभ्यर्थी ही इस कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी अभी तक निबंधित नहीं हैं, वे स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में जाकर निबंधन कराकर कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं।

डीएम ने गठित कार्य समितियों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा सदस्यों के साथ की बैठक

पितृपक्ष मेला के सफल संचालन हेतु 19 कार्य समितियों का गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। पितृपक्ष मेला महासंगम 2025 के सफल आयोजन हेतु जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा गठित कार्य समितियां के वरीय प्रभारी पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा सदस्यों के साथ जिला परिषद सभागार में बुधवार की शाम बैठक हुई इसमें आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि मेला के सफल संचालन हेतु 19 कार्य समितियां का गठन किया गया है जिसके लिए प्रत्येक कोषांग में वरीय प्रभारी पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा सदस्यों के रूप में समाजसेवी/पंडा समाज को शामिल किया गया है। बैठक में डीएम ने बारी-बारी से सभी गठित समितियां के वरीय प्रभारी पदाधिकारी से पूर्व वर्ष के कार्य अनुभव तथा इस वर्ष और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने हेतु उनके कार्य योजना के बारे में जानकारी प्राप्त किया। आवासन कोषांग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी डीडीसी को नामित किया गया है। उन्होंने पूर्व वर्ष में किए गए कार्यों के बारे में बताया। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी आवासन स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं यथा शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्युत इत्यादि क्षमता के अनुसार हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवसान स्थल के लिए एक प्रभारी तथा एक सहायक को प्रतिनियुक्त करें, जो प्रतिदिन संबंधित आवासन स्थल की मूलभूत सुविधाओं का प्रतिवेदन उपलब्ध कराएगा ताकि किसी प्रकार की समस्या होने पर प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि पूर्व में जिस आवासन स्थल पर भवन, विद्युत तथा जल जमाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई होंगी, वैसे आवासन स्थल को हटाकर दूसरे का चयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी आवासन स्थल को मेला के पूर्व पूर्णताः साफ सफाई तथा रंग रोगन करवाने हेतु निर्देश दिया। साफ सफाई कोषांग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी नगर आयुक्त, गया नगर निगम गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में संपूर्ण मेला क्षेत्र को 60 सेक्टर में बांटा गया तथा 24 घंटे सफाई कर्मी की प्रतिनियुक्ति पालिवार की गई थी। डीएम ने निर्देश दिया कि मेला अवधि में प्रत्येक स्तर पर समुचित साफ सफाई के लिए मैनपॉवर के लिए निविदा करना सुनिश्चित करेंगे, जो सड़क, नाली, शौचालय, घाट/तालाब इत्यादि की साफ-सफाई लगातार करते रहें। साथ ही साथ सेक्टरवार साफ सफाई की पर्यवेक्षक हेतु एक सुपरवाइजर की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि विष्णुपद मंदिर तथा अन्य घाटों पर जाने वाले पहुंचपथ में आवश्यकतानुसार मोबाइल टॉयलेट अथवा जगह होने पर अस्थाई/स्थाई शौचालय का निर्माण करना सुनिश्चित करेंगे। जलापूर्ति एवं स्वच्छता कोषांग तथा सड़क एवं नाली मरम्मती कोषांग के वरीय प्रभार में नगर आयुक्त, नगर निगम गया है। कोषांग की समीक्षा में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी घाटों/तालाबों के आसपास पेयजल हेतु पीएचईडी द्वारा लगाए जाने वाले वाटर टैंकर तथा प्याऊ की पानी की प्रतिदिन सैंपल जांच करवाना सुनिश्चित करेंगे।यदि किसी प्याऊ अथवा वॉटर टैंकर का पानी अशुद्ध पाया जाता है, तो उसे तुरंत बंद करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र के मुख्य सड़कों, पहुंच पथ तथा नाली की समुचित साफ-सफाई तथा मरम्मति का कार्य मेला प्रारंभ होने के पूर्व करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र के मुख्य सड़कों तथा पहुंच पथ में जहां भी अतिक्रमण किया गया है, उसे अतिक्रमणमुक्त कराया जाए। स्वास्थ्य कोषांग के वरीय प्रभार में एडीएम (आपदा) को नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में सभी आवसान स्थल पर स्वास्थ्य कैंप बनाया गया था तथा 92 चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी आवासन स्थल पर फॉगिंग हो तथा एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए।

नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय भारत सरकार के तहत नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ सहायक निदेशक दिव्यानगंज सशक्तिकरण अविनाश कुमार, एसडीसी अंकुर कुमार, धनराज कुमार, निकिता कुमारी के नेतृत्व में समाहरणालय से नशा मुक्त भारत अभियान का गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान गया शहर के विभिन्न जगहों पर कर्मियों के द्वारा जन जागरूक अभियान चलाकर नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। गया जिला के सभी 24 प्रखंडों में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने नशा मुक्त करने का संदेश दिया और नशा से होने वाले शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान के बारे में कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है।

एक नजर

डीएसपी ने गुरपा थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार को डीएसपी वजीरगंज के द्वारा गुरपा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में संधारित समस्त संचिकाओं एवं अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर उन्हें अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत उन्होंने गंभीर शीर्ष के लंबित कांडों, वारंट, इश्तिहार एवं कुर्की की शीघ्रता से निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होंने संपूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर उसकी साफ-सफाई एवं समुचित रख-रखाव हेतु भी दिशा-निर्देश जारी किए।

चोरी की ऑटो के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज(गयाजी)। क्षेत्र में गुरूवार को चोरी के ऑटो के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि एक माह पूर्व रूदई गांव से एक ऑटो की चोरी हो गई थी जिसे केनारचट्टी से एक व्यक्ति के साथ बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति टनकुप्पा थाना क्षेत्र निवासी पिंटू यादव है जो ऑटो चला रहा था। पीड़ित को बुलाकर वाहन का सत्यापन एवं नम्बर का मिलान कर लिया गया है। पीड़ित व्यक्ति रूदई निवासी सुरेन्द्र राजवंशी हैं जिसने अपने दिये आवेदन में बताया है कि वह बीते 20 अप्रैल की रात को अपने घर के आगे आंगनबाड़ी केन्द्र के सामने ऑटो खड़ा किया था, सुबह उठकर देखा तो वह गायब था।

नशीले उत्पादों का सेवन नहीं करने का लिया शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार गुरुवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय दिवस के सुअवसर पर फैमिली जज सुनील कुमार वर्मा, जिला एवं अपर न्यायाधीश 1, शशिकांत ओझा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरविंद कुमार दास के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय गया परिसर में सभी न्यायिक पदाधिकारियों और व्यवहार न्यायालय कर्मचारियों और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारियों ने किसी भी प्रकार के नशीली उत्पादों का सेवन नहीं करने का शपथ लिया। साथ ही इससे होने वाले हानिकारक प्रभावों से लोगों को अवगत कराने का संकल्प लिया।

सिकड़ियां मोड़ से मेडिकल कॉलेज तक ऐलिवेटेड रोड की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन से राजेन्द्र प्रसाद स्कालरशिप एवं वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा विष्णु पदचिन्ह एवं पुष्प गुच्छ प्रदान किया गया। अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने ट्रस्ट क्रियाकलापों की संक्षिप्त जानकारी मंत्री को दी कि कैसे ट्रस्ट गरीब व मेधावी बच्चों की मदद समर्पित भाव से करने की कोशिश करता है। साथ ही एक स्मारपत्र भी सौंपा जिसमें सिकड़िया मोड़ से मेडिकल कॉलेज तक एलिवेटेड रोड का निर्माण की मांग की जिससे मरीजों के आवागमन सुलभ हो सके जिसे मंत्री ने पूरा करने का अश्वासन दिया। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्य प्रभात शंकर, उपेन्द्र सिन्हा, सुनिल सिन्हा, पीबी चरन, राजेश सहाय, विभूति, कुमार गौरव व नवीन बिहारी उपस्थित थे।

बस सुविधा और छठ घाट का विधायक ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक डॉ अनिल कुमार ने विश्वनाथपुर से गया तक बस सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने खवासपुर गांव में छठ घाट का भी उद्घाटन गुरुवार को किया। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ अनिल कुमार ने कहा कि विश्वनाथपुर से गया तक बस सुविधा के उद्घाटन से यात्रियों को अब आसानी से आवागमन करने में मदद मिलेगी। इससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और वे अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए आसानी से बस का उपयोग कर सकेंगे। वहीं, चबूरा मुखिया संजय यादव ने कहा कि खवासपुर गांव में छठ घाट के उद्घाटन से छठ व्रतियों को सुविधा होगी। वे अब इस पवित्र घाट पर अपनी पूजा-अर्चना कर सकेंगे। छठ घाट के निर्माण से गांव के लोगों में खुशी की लहर है और वे अपने त्योहारों को और भी उत्साह से मना सकेंगे। डॉ अनिल कुमार के प्रयासों से क्षेत्र में विकास की गति तेज हो रही है। बस सुविधा और छठ घाट के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा और वे अपने दैनिक जीवन में इसका अनुभव कर सकेंग

अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर सीयूएसबी में परिचर्चा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी(गयाजी)। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 2025 के अवसर पर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए कानूनी और सामुदायिक दृष्टिकोण रोकथाम के लिए एकजुट विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस और स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नशीली दवाओं के दुरुपयोग से जुड़े विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सत्र की अध्यक्षता करते हुए एसएलजी के प्रमुख और डीन प्रो. अशोक कुमार ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरे को दूर करने में कानूनी जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस नशीली दवाओं से मुक्त दुनिया के लक्ष्य की दिशा में कार्रवाई और सहयोग को प्रोत्साहित करता है।

मुर्गीपालन स्वरोजगार का अच्छा साधन : उप महानिरीक्षक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी द्वारा नागरिकों के कल्याण हेतु चार दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एसएसबी गया के उप-महानिरीक्षक मानवेन्द्र सिंह, एसएसबी 29वीं वाहिनी के कमांडेंट एवं तपेश्वर संबित राऊत मौजूद रहे। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र मानपुर गया जी में किया गया। परीक्षण कार्यक्रम 23 जून से 26 जून तक निर्धारित था। इस प्रशिक्षण में वाहिनी के समवाय क्षेत्रों (गया, औरंगाबाद एवं लखीसराय जिलों) से कुल 21 बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि मुर्गी पालन स्वरोजगार का अच्छा साधन है इससे हम छोटे स्तर से शुरुआत कर वृहद स्तर तक पहुंच सकते हैं साथ ही अगर हम मुर्गी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर मुर्गी का व्यवसाय करते हैं तो मुर्गी का देखभाल अच्छी तरह कर सकते हैं। इस व्यवसाय को पेशेवर तरीके से करने हेतु उनके पालन पोषण व उनमें होने वाली बीमारियां से बचाव के बारे में जानकारी होना व उचित प्रशिक्षण होना आवश्यक है। इस कार्यक्रम के दौरान 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के डॉक्टर मनोज कुमार राय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र, मानपुर गया जी रविशंकर कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी अजय कुमार वाजपेयी, उप कमांडेंट, डॉक्टर अशोक कुमार, वैज्ञानिक (प्रसार शिक्षा) कृषि विज्ञान केंद्र, मानपुर गया जी डॉक्टर अनिल रवि कुमार, वैज्ञानिक (पशुपालन) कृषि विज्ञान केंद्र, मानपुर गया जी एवं अन्य बल कर्मी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति जागरूकता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग की ओर से प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. सहदेब बाउरी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति जागरूकता दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रीति शेखर एवं डॉ शुचि सिन्हा ने छात्राओं को नशासेवन एवं नशीली दवाओं की तस्करी जैसी समस्याओं से अवगत कराया। सुश्री शेखर ने नशासेवन के दुष्परिणामों को सविस्तार समझाते हुए युवाओं को नशासेवन से दूर रहने की बात कही। कहा कि पीयर प्रेशर में आकर ड्रग एडिक्शन की लत का शिकार नहीं बनना चाहिए। डॉ शुचि सिन्हा ने नशा सेवन को हृदय तथा फेफड़ों के रोग, कैंसर और मानसिक बीमारियों में बढ़ोतरी के लिए जिम्मेदार ठहराया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने कहा कि नशासेवन तन और मन दोनों को क्षति पहुंचाता है। नशा हमें शारीरिक और मानसिक रूप से असंतुलित कर डालता है। युवतियों को शराब सेवन एवं नशीले पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने कहा कि समाज में अधिकतर अपराध नशे की हालत में ही घटित होते हैं। नशे की हालत में हम होश में नहीं रहते और अपराध कर बैठते हैं। नशे से किसी भी समस्या का हल नहीं निकलता। समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं। डॉ रश्मि ने सुंदर, स्वस्थ एवं अपराधमुक्त समाज के लिए नशामुक्ति को अति आवश्यक बताया।

संघ के अधिकारियों ने तुलसी पौधा लगाने पर दिया बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



टिकारी। एकल अभियान टिकारी संच की मासिक अभ्यास वर्ग टिकारी स्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांगण में आहूत किया गया। आहूत अभ्यास वर्ग का आगाज भारत माता, माता सरस्वती के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि के साथ माता सरस्वती के वंदना से किया गया। आहूत वर्ग में नव चयनित आचार्य-आचार्या के बीच ब्लैकबोर्ड, चौक का वितरण किया गया। सभी से मासिक रिपोर्ट लिया गया। संच के अधिकारी गण ने सभी आचार्य आचार्या को इस वर्षा ऋतु को देखते हुए अपने-अपने केंद्र सहित घर पर तुलसी का पौधा लगाने पर बल दिया गया। मौके पर संच अध्यक्ष गणेश प्रसाद, संच सचिव शिव बल्लभ मिश्र, संच कोषाध्यक्ष रामनिवास ठाकुर, संच प्रमुख महेश कुमार, ब्यास आशुतोष कुमार मिश्र सहित आचार्य आचार्या में तन्नू कुमार, राजभूषण प्रसाद, ज्ञानति कुमारी, रजनी कुमारी, रंजू कुमारी, रेशमी कुमारी, बेबी कुमारी, अविनाश कुमार, ज्योति पाठक, अनिता देवी सहित 30 केंद्र के सभी आचार्य-आचार्या गण उपस्थित रहे।

महादलित टोला के ग्रामीणों ने की पथ निर्माण की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। ग्राम पंचायत आंती के विभिन्न गांवों में पथ निर्माण को लेकर महादलित टोला में ग्रामीणों ने मांग की है। मुखिया सुनीता कुमारी ने बीडीओ बिपुल भारद्वाज को मांग पत्र गुरुवार को लिखा है। यह मांग डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के बैनर तले लगाए गए शिविर में की गई थी। महादलित टोला के ग्रामीणों ने पथ निर्माण की मांग करते हुए कहा कि गांव में सड़क की स्थिति बहुत खराब है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने मांग की कि गांव में जल्द से जल्द पथ निर्माण किया जाए। मुखिया सुनीता कुमारी ने ग्रामीणों की मांग पर संज्ञान लेते हुए बीडीओ बिपुल भारद्वाज को मांग पत्र लिखा है जिसमें ग्राम पलांकी में मध्य विद्यालय से उप स्वास्थ्य केंद्र तक, ग्राम आंती जमालपुर पथ से बांध पर महादलित टोला तक, ग्राम आंती रोड से पांडे खाप महादलित टोला तक पथ निर्माण कार्य शामिल है। उन्होंने बीडीओ से पथ निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

बताया गया है कि डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के बैनर तले लगाए गए शिविर में ग्रामीणों ने पथ निर्माण की मांग की। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाता है। उम्मीद है कि जल्द ही गांव में पथ निर्माण का काम शुरू होगा और ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। राष्ट्रीय महिला आयोग (नई दिल्ली) की अध्यक्ष विजया रहाटकर के द्वारा बुधवार को समाहरणालय परिसर के सभागार में पोश अधिनियम के अंतर्गत स्थानीय समिति (एलसी) के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया तथा यशोदा एआई कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के लिए प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया गया। प्रतिभागी महिलाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ज्ञान प्रदान किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, कार्यालय गया के सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग -आपके द्वार महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डीएम ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के आलोक में अर्हता तिथि 01 जुलाई 2025 के आधार पर निर्वाचन सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान केन्द्रों का युक्तीकरण कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। डीएम द्वारा सर्वप्रथम सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए निर्वाचन सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान केन्द्रों का युक्तीकरण कार्यक्रम को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। डीएम ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि अपने बीएलए को वोटर हेल्पलाइन ऐप की जानकारी भी उपलब्ध कराएं ताकि वह मतदाताओं को इसके संबंध में जागरूक कर सके। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक वोटर हेल्पलाइन ऐप का उपयोग करते हुए अहर्ता पूर्ण करने वाले छुटे हुए निर्वाचकों का दावा आपत्ति प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकांश मतदाता अपना नाम नगर निकाय के अंतर्गत पंजीकृत करवा लेने के पश्चात भी अपने पैतृक स्थान पर भी अपना नाम मतदाता सूची से नहीं हटवाते हैं अतः अपने-अपने बीएलए के माध्यम से इसकी जांच करवाते हुए मतदाताओं को जागरूक करेंगे कि मतदाता सूची में कहीं एक ही स्थान पर ही अपना नाम दर्ज करवाए। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि 18 - 19 आयु वर्ग के छूटे हुए मतदाताओं के पंजीकरण एवं महिला पुरुषों के लिंगानुपात जनसंख्या के लिंगानुपात के समतुल्य करने के प्रयास में सहयोग करें। दिव्यांगों की पहचान कर उनको पंजीकृत करने में भी सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु निर्वाचकों के बीच अपने स्तर से भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने कहा कि एनआरआई की पहचान कर उनके नाम पंजीकृत करने हेतु भी प्रयास में सहयोग करें। डीएम ने कहा कि मृत एवं स्थानांतरित निर्वाचकों के नाम नियमानुसार विलोपित करने में अपने बीएलओ के माध्यम से सहयोग करें ताकि निर्वाचन सूची की शुद्धता में अपेक्षित वृद्धि हो सके।उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

Govt. of Bihar

URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PARISHAD AURANGABAD
Invitation for Bids

Invite Tender vide NIT No. 06/2025–26

The Executive Officer, Aurangabad Nagar Parishad, Bihar invites online Tender in two bid system (Eligibility and Financial) on Engineering, Procurement and Construction (EPC) Mode basis from eligible firms/contractors of repute for the following work:

Start of Bid/Downloading of RFP Document.	From 05.07.2025 (10.00 AM) www.eproc2.bihar.gov.in
Last Date of Online Bid Submission	14-07-2025 Till 5.00 PM.
Pre-bid Meeting	08-07-2025 Till 12.00 PM. At Nagar Parishad office, Aurangabad
Period during which hard copies of documents shall be physically submitted.	16-07-2025 Till 1.00 PM At Nagar Parishad office, Aurangabad
Time & date of online opening of documents. (Mandatory documents) Technical bid	16-07-2025 Till 3.00 PM
Time & date of online opening of Financial bid	After decision of Technical Bid.

Sl. No.	Name of the Work	Estimated Project Cost (In Rs.)	Bid Security/ EMD (2%) (In Rs.)	Cost of Bid Document (In Rs.)	Plant Capacity (In TPD)
1.	Design, Build, construct, install, and Commissioning of Material Recovery Facility (MRF) Plant of 10 TPD for Dry /fresh Waste along with operation and maintenance of the plant for 5 years on EPC Mode.	260,23,300.00	520,000.00	10,000.00	Applicable for 10 TPD
Periods of Bids Validity		**120 Days**			

The bid forms and other detail scan be seen& downloaded from the website portal https://www.eproc2.bihar.gov.in.

- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e internet payment gateway (Credit/Debit Card), Net banking, NEFT /RTGS in favour of Executive officer Nagar Parishad Aurangabad.
- The RFP Maybe Postponed, modified or Cancelled at any time due to administrative reasons and No Claim shall be entertained on this account.

This information is available on **www.state.bihar.gov.in/prdbihar also**

Executive Officer
Aurangabad Nagar Parishad

PR. No. 007091 (B&C) 25-26

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर0टी0ई0) के अंतर्गत सत्र 2025–26 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट के विरूद्ध रिक्त सीटों पर नामांकन से संबंधित सूचना

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या–237 दिनांक–16.02.2016 के अनुपालन में गैर सरकारी सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के (क्रमशः 1 कि0मी0, 3 कि0मी0, अंततः 6 कि0मी0 दूरी सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशक्त बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय रू0 72,000.00 से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है। जिसके निमित्त प्रथम चरण में विद्यालयों में नामांकन के उपरान्त 243 सीट रिक्त है। रिक्त सीटों पर इच्छुक अभिभावक आवेदन कर सकते हैं।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि (क) पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे, (ख) अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए पालक/अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र, निःशक्त बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा, (ग) प्रवेश कक्षा 1 में नामांकन हेतु 5 वर्ष 6 माह से 7 वर्ष के बीच होगी एवं (घ) उम्र की गणना 31 मार्च 2025 होगी। आवेदन कार्यालय के वेबसाईट https://rtegarhwa.in पर ऑनलाईन 02.07.2025 से 17.07.2025 तक भरा जायेगा।

आवेदन पत्र एवं प्रमाण पत्रों के सत्यापन के क्रम में कोई भी गलत प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने की पूरी जवाबदेही संबंधित पालक/अभिभावक की होगी तथा दावेदारी निरस्त कर दी जायेगी। आवेदन हेतु निम्न तालिका के कॉलम 02 में विद्यालय का नाम अंकित है। कॉलम 04 में प्रवेश कक्षा/कक्षाओं में कुल सीटों की संख्या एवं कॉलम 05 में आर0टी0ई0 नामांकन हेतु 25 प्रतिशत सीट की संख्या तथा कॉलम 06 में रिक्त सीटों की संख्या अंकित है।

क्र. सं.	विद्यालय का नाम एवं पता	प्रखण्ड	कक्षा 01 की क्षमता	25 प्रतिशत कोटा के तहत निर्धारित सीट	द्वितीय चरण में रिक्त सीट
01	02	03	04	05	06
1	बी.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल, नवादा मोड़, गढ़वा	गढ़वा	120	30	7
2	जी0एन0 कॉन्वेन्ट स्कूल	गढ़वा	40	10	10
3	साउथ प्वाईंट पब्लिक स्कूल, गढ़वा	गढ़वा	40	10	9
4	शांति निकेतन स्कूल, तिलदाग, गढ़वा	गढ़वा	40	10	7
5	ब्राईट फ्यूचर स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा	गढ़वा	40	10	9
6	बी0पी0डी0ए0भी0 पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा	गढ़वा	40	10	10
7	ए0आर0डी0 पब्लिक स्कूल, नहर रोड, विशुनपुर, गढ़वा	गढ़वा	40	10	0
8	जेम्स मिशन स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा (नियर रेलवे स्टेशन)	गढ़वा	40	10	10
9	कौटिल्य विद्यालय, खजुरी, गढ़वा	गढ़वा	40	10	10
10	सी0पी0 मेमोरियल स्कूल, सहिजना, गढ़वा	गढ़वा	80	20	7
11	जे0पी0एस0 सेन्ट्रल स्कूल, पटेल नगर, दीपवां, गढ़वा	गढ़वा	60	15	15
12	आर0के0 पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा	गढ़वा	80	20	18
13	ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, टंड़वा, गढ़वा	गढ़वा	40	10	6
14	मिशन म0वि0 भण्डरिया	भण्डरिया	40	10	2
15	एस0जी0एन0 मॉडर्न किन्डर गार्टेन, मेराल	मेराल	80	20	7
16	एस0डी0 मेमोरियल एकेडमी, मेराल	मेराल	50	12	8
17	एन0पी0एस0गुरूकुलम स्कूल, मेराल	मेराल	40	10	7
18	सरस्वती ज्ञान मंदिर, रंका	रंका	40	10	0
19	अपग्रेडेड नर्सरी इंग्लिस स्कूल, बुका, भवनाथपुर	भवनाथपुर	40	10	7
20	होलीफेथ पब्लिक स्कूल, डंडई	डंडई	80	20	20
21	सृजन पब्लिक स्कूल, डंडई	डंडई	80	20	19
22	आर0के0 पब्लिक, बंशीधर नगर उँटारी	नगर उँटारी	40	10	6
23	एम.के. इंटरनेशनल स्कूल, नगर उँटारी	नगर उँटारी	48	12	11
24	आर0के0 पब्लिक स्कूल, उंचरी मझिऑव	मझिऑव	40	10	8
25	ब्राईट स्टार पब्लिक स्कूल, बिरबल, सगमा	सगमा	120	30	30
	कुल–		1398	349	243

इच्छुक अभिभावकों से आग्रह है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय के लिए ऑनलाईन आवेदन करेंगे जो उनके पास–पड़ोस में अवस्थित है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
अतएव जिले के सभी आमजनों से अनुरोध है कि सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना के तहत बच्चों के निःशुल्क शिक्षा हेतु ऑनलाईन नामांकन के लिए अधिकाधिक व्यक्तियों को प्रेरित करेंगे।

नोट :–
1. आवेदकों की सुविधा हेतु झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गढ़वा के प्रवेश द्वार के सामने हेल्प डेस्क

संपादकीय

शिक्षा की कीमत पर फलता - फूलता दुनिया का रक्षा बजट

इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कक्षा के भीतर छात्र छाता लगाकर पढ़ाई करते दिखाई दे रहे हैं. वीडियो प. बंगाल के हुगली जिले में स्थित पंचपाड़ा प्राइमरी स्कूल का बताया जाता है, बारिश में जिसकी छत टपकने से 68 बच्चे क्लास में छाता लगाकर पढ़ने को मजबूर हैं. 1972 से चलने वाले इस स्कूल के तीन कमरे गिर चुके हैं और चौथा भी बेहद जर्जर हालत में है. दूसरी ओर थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2024 में दुनिया ने रक्षा पर 235 लाख करोड़ रु. खर्च किए. मतलब हर साल प्रति व्यक्ति 29 हजार रु. खर्च हो रहा है. जबकि भारत के रक्षा बजट के मुकाबले यह औसत 47 हजार रु. प्रति व्यक्ति है. उधर पीआरएस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत के बड़े राज्य शिक्षा पर औसतन प्रति व्यक्ति 5300 रु. खर्च कर रहे थे. यानी शिक्षा के मुकाबले हर व्यक्ति की रक्षा पर आठ गुना से भी अधिक व्यय हो रहा है! दुर्भाग्य से हमारे देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर की सरकारों के लिए प्राथमिकता अब शिक्षा नहीं बल्कि रक्षा बजट हो गया है. शासक अपना दबदबा बनाए रखने के लिए दुनिया में भय बढ़ाते हैं, जबकि शिक्षा से निर्भीकता आती है. दुनिया में जितने भी युद्ध होते हैं उनके पीछे अहंकारी शासकों का भय ही होता है. रूस ने नाटो में शामिल होने के भय से यूक्रेन पर हमला किया तो यूक्रेन रूस के भय से नाटो में शामिल होना चाहता था. इजराइल और अमेरिका ने परमाणु बम के भय से ईरान को तबाह किया, जबकि ईरान बार-बार कहता रहा कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है! विडम्बना यह है कि सुशिक्षित मनुष्यों से राजनेता सबसे ज्यादा खतरा महसूस करते हैं. ट्रम्प का हार्वर्ड जैसे शिक्षा संस्थानों पर नकेल कसने की कोशिश करना अकारण नहीं है. सरकारें लोगों को जागरूक नागरिक के बजाय सिर्फ उपभोक्ता बनाकर रखना चाहती हैं ताकि अपने निहित स्वार्थों को पूरा करने के लिए बिना किसी बड़े जनप्रतिरोध के हजारों-लाखों लोगों को युद्ध में धकेल सकें. उपभोक्ता सामग्रियों की आज हमारे पास भरमार होती जा रही है. मनोरंजन के इतने साधन जुटा दिए गए हैं कि ज्यादा पैसा खर्च किए बिना भी हम ऐशो-आराम में डूबे रह सकते हैं. लेकिन इसकी कीमत कहां चुकानी पड़ रही है, क्या हमें इसका अहसास है? जनता अगर जागरूक होती तो क्या यह संभव था कि कोई एक खामनेई, नेतन्याहू, जेलेंस्की, पुतिन या ट्रम्प अपने पूरे देश को युद्ध में झोंक पाता? इनमें से कोई भी नेता आज अगर मारा जाए तो उसके पूरे देश की विदेश नीति पलटते देर नहीं लगेगी. सौभाग्य से सरकार की बैसाखियों के बिना भी लोग शिक्षा को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठा रहे हैं. मणिपुर में कुछ युवाओं ने 'बुक कल्चर नॉर्थईस्ट' की शुरुआत की है. पिछले दो वर्षों से हिंसा व असुरक्षा के माहौल में रह रहे मणिपुर के लोगों को ये पुस्तक मेले भारी मानसिक राहत प्रदान कर रहे हैं और शायद इसीलिए दूर-दराज के इलाकों में आयोजित होने वाले पुस्तक मेलों में भी भारी भीड़ उमड़ रही है. इससे उत्साहित इन युवाओं ने मणिपुर के बाद अब असम और नगालैंड में भी इन पुस्तक मेलों का आयोजन शुरू कर दिया है. इधर महाराष्ट्र के सातारा जिले के भिलार गांव ने एक अनूठी प्रथा शुरू की है. गांव के लोग शादियों के तोहफे में अब सिर्फ किताबें देते हैं और अब तक वे लाखों रुपए की किताबें खरीदकर गिफ्ट कर चुके हैं. अब तो इसे 'पुस्तकों का गांव' कहा जाने लगा है. जब तक पंचपाड़ा जैसे स्कूल के बच्चे जर्जर होती इमारतों में भी पढ़ने की अपनी जिद नहीं छोड़ेंगे, बंदूकों के साये में भी पूर्वोत्तर की तरह युवा पुस्तक मेले लगाते रहेंगे और भिलार जैसे गांव के लोग उपहार में किताबें देते रहेंगे, तब तक बारूद के ढेर पर बैठी दुनिया के भी बचे रहने की उम्मीद बनी रहेगी.

मध्य पूर्व संकटः इजराइल-ईरान संघर्ष से सबक

इजराइल के ऑपरेशन राइजिंग लॉयन और जवाब में ईरान के ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 ने पश्चिम एशिया में पहले से ही उबाल ला दिया है. दोनों पक्षों की ओर से हमले जारी हैं, एक पक्ष हवाई शक्ति से और दूसरा मिसाइलों से हमले कर रहा है, जो उनकी मुख्य ताकत हैं. बुनियादी ढांचे का विनाश और नागरिक हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है. युद्ध की शुरुआत करने वाला इजरायल ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को खत्म करने या रोकने के अपने उद्देश्यों को हासिल करने में असमर्थ रहा है. इजराइल के अचानक हमले के बाद ईरान ने बदला लेने की कसम खाई और वह इजराइल पर मिसाइल हमले कर रहा है. इस मौजूदा संघर्ष के बीच, कई सबक हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय हैं. ईरान दुनिया में सबसे अधिक प्रतिबंधित देशों में से एक है, जिसके कुछ ही सहयोगी हैं. वहीं इजराइल गाजा पर लगातार हमले के बावजूद, जिसके कारण हजारों मौतें हुई हैं, फिर भी अमेरिका उसे समर्थन के साथ सशस्त्र की आपूर्ति कर रहा है. इसके पीछे तर्क यह है कि इजराइल के पास कथित दुश्मनों से खुद की रक्षा के लिए साधन होने चाहिए. यह क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखने वाला एक प्रमुख अमेरिकी सहयोगी है. ऑपरेशन राइजिंग लॉयन को अमेरिका की मौन स्वीकृति थी.

मेजर जनरल हर्षा काकर



किसी देश के करीबी सहयोगी इस बात पर निर्भर करते हैं कि वह लक्षित देश की घरेलू राजनीति को प्रभावित करने में कितना सक्षम है. अमेरिकी यहूदियों सहित इजराइल के समर्थक अमेरिका की घरेलू राजनीति में अहम भूमिका निभाते हैं. इसके अलावा, तेल अवीव आम तौर पर वॉशिंगटन की अनुमति से काम करता है. इस प्रकार, इजराइल के लिए अमेरिकी समर्थन निरंतर बना हुआ है. इजराइल ट्रंप को सबसे सहायक अमेरिकी राष्ट्रपति मानता है. ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका का प्रवेश इसी बात को उजागर करता है.

ईरान, चीन और रूस के साथ अपनी बढ़ती निकटता के बावजूद, सीमित सैन्य लेकिन बड़े पैमाने पर कूटनीतिक समर्थन हासिल कर सकता है, जिसका मतलब इजराइल के लिए वॉशिंगटन से सैन्य समर्थन की तुलना में बहुत कम है. भारत, अमेरिका का एक रणनीतिक सहयोगी होने के बावजूद, बहुत कम समर्थन प्राप्त करता है. वॉशिंगटन में भारत का प्रभाव तेल अवीव की तुलना में काफी कम है, भले ही दिल्ली ने वॉशिंगटन में हाई-प्रोफाइल पैरवीकारों (द्यश्चड्ढड्ढ4द्वह्लह्लह्य) को नियुक्त किया हो. इसके अलावा, भारत के कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का अमेरिका के लिए भू-राजनीतिक महत्व है, जो अंततः भारत को मिलने वाले समर्थन को प्रभावित करता है. ऐसे सहयोगी हैं जो अतार्किक परिस्थितियों में सैन्य हस्तक्षेप का वादा करते हैं, जो उनके समर्थन का मजाक उड़ाता है. पाकिस्तान ने कसम खाई है कि वह इजराइल पर तभी हमला करेगा जब वह ईरान पर परमाणु हथियार दागेगा, जो कि असंभव है. हालांकि, इस्लामाबाद ईरान पर हमला करने के लिए इजराइल की आलोचना करता है, लेकिन वह अमेरिकी विमानों को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति देता है, जो अमेरिका और इजराइल दोनों के हित में है.

संघर्ष में राष्ट्रों का दृष्टिकोण निजी हितों पर आधारित होता है, कभी सामूहिक हितों से नहीं. पाकिस्तान के दबाव में इस्लामिक देशों के संगठन के कुछ सदस्यों ने इजराइल की निंदा की. उनमें से कई देशों ने इजराइल के लिए बनाई गई ईरानी मिसाइलों का विरोध दिया, जो कथनी और करनी में दोगलापन दिखाता है. कई ने इजराइल को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति दी. यह भी संभव है कि पाकिस्तान अमेरिका को ईरान को निशाना बनाने के लिए अपने हवाई ठिकानों का उपयोग करने की अनुमति दे.

दूसरी ओर, भारत ने ईरान पर इजराइली हमले की आलोचना करने वाले एससीओ के बयान का समर्थन करने से इनकार कर दिया क्योंकि भारत के तेल अवीव और तेहरान दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध हैं. यूरोप और अमेरिका दोनों के दबाव के बावजूद, भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान की तरह तटस्थ रास्ता अपनाया. इसी तरह, अमेरिका और यूरोप ने पहलगाम आतंकवादी घटना के प्रति सहानुभूति जताई, लेकिन आतंकवादी हमले के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराने से परहेज किया. सभी देशों के लिए, अच्छा नियम यह है कि उनकी समस्याएं उनकी अपनी हैं, जब तक कि उनका असर दूसरों पर न पड़े. यूक्रेन को यूरोप का समर्थन प्राप्त है क्योंकि यह उनकी सुरक्षा को प्रभावित करता है, लेकिन एशिया और अफ्रीका के देशों ने इसे काफी हद तक नजरअंदाज किया है. जब लीक से हटकर काम किया जाता है तो सफलता में तेजी आती है. उन्नत सैन्य कार्रवाइयों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में समय लगता है. यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब और इजराइल के ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के एक हिस्से में विरोधी के इलाके से ड्रोन और मिसाइलों को लॉन्च करना शामिल था, जिसमें वायु रक्षा प्रणालियों को दरकिनार किया गया और सटीकता के साथ नजदीकी सीमा से महत्वपूर्ण संपत्तियों को नष्ट किया गया. एक और उदाहरण लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल का पेजर ऑपरेशन था. ऐसे ऑपरेशन जोखिम से भरे होते हैं. स्पाइडर वेब को डेढ़ साल लग गए, जैसा कि इजराइल ने ईरान के अंदर ड्रोन बेस स्थापित करने में किया था. जबकि इजराइल जानता था कि उसे किसी समय ईरान की परमाणु सुविधाओं से निपटना होगा, यूक्रेन ने योजना बनाने और लॉन्च करने के लिए चल रहे संघर्ष का फायदा उठाया.

ये ऑपरेशन तभी सफल हो सकते हैं जब उन्हें अंदर के असंतुष्टों का समर्थन प्राप्त हो. रूस के अंदर यूक्रेन समर्थक और युद्ध विरोधी कई समूह हैं, इसलिए ईरान के अंदर इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद का एक मजबूत नेटवर्क है. ईरान और रूस दोनों ही मामलों में आंतरिक खुफिया जानकारी विफल रही, जिससे ये ऑपरेशन सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए. बाहरी और आंतरिक दोनों तरह की खुफिया जानकारी पर जोर दिया जाना चाहिए. राष्ट्र विरोधी समूहों पर लगातार नजर रखने की जरूरत है.

युद्ध गतिज से गैर-गतिज की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें लंबी दूरी के हवाई हमलों पर जोर दिया जा रहा है, साथ ही मिसाइलों और ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है. इसके अलावा यह तथ्य भी है कि वर्तमान और भविष्य के संघर्षों में बहु-क्षेत्रीय ऑपरेशन शामिल होंगे. इजराइल ने ईरानी सैन्य नेतृत्व को इस धोखे के साथ निशाना बनाया कि वह फौरन ऑपरेशन शुरू करने वाला नहीं हैं, साथ ही साथ साइबर हमलों का भी इस्तेमाल किया. इजराइल ने अपने हवाई हमलों के साथ-साथ ईरान के भीतर असंतुष्ट समूहों के साथ अपने संबंधों का भी फायदा उठाया, ताकि शुरुआत में अप्रत्याशित सफलता प्राप्त की जा सके. ईरान और इजराइल सीमाएं साझा नहीं करते हैं, इसलिए गतिज ऑपरेशन नहीं हो सकते. लेकिन, सीरिया और लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ तेल अवीव की कार्रवाई भी काफी हद तक हवाई शक्ति से संचालित रही है, जिसमें सीमित घुसपैठें शामिल हैं. भारत का ऑपरेशन सिंदूर भी काफी हद तक गैर-गतिज ऑपरेशन रहा. इससे सैन्य हताहतों की संख्या सीमित हो जाती है, लेकिन अधिकांश मिसाइलों की सटीकता संबंधी सीमाओं के कारण अतिरिक्त क्षति बढ़ जाती है.

इसके अलावा वायु रक्षा का महत्व बढ़ रहा है और ऑपरेशन शुरू होने के साथ ही प्रतिद्वंद्वी की वायु रक्षा प्रणालियों को कुचलने की आवश्यकता है. इजराइल ने अक्टूबर 2024 के अपने पिछले हमलों और इस बार अपने पहले हमले में ईरान की वायु रक्षा क्षमताओं को काफी हद तक कम कर दिया था, जिसमें उसने 200 विमानों का इस्तेमाल किया. भारत ने पाकिस्तान पर हवाई हमलों की अपनी दूसरी लहर शुरू करने से पहले भी ऐसा ही किया था, जो आतंकी शिविरों के खिलाफ पहले हमले के बाद सीखे गए सबक का हिस्सा था.

सैन्य अभियानों में नुकसान होना एक अभिन्न अंग है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए. वर्तमान में संघर्ष में शामिल किसी भी देश में विपक्षी राजनीतिक दल यह मांग नहीं कर रहे हैं कि भौतिक नुकसान की घोषणा की जाए. केवल भारत में ही विपक्ष जीत के दावों को कमतर आंकने का काम करता है, केवल राजनीतिक लाभ के लिए. भारत को छोड़कर, राजनेताओं में परिपक्वता दुनिया भर में दिखाई देती है.

कविता

बिहार

बिहार को देखा है हमने
घुमा ही नहीं,समझा है हमने
अंदर तक जाना है हमने
दिल दिमाग को पढ़ा है हमने

बिहार बदनाम किया गया
मजदूरों की पहचान बताया गया
भ्रष्टाचार की खान समझाया गया
लहजे का गलत अर्थ लगाया गया

बिहार पावन भूमि है
उपजाऊ धरती है
मेहनतकशों की खान है
बुद्धिमानों की धरा है

राजनेताओं ने बिगाड़ दिया
लुटा और निचोड़ दिया
जातियों में बांध दिया
जो नहीं था, उसे ही बना दिया

कष्टों में रख फायदा उठाया
पढ़ाई को बर्बाद किया
जमीनों में फंसा दिया
युवाओं को भटका दिया

लूट खसोट को बढ़ावा दिया
पलायन को मजबूर किया
रोजगार को तरसा दिया
पूरे देश में बदनाम किया

बाढ़ ने मारा
गर्मी ने बेहाल दिया
ठंड ने हिला दिया
रही कसर नेताओं ने पूरा किया

दिल्ली की गाड़ी इन्हीं से चलती
बीमारू बता कर राज किया
धर्म जाति में बांट दिया
खुद कमा लिया,जन को बर्बाद किया

बिहारियों को समझना होगा
इनके मायाजाल से निकलना होगा
स्वयं का हित सोचना होगा
तभी नए बिहार का उदय होगा

बिहार बहुत अच्छा है
गुणों की खान है
उपजाऊ भूमि है
मेहनतकश लोग है

नया बिहार बनाना होगा
रोजगार वाला,उद्योग वाला
पढ़ाई लिखाई में अव्वल वाला
पलायन रोकने वाला,जाति से मुक्त वाला

- रवि तिवारी

जुलाई से सीबीएससी के स्कूलों में शुरू होगी मातृभाषा में पढ़ाई...

विश्व में जितनी भी भाषाएं हैं, वे मातृभाषा भी हैं। मां की बराबरी मां के अलावा कोई नहीं कर सकता, वैसे ही मातृभाषा की बराबरी भी कोई दूसरी भाषा नहीं कर सकती। केंद्रीय विद्यालयों में आरंभिक पढ़ाई मातृभाषा में कराए जाने का निर्णय निश्चित रूप से विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए लाभकारी तथा क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाला है। मगर अंग्रेजी मोह में डूबे अभिभावक रुकावट डाल सकते हैं, इसलिए उन्हें समझाना जरूरी है। नगरों-महानगरों से लेकर गांव-ढाणियों तक अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूल फैल गए हैं। अधिकतर अभिभावकों की यह मानसिकता बनी हुई है कि अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ा कर ही वे अपने अधूरे सपने बच्चों के माध्यम से पूरे कर सकेंगे। हिंदी या मातृभाषा के माध्यम से पढ़ेंगे तो वे पिछड़ जाएंगे।


बुलाकी शर्मा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने जुलाई से शुरू होने वाले शैक्षिक वर्ष 2025-26 से बच्चों की शुरूआती शिक्षा उनकी मातृभाषा में कराने का निर्णय लिया है। प्रारंभिक शिक्षा को बुनियादी चरण माना गया है, जिसमें दूसरी कक्षा तक के बच्चे शामिल हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के लागू होने के पश्चात इस बुनियादी चरण की शुरूआत हुई है। इससे पहले की शिक्षा नीति में केंद्रीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कक्षा एक से पढ़ाना शुरू होता था, किंतु अब उनका सीधे पहली कक्षा में नामांकन नहीं होता। इससे पहले बच्चों को तीन वर्ष 'प्री-प्राइमरी' यानी पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाई कराई जाती है। उसके बाद पहली कक्षा में प्रवेश मिलता है। इस तरह पांच वर्ष बुनियाद बनाने में लगते हैं, जिसमें प्री-प्राइमरी स्कूल के तीन वर्ष तथा कक्षा एक और दो के दो वर्ष।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में 5 जमा 3 जमा 3 जमा 4 का प्रारूप शामिल किया गया है। दूसरी कक्षा तक पहला चरण पांच वर्ष का, तीसरी कक्षा से पांचवीं तक तीन वर्ष का दूसरा, कक्षा छह से आठ तक तीन वर्ष का तीसरा और नौवीं से बारहवीं कक्षा तक चार वर्ष का चौथा चरण है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से पहले शिक्षा नीति-1986 लागू थी। उसमें 10 जमा 2 जमा 3 का प्रारूप था। पहली कक्षा में सीधे प्रवेश दिए जाने का उसमें प्रावधान था। तब प्री- प्राइमरी का चरण नहीं था। जबसे विद्यालयों में इस नए चरण की शुरूआत हुई है, तब से लगभग तीन वर्ष के बच्चे भी पढ़ने के लिए विद्यालय जाने लगे हैं।

हम जानते हैं कि ऐसे सुकोमल, मासूम और अबोध नन्हे बच्चे-बच्चियों का मन पढ़ाई में जल्दी से नहीं लगता। उनका मन घर में धमा-चौकड़ी मचाने, खेलने-कूदने, मौज-मस्ती करने में ज्यादा रमता है। कंधे पर बस्ता लटकाए विद्यालय जाते हुए उनके मन में घबराहट बनी रहती है। जब वे कक्षा में पढ़ना शुरू करते हैं और उन्हें शिक्षक उनकी मातृभाषा की जगह अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाते हैं, तब वे परेशान हो जाते हैं। जो पढ़ाया जाता है, उसे वे समझ नहीं पाते। जब उन्हें समझ ही नहीं आएगा, तो वे नया सीखेंगे भी कैसे। ऐसे में बच्चों की मनोस्थिति, उनकी सोचने-समझने व ग्रहण करने की सामर्थ्य और सीमाओं का नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पूरा ध्यान रखा गया है। उनकी पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी की जगह उनकी मातृभाषा रखने का व्यावहारिक और सराहनीय निर्णय लिया गया है।

वर्तमान में पूरे देश में तीस हजार से अधिक विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध हैं और इनमें से अधिकांश में पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी है। नन्हे बच्चों को सबसे



मुश्किल अंकगणित लगता है, लेकिन जब वे अंकों की पहचान, उनकी गिनती, जोड़ना, घटाना आदि अपनी मातृभाषा में सीखेंगे-पढ़ेंगे, तब उनके मन से गणित का भय दूर हो जाएगा और उनमें गणित सीखने की रुचि जागृत होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को आठवीं कक्षा तक पढ़ाई मातृभाषा, क्षेत्रीय या राज्य भाषा में कराने पर जोर दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए भारतीय भाषाओं के माध्यम से पढ़ाई का विकल्प होना चाहिए, ताकि वे अंग्रेजी भाषा के दबाव से मुक्त रह कर अपनी रुचि से पढ़ सकें।

विश्व में जितनी भी भाषाएं हैं, वे मातृभाषा भी हैं। मां की बराबरी मां के अलावा कोई नहीं कर सकता, वैसे ही मातृभाषा की बराबरी भी कोई दूसरी भाषा नहीं कर सकती। केंद्रीय विद्यालयों में आरंभिक पढ़ाई मातृभाषा में कराए जाने का निर्णय निश्चित रूप से विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए लाभकारी तथा क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाला है। मगर अंग्रेजी मोह में डूबे अभिभावक रुकावट डाल सकते हैं, इसलिए उन्हें समझाना जरूरी है। नगरों-महानगरों से लेकर गांव-ढाणियों तक अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूल फैल गए हैं। अधिकतर अभिभावकों की यह मानसिकता बनी हुई है कि अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ा कर ही वे अपने अधूरे सपने बच्चों के माध्यम से पूरे कर सकेंगे। हिंदी या मातृभाषा के माध्यम से पढ़ेंगे तो वे पिछड़ जाएंगे।

अभिभावकों को समझना होगा कि आरंभिक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होने से बच्चे सहजता से सीख लेंगे। पढ़ते, लिखते और सीखते उन्हें आनंद की अनुभूति होगी, मानसिक परेशानी नहीं। दरअसल, अंग्रेजी उनके लिए पराई भाषा है, मातृभाषा अपनी भाषा। यह ठीक है कि बच्चों को अंग्रेजी ही क्यों, अन्य भाषाएं भी सीखने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जितनी भाषाओं से उनका सरोकार बनेगा, उतने ही वे मानसिक और शैक्षणिक स्तर पर समृद्ध होंगे। पर, मातृभाषा में आरंभिक पढ़ाई कराने का तात्पर्य अंग्रेजी भाषा की उपेक्षा करना नहीं, वरन बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि पैदा करना है। अभिभावकों को मातृभाषा में पढ़ाई के महत्त्व को लेकर जागरूक करने के साथ ही अंग्रेजी माध्यम के निजी विद्यालयों में आरंभिक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा करने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। तभी बच्चे शुरूआती पढ़ाई अपनी मातृभाषा में कर सकेंगे और आगे चलकर अपने भविष्य को संवार सकेंगे।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिल सकता है।

वृषभ

आज अपने क्रोध पर नियन्त्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकान्त में आपको समय नहीं बिताना चाहिये। सोचे हुये कार्य देरी से पूर्ण होंगे।

मिथुन

अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का वातावरण सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

कर्क

आप महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक सम्बन्ध रहेंगे।

सिंह

आपको गैरकानूनी कार्यों से बचना चाहिये। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे।

कन्या

कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। अनावश्यक चिन्ता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। सन्तान के करियर को लेकर कुछ चिन्ता रहेगी।

तुला

व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक

कार्यशैली में परिवर्तन करना उत्तम होगा। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं।

धनु

विवाहेतर सम्बन्धों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिये। रिश्तेदारों पर आपको अधिक विश्वास नहीं करना चाहिये। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं।

मकर

बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है।

कुंभ

आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अचानक ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं।

मीन

नौकरीपेशा लोगों को सम्मान मिल सकता है। क्रोध और आडम्बर से आपको बचना चाहिये। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं। आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है।

ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों का किया जाएगा निरीक्षण

स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी को लेकर कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। सदर प्रखंड स्थित प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी कंकौल में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण की तैयारी हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत उदघाटन दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी मो मंजूर नसीर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सोमनाथ सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पूजा प्रियतम, निदेशक लेखा प्रशाशन एवं स्वनियोजन विवेक कुमार, जिला समन्वयक विश्वजीत कुमार सिंह, जिला सलाहकार सीबी एंड आईईसी आफताब आलम, जिला सलाहकार



एसएलडब्लूएम शशिकांत सिंह सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत के मुखिया, सभी पंचायत सचिव, सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक, प्रखंड स्तरीय स्वच्छता की टीम ने कार्यशाला में भाग लिया। मौके पर सभी ग्राम पंचायत के मुखिया को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण की जानकारी जिला समन्वयक विश्वजीत कुमार सिंह द्वारा दी गई। उन्हें बताया कि भारत सरकार की एजेंसी एकेडमी ऑफ मेनेजमेंट स्टडी लखनउ (एएमएस) के प्रतिनिधि द्वारा ओडीएफ प्लस मॉडल सत्यापित गाँवों का निरीक्षण करेंगी। जिसके लिए सभी पंचायत के मुखिया को अपने-अपने पंचायतों का कचरा प्रसंस्करण इकाई क्रियाशील कराने का निर्देश दिया गया। आफताब आलम द्वारा सभी मुखिया से पंचायतों में पैडल रिक्शा, ई-रिक्शा, सामुदायिक सोख्ता, नाला आउटलेट, जंक्शन चेम्बर, सामुदायिक शौचालय, घरेलु व्यक्तिगत शौचालय सहित गाँव में कही भी कुड़े कचड़े का ढेर नहीं हो इसकी व्यापक साफ सफाई भी कराने का अनुरोध किया। जिला सलाहकार शशिकांत सिंह ने कहा कि सभी स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक का मार्च एवं अप्रैल का सभी पंचायतों के खाते में भेज दिया गया है। साथ ही स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं स्वच्छता कर्मियों का प्राथमिकता पर आयुष्मान कार्ड बनवा दिया जाय। ज्ञात हो कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण का कार्य भारत सरकार से चयनित संस्था एकेडमी ऑफ मेनेजमेंट स्टडी लखनउ (एएमएस) के द्वारा 20 जून से 15 अगस्त के बीच विभिन्न प्रखंडों में ओडीएफ प्लस मडल सत्यापित गाँवों का निरीक्षण किया जायेगा। जिले में कुल 344 गाँव ओडीएफ प्लस मडल सत्यापित है। जहाँ सर्वेक्षण का कार्य एजेंसी के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

'छात्र युवा संसद' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए काफिला रवाना

जगदीशपुर/भोजपुर (नबिटा संवाददाता)। पटना के बापू सभागार में गुरुवार को आयोजित 'छात्र युवा संसद' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जगदीशपुर से काफिला पटना के लिए रवाना हुआ। इस काफिले में 66 वाहनों में सवार होकर छात्र, नौजवान और युवा पटना पहुंचे। एनएच-319 हरिगांव से विधायक रामबिशुन सिंह लोहिया ने राष्ट्रीय जनता दल के झंडा दिखाकर काफिले को रवाना किया। विधायक ने कहा कि 2025 में छात्र, नौजवान और युवा ही तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा और जदयू की सरकार ने पिछले 20 वर्षों में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथ में अब कलम होगा, तलवार नहीं। जब युवाओं के हाथ में कलम होगा तो बिहार विकसित बनेगा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ही युवाओं के भविष्य को संवार सकते हैं। बिहार के सभी जाति और धर्म के लोग तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्प ले चुके हैं।

एक नजर

महिला को पुलिस किया बरामद

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। नावकोठी पुलिस ने पिछले पांच मार्च को एक गांव से भगायी गयी विवाहिता को बुधवार को बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि विवाहिता का पति अपनी पत्नी के भगाये जाने संबंधी प्राथमिकी थाने में पांच मार्च को दर्ज करवायी थी। पुलिस बरामदगी को लेकर काफी सक्रिय भी रही किन्तु उसका पता नहीं चल पाया। मोबाइल लोकेशन व अन्य तकनीकी रूप से उसके वीरपुर में होने की सूचना मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विवाहिता को बरामद कर पुलिस अभिरक्षा में 183 के तहत बयान दर्ज करने के लिए न्यायालय भेज दिया है।

उपचुनाव के लिए चुनाव चिह्न आवंटित

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पंचायत उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों को प्रतीक चिह्न आवंटित कर दिया गया है। निर्वाची अधिकारी सह प्रखंड विकास अधिकारी चिरंजीव पांडेय ने बताया कि हसनपुर बागर पंचायत में सरपंच पद का चुनाव होगा। इसमें दो प्रत्याशी मैदान में हैं। इन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। अर्जुन पासवान को स्टोव छाप तथा रामाश्रय पासवान को मोटरसाइकिल छाप मिला है। वहीं इसी पंचायत के वार्ड नंबर चार के ग्राम कचहरी सदस्य के लिए भी दो प्रत्याशी मैदान में हैं। अब्दुस्सलाम को गुड़िया छाप तथा मो मुमताज को चापाकल छाप चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। 9 जुलाई को चुनाव तथा तथा 11 जुलाई को मतगणना संपन्न होगा।

पहसारा पूर्वी पंचायत में आशा का चयन

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के पहसारा पूर्वी पंचायत भवन में आशा चयन हेतु गुरूवार को आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा की अध्यक्षता मुखिया दिनेश यादव ने की। इस पंचायत के वार्ड संख्या 3 एवं 4 में आशा का पद रिक्त था। दोनो वार्ड की सम्मिलित आबादी तीन हजार से अधिक होने के कारण तीन आशा कार्यकर्ता के चयन हेतु प्रस्ताव दिया गया। सर्वसम्मति से प्रतिभा कुमारी पति रंजीत कुमार, संजु कुमारी पति दीपक कुमार एवं बेबी कुमारी पति स्व मुकेश कुमार का चयन किया गया। चयनित आशा का कार्यक्षेत्र परिसीमन कर बाद में निर्धारण किया जायेगा। मौके पर बीडीओ चिरंजीव पांडे, पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी, बीसीएम ऊषा कुमारी, एएनएम सीमा कुमारी, फैसिलिटेटर लक्ष्मी कुमारी, पंचायत सचिव रामविनय सिंह एवं वार्ड सदस्य आदि शामिल थे।

दो पंच व एक वार्ड सदस्य चुने गए निर्विरोध

गड़हनी/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को ले प्रखंड में दो पंच सदस्य व एक वार्ड सदस्य को ले पद खाली था। तीनों पद पर एक एक प्रत्याशी नामांकन किए है। तीनों पदों पर निर्विरोध चुने जाएंगे। पांच सदस्य को ले बराप में एक, हरपुर में एक व वार्ड सदस्य को ले बगवां पंचायत के वार्ड 3 खाली हुआ था। बराप में पंच सदस्य को ले मात्र एक प्रत्याशी मधुमति बाला देवी, हरपुर पंचायत में पंच को ले मंतोष कुमार पाण्डेय व वार्ड सदस्य को ले बगवां पंचायत में अभिषेक कुमार नामांकन किया था। तीनों प्रत्याशियों का स्क्रूटनी व कागज की जांच हो चुका है। अब तीनों प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिए जाएंगे।

बखरी नप वार्ड उपचुनाव का प्रचार थमा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। बखरी नगर परिषद् वार्ड पांच में 28 जून शनिवार को होने वाले वार्ड पार्षद पद उपचुनाव के लिए प्रचार थम गया है। सभी प्रत्याशियों ने अब अंतिम दौर में अपनी अपनी ताकतें झोंक दिए हैं। वही बताया जा रहा है कि यहां से चुनाव लड़ रहे दो प्रत्याशियों के बीच सीधा आमने सामने का मुकाबला है इसलिए दोनों ने अपनी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए एड़ी चोटी एक किए हुए हैं। इससे वार्ड का राजनीतिक पारा काफी चढ़ा हुआ है। चुनावी सरगर्मी के बीच सुबह से शाम तक प्रचार वाहन वार्ड के गली मुहल्लों में घूम रहे भोपू की प्रचार वाहन कि आवाजें गुरुवार शाम पांच बजे से एकदम से थम गयी है। अब चाय पान की दुकानों पर प्रत्याशियों के चाल चरित्र और उनकी ताकत से जीत हार के दावे किए जा रहे हैं। अब समर्थक चौक चौराहों पर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में हवा बनाने में जुटे हुए हैं। इसके लिए वे जनसंपर्क अभियान चलाकर एक परिवार और वोटर को अपने पक्ष में करने में जुटे हुए हैं। मालूम हो कि में संपन्न हुए नगर निकाय चुनाव में पहली बार शामिल सलौना के वार्ड पांच से अमृता कुमारी पति नंदन रजक पार्षद चुनी गईं थी। लगभग एक वर्ष पूर्व 2024 में वे शिक्षिक परीक्षा उत्तीर्ण की। शिक्षिका बनने के बाद उन्होंने वार्ड पार्षद के पद से त्यागपत्र दे दिया। तब से पार्षद का पद यहां रिक्त था। इसलिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उक्त पद के लिए यहां चुनाव कराया जा रहा है। इसके लिए कल यानि शनिवार 28 जून को मतदान होना है। इसके लिए यहां से दीपक कुमार और सुबोध कुमार पार्षद बनने की होड़ में हैं। दीपक को कलम दवात तो सुबोध को ढ़ोलक छाप चुनाव चिह्न आवंटित है।वहीं इस चुनाव के बाद परिणाम 30 जून को मनरेगा भवन में सुबह 8 बजे से शुरूकिया जाएगा।

भामाशाह सम्मान समारोह में एकजुट होगा तेली समाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। भामाशाह सम्मान समारोह में 30 जून को आयोजित होने वाले बिहार के हर कोने से पटना के बापू सभागार में होने वाले कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भामाशाह विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष नरेश साह, जनता दल युनाइटेड के प्रदेश महासचिव कंचन गुप्ता,पटना नगर निगम पार्षद राजु कुमार, भाजपा नेता विनोद साव देर शाम बखरी पहुचे। जहां इन नेताओ का साहु समाज के कार्यकताओं ने स्वागत किया। सम्मेलन की सफलता के लिए इन नेताओ ने बखरी के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क चलाया। भामाशाह विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष नरेश साह ने संतोषी नगर में समाजिक कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्य और अति पिछड़ा समाज के बीच सबसे बड़ी तेली की होने के बावजूद हमारा प्रतिनिधित्व कम है। जिसको हम एकजुट होकर ही प्राप्त किया जा सकता है। इस सम्मेलन के माध्यम से बिहार के तेली एकजुटता का परिचय देगें अपने अधिकार की मांग करेगें। मौके पर मौजूद भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नीरज नवीन ने बताया कि पटना के बापू सभागार में बिहार के दस हजार तेली युवा कार्यकता शामिल होगें जिसमे बेगूसराय जिले की सर्वाधिक भागीदारी होगी। जदयू की प्रदेश महासचिव कंचन गुप्ता ने साहु समाज की महिलाओ से अधिकाधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अह्वान किया। मौके पर भाजपा के उपाध्यक्ष संतोष साहु, समाजसेवी चिकित्सक डा आलोक, भाजपा नेता श्रवण साह, तैलिक वैश्य संघ के पारस साहु, पार्षद प्रतिनिधि युवा नेता कैप्टन कृष्णा, समाजिक कार्यकता ज्योति नवीन, राजीव, खुशी, रंजन, हिमांशु आदि समाजिक राजनैतिक कार्यकता उपस्थित थे।

राजकिशोर सिंह बने जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। गुरुवार को डुमरी स्थित विकास विद्यालय के सभागार में जिला भरोत्तोलन संघ के कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ। पर्यवेक्षक के रूप में बिहार भरोत्तोलन संघ के उपाध्यक्ष सह सीतामढ़ी जिला भरोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अतुल कुमार एवं निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में अमिय कश्यप उपस्थित थे। कुल ग्यारह सदस्य कार्यकारी समिति का चुनाव होना था। जिसके लिए केवल ग्यारह नामांकन फर्म ही सबमिट हुए। चूंकि जितने पदो पर चुनाव होना था। केवल उतने ही नामांकन उस पद पर आये। इसलिए सभी उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया



गया। निर्विरोध नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के नाम इस प्रकार है। राजकिशोर सिंह (अध्यक्ष), ड रजनीश भास्कर एवं अनुपमा सिंह (महिला) (उपाध्यक्ष), अभिषेक कुमार (सचिव), रोहन कुमार (कोषाध्यक्ष), गौरव आनंद एवं पंकज कुमार (संयुक्त सचिव) और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अमरजीत कुमार, देवानंद सिंह, शालिनी कुमारी (महिला) एवं खुशबु कुमारी (महिला) का चुनाव हुआ। पूर्व सचिव भूपति गौतम जो कि एसोसिएशन के एथलीट कमीशन के अध्यक्ष थे उनको कार्यकारी समिति में पदेन सदस्य शामिल किया गया।

नए पुलिस अधिकारी ने संभाला पदभार

जगदीशपुर/भोजपुर (नबिटा संवाददाता)। जगदीशपुर के नये एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था कायम रखना, अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाना, आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना एवं उनकी शिकायतों को सुनना उनकी प्राथमिकता है। एसडीपीओ ने आम लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था कायम रहे इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। गौरतलब है कि राजेश कुमार शर्मा का हाल ही में गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जगदीशपुर अनुमंडल में तबादला किया गया था।

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

न्यायिक पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने ली नशामुक्ति की शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को व्यवहार न्यायालय बखरी परिसर में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और नशा मुक्त वातावरण की स्थापना के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना था।इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज कुमार सिंह एवं जेएम फर्स्ट क्लास विशाल सिंहा ने न्यायालय परिसर में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं, अधिवक्ता लिपिकों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि वे स्वयं कभी भी नशीली दवाओं या मादक पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे तथा अपने परिवारजनों, परिचितों और समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।शपथ में यह भी कहा गया कि वे अपने कार्यस्थल, विशेष रूप से न्यायालय परिसर को नशा मुक्त बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे और अपने सहयोगियों को भी इस दिशा में प्रेरित करेंगे।कार्यक्रम के दौरान अभियोजन पदाधिकारी शर्मा प्रवीण कुमार राम रतन, अधिवक्ता राजकुमार, गौरव कुमार, मधुसूदन महतो, सुरेंद्र केसरी, नवल किशोर राय, संजीव कुमार, कृष्णा पासवान, मुजीबुर रहमान, पेशकार अजीत कुमार, गौतम भारद्वाज, आर्यन कुमार, सिस्टम सहायक संदीप कुमार, सुधांशु कुमार, दिलीप राम समेत अनेक न्यायालय कर्मी एवं अधिवक्ता मौजूद थे। सभी ने एकजुट होकर नशा के खिलाफ समाज में जागरुकता फैलाने का संकल्प लिया।

दूसरे दिन लिपिकों ने काली पट्टी बांध किया कार्य का निष्पादन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। 10 सूत्री मांगों को लेकर दूसरे दिन जिला सामान्य शाखा, कोईलवर, बिहिया, अगिआंव, बड़हरा के अंचल सह प्रखंड कर्मियों ने काला बिला लगाकर कार्य का निष्पादन किया। तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन के तहत भोजपुर लिपिक सहायक संवर्ग गोप गुट के जिला संयोजक बीके शुक्ला के नेतृत्व में जिले के सभी अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, डीडीसी कार्यालय, सहित अन्य कार्यालयों के लिपिको ने राज्य स्तरीय नेतृत्व के द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में दूसरे दिन काला बिला लगाकर कार्य किया। लंच टाइम में कार्यालय से बाहर निकल कर अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर नारे बाजी भी किये। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के राज्य सचिव उमेश कुमार सुमन ने कहा कि समाहरणालय सहायक की मांग शत प्रतिशत सही है। राज्य संवर्ग का गठन की प्रक्रिया से अलग रखा जाए। गृह जिला स्थान्तरित किया जाए, 09 जुलाई 2025 को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा, पुराना पेंशन लागू करने और 8 वां पे कमिशन आयोग का गठन किया जाए, प्रोन्नति 4 श्रम कोड को निरस्त किया जाए सहित अन्य मांग रखा गया है जिसे अविलंब समाधान किया जाए। बिला बांधने वालो में सोनू, विवेक, अमरेंद्र, सुराज, प्रभाकर, सतीश, दिनेश, विकी, कमलाकांत, बालेन्दु कुमार शुक्ला, निर्मल कुमार, जाकिर हुसैन, प्रकाश, राकेश , रबीन्द्रनाथ, अमन सोनी, सतीश, नीरज, दिनेश राम, सूरज पंडित समेत अन्य थे।

योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का डीडीसी ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



अररिया। उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अररिया रोजी कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद अररिया में चल रही जन उपयोगी महत्वाकांक्षी योजनाओं में प्रगति लाने हेतु समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निदेश दिये गये, ताकी महत्वाकांक्षी योजनाएं ससमय पूर्ण हो। उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अररिया द्वारा जिले में चल रही योजनाओं को जल्द पूर्ण किये जाने का निर्देश संबंधितों को दिया गया। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद अररिया, जिला अंकेक्षक प्रबंधक डी0आर0डी0ए0 अररिया, आंतरिक अंकेक्षक अररिया, कनीय अभियंता, तकनीकी सहायक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

कार्यशाला के माध्यम से दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मास्टर वालिंटियर तथा छात्रों का एकदिवसीय प्रशिक्षण-सह-संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय स्थित परमान सभागार अररिया में किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-संवेदीकरण कार्यशाला में मास्टर वालिंटियर के साथ साथ विभिन्न विद्यालय के बच्चों, गैर



सरकारी संस्था के प्रतिनिधि, सदर अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र के साइकोलॉजीस्ट आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन अररिया डॉ के. के कश्यप, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अररिया नितेश कुमार पाठक, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई अररिया शम्भू कुमार राजक, डीपीएम स्वास्थ्य अररिया संतोष कुमार सहित गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि, नशा मुक्ति केंद्र सदर अस्पताल के साइकोलॉजीस्ट एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने नशा के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ साथ इससे बचाव के भी कई सलाह दिये। इस अवसर पर कई बच्चों ने भी अपने विचार व्यक्त करने के क्रम में अपने अनुभव को साझा किया। मौके पर बुनियाद केंद्र के डीपीएम, जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार, साइकोलोजिस्ट शी शुभम कुमार आदि उपस्थित थे।

कल राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आयेंगे बखोरापुर मंदिर

दिव्यांगजनों व वृद्धों को बांटेंगे उपकरण, मंदिर कमिटी ने पूरी की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। जय मां काली मंदिर बखोरापुर बड़हरा भोजपुर में महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान 28 जून 2025 को समाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं कल्याणकारी कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति प्रदान कर दी है। राज्यपाल सचिवालय बिहार पटना से राज्यपाल के परिसहाय किरण कुमार मोरच याधव ने इसकी सूचना मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह को दिया है। जिसमें बताया गया है कि 28 जून के सुबह 11 बजे से 12 बजे तक महामहिम कार्यक्रम में सम्मिलित होने की स्वीकृति प्रदान कर दिया है। सूचना मिलते ही मंदिर ट्रस्ट तैयारी में जुट गया है। मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक सुनील सिंह गोपाल ने बताया कि महामहिम की मौजूदगी में मंदिर परिसर में दिव्यांगजनो व वृद्धजनों को एलिम्को व अन्य द्वारा ट्राई साइकिल, व्हील चेयर समेत अन्य 70 लाख का निःशुल्क उपकरण का वितरण किया जायेगा। इसकी तैयारी में मंदिर ट्रस्ट पूरी तरह से जुटा है। गौरतलब हो कि वर्ष 2019 में 10 अक्टूबर को मंदिर के प्रांगण में तत्कालीन सूबे बिहार के राज्यपाल फागु चौहान स्वास्थ्य कैंप में शामिल होने पहुचे थे। इसकी जानकारी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सह मौर्या होटल के डायरेक्टर बीडी सिंह ने दिया है।

महुदही में महिला ने की खुदकुशी

आरा। भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के महुदही गांव में अपने मायके में रह रही महिला ने गले में रस्सी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक महिला पुतुल देवी स्व रामानंद यादव की पुत्री है। उसकी शादी 20 वर्ष पूर्व सिन्हा थाना क्षेत्र के छिनेगांव निवासी छोटन यादव के साथ हुई थी। वह तीन माह पहले अपने मायके महुदही गांव आई थी। इस घटना की सूचना मायके वालो ने पुलिस को दी। सूचना के बाद सिन्हा थाना की पुलिस मौके पर पहुची। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की तैयारी में जुटी हुई थी। मायके वालो का आरोप है कि मृतका के ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जाता था। जिससे तंग आकर अपने मायके आई थी। अचानक यह घटना हुई। पुलिस विभिन्न एंगल से जांच में जुट गई है। मृतक महिला के दो पुत्र और दो पुत्री है। जिसमें आचल कुमारी 15 वर्ष, अनिष कुमार 13 वर्ष, अंशु कुमारी 10 वर्ष, अशिष कुमार 8 वर्ष है।

बीएलओ की बैठक में दिये गए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखंड के विमर्श कक्ष में आसन्न विधानसभा के पूर्व तैयारी को लेकर बीएलओ की बैठक गुरुवार को आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पांडे ने की। उन्होंने बताया की 1 जुलाई के आधार पर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य किया जाना है। मतदान केंद्रों का नये सिरे से गठन पुनरीक्षण पूर्व गतिविधि को विस्तार से समझाया। 1 अगस्त को निर्वाचक सूची का प्रकाशन होना है। इससे पूर्व मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन संशोधन युक्तिकरण एवं प्रस्ताव दो दिन के भीतर भेजना है। मतदाताओं के अधिकतम संख्या पर मतदान केंद्र का अलग से निर्माण होना है। जहां 1200 से अधिक मतदाता हैं वहां अलग मतदान केंद्र बनाये जाने का निर्देश दिया गया है। मतदान केंद्र के प्रारूप सूची की तैयारी 28 जून तक करना है। मतदान केंद्र के प्रारूप सूची का 30 जून को प्रकाशन किया जाना है। मतदान केंद्र के प्रारूप सूची पर दावा आपत्ति तथा निस्तार हेतु भी चुनाव आयोग के गाइडलाइन से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सीओ सूरज कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी, विभाकर कुमार, साकेत कुमार, कन्हैया कुमार, संतोष कुमार, संजय पासवान, राधा रमन पोद्दार, अमरेश कुमार, शैलेश कुमार सुधाकर, राम बहादुर यादव, शम्सुज्जोहा आदि शामिल थे।

पलायन, भ्रष्टाचार व बाढ़ पर सरकार विफल : सुरेन्द्र यादव

डॉ रणजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से दूसरी बार सांसद बने डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद यादव ने नवबिहार टाइम्स को दिए विशेष साक्षात्कार में राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि बिहार में गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा के कारण भारी पैमाने पर पलायन हो रहा है, लेकिन राज्य सरकार को इस दिशा में कोई दिलचस्पी नहीं है। डॉ. यादव ने दावा किया कि अगर कोई नेता इस समस्या पर गंभीरता से सोच रहा है, तो वे तेजस्वी यादव हैं। भ्रष्टाचार के सवाल पर उन्होंने कहा कि कुछ गिने-चुने अफसरों के पास अकूत संपत्ति है, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, क्योंकि उन्हें सत्ताशक्ति का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और कहा कि चौकसी मोदी, विजय माल्या, हर्षद मेहता जैसे घोटालेबाजों को इसी शासनकाल में देश को लूटने का मौका मिला। पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के मुद्दे पर डॉ. यादव ने कहा कि विपक्ष ने उस समय सरकार



को समर्थन दिया था, लेकिन केंद्र सरकार अमेरिकी दबाव में आकर सैन्य कार्रवाई को बीच में रोक दी, जो देश की संप्रभुता के साथ समझौता था। कृषि रोडमैप और किसानों की आय दुगनी करने की योजना को उन्होंने 'सिर्फ दिखावा' बताया। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री सिर्फ अपने गृह जिला नालंदा पर ध्यान देते हैं, जबकि बाकी राज्य उपेक्षित रह जाता है। उन्होंने तेजस्वी यादव को किसानों के लिए सबसे उपयुक्त नेता बताया और वादा किया कि उनकी सरकार आने पर वैश्विक कृषि मॉडल को बिहार में लाया जाएगा। बाढ़ और सुखाड़ के स्थायी समाधान पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि नदियों को जोड़ने की परियोजना पर वर्तमान सरकारें सिर्फ राजनीति करती हैं। उन्होंने वादा किया कि फल्गु और पुनपुन जैसी नदियों को छोटी नदियों से जोड़कर सिंचाई की उन्नत व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। जहानाबाद के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि वे कृषि आधारित उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास पर कार्य कर रहे हैं। शराबबंदी को लेकर उन्होंने सुझाव दिया कि गुजरात मॉडल की तर्ज पर नीति को नियंत्रण के साथ लागू किया जाए जिससे राजस्व भी मिले और युवाओं को सुरक्षित रखा जा सके। बेलागंज विधानसभा से अपनी संभावित दावेदारी पर उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र उनके दिल से जुड़ा है और वे शीर्ष नेतृत्व से अनुरोध करेंगे कि उन्हें एक बार फिर क्षेत्र की सेवा का अवसर दिया जाए। राज्य की कानून व्यवस्था पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने कहा कि मौजूदा शासन में अपराध नियंत्रण की कोई ठोस नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लचरता और राजनीतिक संरक्षण के कारण अपराधी बेखौफ हैं और आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी की सरकार आने पर कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जहानाबाद संसदीय क्षेत्र की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। क्षेत्र में नए विद्यालयों, महाविद्यालयों और अस्पतालों की स्थापना उनकी प्राथमिकता है, जिससे लोगों को बुनियादी सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले भी संसद में इन मुद्दों को जोरशोर से उठाया है और आगे भी उठाते रहेंगे। बेलागंज विधानसभा सीट को लेकर उन्होंने कहा कि यह उनका कर्मभूमि रहा है और यहां की जनता से उन्हें अपार स्नेह मिला है। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व ने अनुमति दी तो वे पुनः इस क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़कर अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता उन्हें फिर से सेवा का अवसर देगी।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रथ रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर, मोतिहारी में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी द्वारा 100 से अधिक एनसीसी और स्काउट-गाइड कैडेट्स को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाकर की गई। इसके बाद समाहरणालय परिसर से गांधी समाहरणालय तक प्रभात फ़ेरी और जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान स्काउट, गाइड एवं एनसीसी कैडेट्स ने नशा मुक्ति के संदेश से संबंधित नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। नारों में ड्रनशा छोड़ो, बोतल तोड़ो, घर को जोड़ो, ड्रनशा मुक्ति से आए खुशहाली, दूर होगी सबकी बदहाली जैसे संदेश गूंजते रहे।



कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में शपथ ग्रहण, कार्यशाला और पौधारोपण जैसे आयोजन किए जाएंगे, ताकि जिले को नशा मुक्त बनाने का संकल्प साकार किया जा सके। इसके साथ ही प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर फ्लैक्स और बैनर भी लगाए जा रहे हैं।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे एकजुट होकर नशा मुक्त पूर्वी चंपारण के निर्माण में भागीदार बनें। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, स्काउट एवं गाइड के जिला आयुक्त, जिला समन्वयक (सोशल), सहायक प्रशासी पदाधिकारी सहित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

तंबाकू, शराब और मादक पदार्थों से होता है कैंसर : जिला जज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार ने नशे के दुष्परिणामों पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि तंबाकू, शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। ये न केवल व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर करते हैं, बल्कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण भी बन



सकते हैं। नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने युवाओं से आह्वान किया कि वे खुद नशे से दूर रहें और समाज में भी इसके खिलाफ जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ने से न केवल व्यक्ति भविष्य सुधरेगा, बल्कि इससे पूरे समाज और राष्ट्र को इससे लाभ होगा। इस मौके पर न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, पारा लीगल वॉलंटियर्स और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

लूटकांड में शामिल दो आरोपितों को भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के मिश्रा बीघा मोड़ के समीप पूर्व में हुए लूटकांड का पुलिस ने उद्भेदन किया है। मामले में दो आरोपित को भी गिरफ्तार किया है। इस आशय कि जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व टेहटा थाना की पुलिस को सूचना मिली थी की घोसी थाना क्षेत्र के सुजीत कुमार अपनी बहन का तिलक चढ़ाने पांडाबिगहा जा रहे थे। इसी बीच मिश्रबिगहा मोड़ के समय 5 से 6 की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने उनसे 50 हजार रुपये नकद, सोने का चैन सहित अन्य सामान छीन लिया है। जिसमें टेहटा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान किया, मामले में पुलिस ने पूर्व में भी एक आरोपित को गिरफ्तार किया था, पुलिस ने उसी के निशानदेही पर घोसी थाना क्षेत्र के रहने वाले अमरजीत कुमार एवं राजकमल कुमार की गिरफ्तारी की है। मामले में थाना अध्यक्ष ने बताया कि बाकी लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

आर्द्रा नक्षत्र में खीर, दाल-पूरी और आम खाने की परंपरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। बिहार समेत पूरे उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्द्रा नक्षत्र के आगमन पर खीर, दाल-पूरी और आम खाने की विशेष परंपरा रही है। यह परंपरा महज खान-पान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक मान्यता जुड़ी हुई है। आर्द्रा नक्षत्र के दौरान इन पारंपरिक व्यंजनों का सेवन शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है। आर्द्रा नक्षत्र को वर्षा ऋतु की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि इस



नक्षत्र के साथ ही भारी वर्षा का सिलसिला शुरू हो जाता है, जिससे कृषि कार्य–विशेषकर धान की रोपाई–की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। इसी कारण, नक्षत्र के पहले दिन अधिकांश परिवारों में खीर बनाना एक परंपरा बन गई है। इस अवसर पर बाजारों में दूध और आम की मांग में भी अचानक इजाफा हो जाता है। आमतौर पर इस मौसम में आम की कीमत भी अपेक्षाकृत कम रहती है, जिससे हर वर्ग के लोग इसका आनंद ले पाते हैं। आचार्य शैलेन्द्र शर्मा बताते हैं कि आर्द्रा नक्षत्र के आते-आते प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा शुरू हो जाती है, जिससे चारों ओर हरियाली फैल जाती है। चारा अधिक मिलने से दूध का उत्पादन भी बढ़ जाता है। ऐसे में दूध, आम और अन्य खाद्य पदार्थों की सहज उपलब्धता इस नक्षत्र को विशेष बना देती है। कुल मिलाकर, आर्द्रा नक्षत्र ग्रामीण जीवन के धार्मिक, सांस्कृतिक और कृषि पक्ष को एक साथ जोड़ने वाला पर्व बन गया है, जिसे लोग श्रद्धा, उल्लास और परंपरा के साथ मनाते हैं।

भारत-नेपाल सीमा पर मैत्री पुल के नीचे मिला जिंदा हैंड ग्रेनेड, बम निरोधक दस्ते ने किया डिफ्यूज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री पुल के नीचे गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब बच्चों को खेल के दौरान एक जिंदा हैंड ग्रेनेड मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एसएसबी की टीम मौके पर पहुंच गई। तुरंत सतर्कता बरतते हुए ग्रेनेड को डिफ्यूज करने के लिए मुजफ्फरपुर से बम निरोधक दस्ता बुलाया गया। बम स्क्वॉड टीम ने ग्रेनेड को रक्सौल एयरपोर्ट क्षेत्र में नियंत्रित विस्फोट कर निष्क्रिय किया। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास का इलाका थर्रा उठा। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं। प्रशासन ने मैत्री पुल



पर बम स्कैनिंग, स्कैनर बैगेज मशीन और डॉग स्क्वॉड टीम की तैनाती कर दी है।

हरैया थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीमा पर मिली इस संदिग्ध वस्तु के बाद से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और पुल व आसपास के इलाकों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

भाजपा ने किया मॉक पार्लियामेंट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। मोतिहारी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, स्थानीय सांसद व पूर्व कृषि कल्याण मंत्री भारत सरकार राधामोहन सिंह, विधायक मोतिहारी एवं सूबे के पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार जिला महामंत्री भाजपा मार्तण्ड नारायण सिंह, महामंत्री निखिल सिंह सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध चिकित्सक, चीनी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष कुमार ने पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र दे कर उन्हे सम्मानित किया और चंपारण की भूमि पर उनका स्वागत किया। इस दौरान अनुराग



ठाकुर और डॉ.संतोष कुमार के बीच गुफ्तगू भी हुई, जिसमें केन्द्रीय मंत्री श्री ठाकुर डॉ. संतोष कुमार के चिकित्सा के तौर तरीके से काफ़ी प्रभावित दिखे। डॉ. संतोष कुमार का क्लीनिक और हॉस्पिटल उत्तम डायबिटीज़ केयर के नाम से बजरंगपूरी, गायघाट पटना मे है, इसके अलावा मोतिहारी के पंच मंदिर चौक, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, फारबिसगंज (अररिया), पूर्णिया, भागालपुर

उत्तरप्रदेश के कुशीनगर, तमकोई राज, गोरखपुर के अपने क्लीनिक में मरीजों को चिकित्सीय सेवा देते हैं। बता दें कि डॉ. संतोष कुमार के इलाज के दौरान मरीजों को कोई परहेज की आवश्यकता नहीं पड़ती।

बच्चों को पांच साल में सात बार लगता है टीका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चकिया। स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल परिसर स्थित सभा भवन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंदन कुमार के अध्यक्षता में नव नियुक्त एएनएम एवं अन्य को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान नियमित टीकाकरण के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। उन्होंने नियमित टीकाकरण से होने वाले फायदे सहित अन्य जानकारी दी। बताया गया टीकाकरण से दर्जनों बीमारियों से बचा जा सकता है। बच्चे को 5 साल में 7 बार टीका लगता है जिससे दर्जनों बीमारियों से बचाने हेतु बच्चों के शरीर में इम्यूनिटी बढ़ता है सहित अन्य बाते बताई गई। इस दौरान सभी एएनएम को सत प्रतिशत बच्चों को टिका दिलवाने हेतु बताया गया।

करंट की चपेट में आने से पैक्स अध्यक्ष का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। कवैया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष कुंदन कुमार की गुरुवार सुबह करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। 40 वर्षीय कुंदन कुमार झरौखर थाना क्षेत्र के कवैया गांव के निवासी थे और वर्तमान में पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद पर कार्यरत थे। उनकी अचानक मौत की खबर से पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों के रोने-बिलखने से माहौल गमगीन हो गया। कुंदन कुमार सामाजिक और सहकारी कार्यों में सक्रिय रहते थे, जिससे क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता थी। उनके निधन पर कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक संवेदना व्यक्त करने




वालों में सांसद लवली आनंद, पूर्व सांसद आनंद मोहन, विधायक पवन जायसवाल, पूर्व विधायक फैसल रहमान, कोऑपरेटिव बैंक के जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंह, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि दीपालाल कुशवाहा, पंचायत मुखिया निरंजन प्रकाश, सरपंच दिनेश कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष रमेश साह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष विश्वनाथ यादव, पूर्व मुखिया विपिन कुशवाहा और मंटू सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

जहानाबाद ने लिया नशामुक्ति का संकल्प, नुक्कड़ नाटक से शुरू हुआ जनजागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिले में नशा मुक्त भारत अभियान की नई कड़ी की शुरुआत जोरदार ढंग से की गई। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा आयोजित इस अभियान की औपचारिक शुरुआत एडीएम ब्रजेश कुमार ने की। उन्होंने नुक्कड़ नाटक की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और युवाओं को नशामुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रही नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति, जिसमें कलाकारों ने नशे की लत से होने वाली पारिवारिक विघटन,



मानसिक तनाव और शारीरिक क्षति को मार्मिक ढंग से मंचित किया। युवाओं ने पूरे जोश के साथ 'नशामुक्त जहानाबाद' के निर्माण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर एडीएम ब्रजेश कुमार ने कहा कि नशा आज के समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है। इसे जड़ से खत्म करने के लिए केवल कानून नहीं, बल्कि जनजागरूकता जरूरी है। युवाओं को नकारात्मकता से निकालकर उन्हें रचनात्मक दिशा देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

अभियान के तहत आगामी दिनों में जिले भर में पोस्टर अभियान, जनसभा, शपथ कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में कई स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन, शिक्षाविद और जागरूक नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

प्राण वायु की रक्षा के लिए लगाएं पौधा : डॉ. सत्य प्रकाश


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोटवा (पूर्वी चंपारण)। पौधे हमारे प्राणों के रक्षक हैं, बदलते मौसम पर नियंत्रण रखने का काम यही करते हैं। ये जीवन भर साथ देते हैं और अंत समय में भी साथ नहीं छोड़ते। ऐसे में अधिक से अधिक पौधारोपण आज की महती आवश्यकता है। यह प्रेरणास्पद बातें पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश ने कोटवा प्रखंड के भोपतपुर पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, भोपतपुर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कहीं। गोपालगंज निवासी डॉ. सत्य प्रकाश ने विद्यालय परिसर में पौधा लगाते हुए शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और उनसे संकल्प भी कराया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, विवाह समारोह या किसी महापुरुष की पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर हम सबको कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पौधा दस पुत्रों के समान माना गया है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपने-अपने नाम से फलदार, छायादार एवं दीर्घायु पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। वहीं विद्यालय से स्थानांतरित हो रही शिक्षिकाओं–रत्ना कुमारी, पल्लवी श्रीवास्तव और नीलम कुमारी ने विद्यालय छोड़ने से पूर्व परिसर में पौधारोपण कर भावनात्मक विदाई ली।

एसएसबी और नेपाल एपीएफ का संयुक्त गश्ती अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकियों के नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश की आशंका के मद्देनजर एसएसबी, नेपाल एपीएफ और स्थानीय थाना पुलिस ने संयुक्त गश्ती और तलाशी अभियान तेज कर दिया है। नो-मैंस लैंड, सुनसान ग्रामीण पगडंडियों और घने कंटीले रास्तों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सीमावर्ती इलाके घोड़ासहन सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में 24 घंटे निगरानी बढ़ा दी गई है।



एसएसबी जवानों द्वारा क्रॉस चेकिंग की जा रही है, जबकि डॉग स्क्वॉड की मदद से संदिग्ध स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

एसएसबी की 71वीं बटालियन के कमांडेंट प्रफुल कुमार ने बताया कि नेपाल के रास्ते आतंकी घुसपैठ की सूचना मिलने के बाद सीमा पर चौकसी कड़ी कर दी गई है। दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां समन्वय के साथ सतर्कता बरत रही हैं और सीमावर्ती इलाकों में आवाजाही पर विशेष नजर रखी जा रही है।

बॉर्डर पर लगातार गश्ती और तलाशी से सुरक्षा एजेंसियों का मकसद आतंकियों की हर संभावित साजिश को नाकाम करना है।

दस सूत्री मांगों को लेकर कार्यालय सहायकों का आंदोलन शुरू, टिफिन अवधि में नारेबाजी और काला बिल्ला लगाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तुरकौलिया (पूर्वी चंपारण)। बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (महासंघ-गोप गुट) के बैनर तले समाहरणालय और प्रखंड कार्यालयों के लिपिकीय संवर्ग के कर्मियों ने अपनी दस सूत्री मांगों को लेकर तीन दिवसीय आंदोलन शुरू कर दिया है। 25 से 27 जून तक टिफिन अवधि में नारेबाजी और काला बिल्ला लगाकर कर्मी सरकार के खिलाफ विरोध जता रहे हैं। तुरकौलिया प्रखंड-अंचल कार्यालय पर आयोजित आंदोलन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर चौधरी, मनीष कुमार, विकास महतो व प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया।



संघ की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन की बहाली, पदोन्नति की व्यवस्था, ग्रेड वेतन पुनर्निर्धारण, चिकित्सा प्रतिपूर्ति की 75% राशि का अग्रिम भुगतान, गृह जिला में स्थानांतरण और सभी कर्मियों के लिए निःशुल्क आवास की व्यवस्था शामिल हैं। आंदोलनकारियों ने घोषणा की कि 9 जुलाई को राज्यभर में जिलाधिकारियों के समक्ष प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि सरकार ने मांगों पर निर्णय नहीं लिया, तो 22 जुलाई को छपरा में होने वाले राज्य सम्मेलन में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी

अलग- अलग मामले में दो गिरफ्तार, भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाने की पुलिस ने दो अलग अलग जगहो पर छापेमारी कर दो लोगो को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि पहली छापेमारी कोयली गांव में की गई, जिसमें मारपीट के आरोपित विकास मांझी को गिरफ्तार किया गया। दूसरी छापेमारी मकरपुर गांव में की गई जहां से पूर्व के केस में फरार चल रहे वारंटी निरंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है।

छात्र युवा संसद में भाग लेने पटना रवाना हुए जहानाबाद के छात्र राजद कार्यकर्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। पटना स्थित बापू सभागार में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के छात्र युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मंगलवार को छात्र राजद जहानाबाद इकाई के सैकड़ों कार्यकर्ता पटना के लिए रवाना हुए। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व छात्र राजद जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार यादव कर रहे हैं। रवाना होने से पहले कार्यकर्ता स्थानीय राजद कार्यालय में एकत्र हुए और एकता व जोश का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस दौरान शैलेश यादव ने कहा कि ड्रराजद हमेशा छात्रों और युवाओं की आवाज़ को मजबूती से



उठाता रहा है। छात्र युवा संसद युवाओं के लिए राजनीति, सामाजिक न्याय और जन सरोकारों को समझने का एक बेहतरीन मंच है। यह कार्यक्रम तेजस्वी यादव के नेतृत्व में युवाओं को सामाजिक न्याय की विचारधारा से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने आगे कहा कि राजद की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। आज पूरे बिहार के युवा तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर भरोसा कर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव ही बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। सरकार बनते ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि होगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे छात्र संसद के मंच से जिले का मान बढ़ाएंगे और राजद की नीतियों को मजबूती से आगे ले जाएंगे।

धारदार हथियार से एक वृद्ध की निर्मम हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पिपरा (पूर्वी चम्पारण)। क्षेत्र के पिपरा चौक के समीप अज्ञात लोगों द्वारा तेज धार हथियार से 70 वर्षीय वृद्ध की निर्मम हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार चांप टोला गांव निवासी हरी गिरी है। जो पिपरा चौक स्थित मंदिर में पूजा पाठ व देखरेख का काम करता था। प्रथम दृश्या मामला जमीन विवाद का है। हालांकि पिपरा पुलिस स्वान दस्ता व टेक्निकल टीम के द्वारा मामले की गहन जांच कर रही है। इस बाबत थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले में मृतक के परिजन के तरफ से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

नशीली दवाओं का दुरुपयोग मानवता के लिए गंभीर संकट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर बुधवार को औरंगाबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जागरूकता सह शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजकुमार ने की। इस अवसर पर न्यायमूर्ति राजकुमार ने कहा कि नशे की समस्या वैश्विक स्तर पर युवाओं को बर्बादी की ओर ले जा रही है। भारत में भी यह चुनौती दिन-ब-दिन गहराती जा रही है। समाज को इस दिशा में जागरूक होकर निर्णायक भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा



कि मादक पदार्थों और नशीली दवाओं का दुरुपयोग मानवता के लिए एक गंभीर संकट है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य नशीली दवाओं से मुक्त समाज का निर्माण करना है। यह दिन दुनियाभर में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी और दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता जरूरी है।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख न्यायिक पदाधिकारीगण:

परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्या, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इसरार अहमद, विश्व विभूति गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, निशीत दयाल, लक्ष्मीकांत मिश्रा, आनंद भूषण, कन्हैयालाल यादव, विवेक कुमार सिंह, उमेश प्रसाद, मनीष कुमार जायसवाल, पंकज पांडेय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने नशा उन्मूलन के लिए शपथ ली और यह संदेश दिया कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार व समाज को प्रभावित करता है।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाज को नशे के विरुद्ध सशक्त करना और मादक द्रव्यों के प्रभाव से मुक्त समाज की स्थापना की दिशा में सार्थक पहल करना था।

सर्पदंश से महिला की मौत, इलाज के दौरान रास्ते में तोड़ा दम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। देवकुंड थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर ओरानी गांव में गुरुवार की देर रात सर्पदंश की घटना में एक 30 वर्षीया महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी परण राजवंशी की पत्नी चंद्रावती देवी के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात में सोते समय महिला को सांप ने डंस लिया। घटना के बाद परिजनों ने पहले उसे स्थानीय स्तर पर झाड़-फूंक से इलाज कराने का प्रयास किया। जब महिला की हालत बिगड़ने लगी तो शुक्रवार सुबह उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।स्थानीय चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही चंद्रावती देवी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही देवकुंड थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया।

इस दुखद घटना से गांव में शोक का माहौल है।

30 सितंबर तक चलेगा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम

हर पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल करने को लेकर चुनाव आयोग गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिहार राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 25 जून से 30 सितंबर 2025 तक चलाया जाएगा। इस व्यापक पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में दर्ज हो सके और अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाए जा सकें। यह पुनरीक्षण संविधान के अनुच्छेद 326 एवं जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत निर्धारित पात्रता मानकों के पूर्ण अनुपालन में कराया जा रहा है। प्रत्येक मतदान केंद्र क्षेत्र में नियुक्त बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर लोगों को नाम जोड़ने, हटाने व सुधार से संबंधित फॉर्म उपलब्ध कराएंगे। वे मतदाताओं को फॉर्म भरने में मदद करेंगे और उनके दस्तावेजों का सत्यापन उनके निवास स्थान पर ही करेंगे। बीएलओ द्वारा एकत्र किए गए सभी प्रपत्रों और दस्तावेजों को ईसीआईनेट मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड कर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) अथवा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) के पास भेजा जाएगा। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि ईआरओ द्वारा दिए गए निर्णयों से जुड़े दस्तावेज भी पोर्टल पर अपलोड किए जाएं, जिन्हें केवल अधिकृत अधिकारी ही देख सकेंगे। इस बार विशेष ध्यान दिव्यांग, वृद्ध, बीमार, निर्धन एवं वंचित वर्ग के मतदाताओं पर दिया जा रहा है। उनके सहयोग हेतु जरूरत पड़ने पर स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जाएगी। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति करें, जिससे पुनरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता और भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। प्रारूप मतदाता सूची उन्हीं मतदाताओं के आधार पर प्रकाशित की जाएगी जिनके फॉर्म समय पर जमा हुए होंगे और जिनके दस्तावेज बीएलओ द्वारा सत्यापित किए गए होंगे। यदि कोई नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं हो पाता, तो दावा-आपत्ति अवधि के दौरान निर्धारित प्रपत्रों के साथ आवेदन किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त यदि किसी को ईआरओ के निर्णय पर आपत्ति हो, तो वह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 के तहत जिला पदाधिकारी अथवा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है। गौरतलब है कि बिहार में पिछला विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था। शहरीकरण, प्रवासन, युवाओं की संख्या में वृद्धि और मृत्यु तथा नागरिकता से संबंधित अद्यतन जानकारी के अभाव को देखते हुए इस बार यह विशेष अभियान अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है। आयोग ने यह सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई है कि यह अभियान शांतिपूर्ण, समावेशी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो, जिसमें हर पात्र मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

आपसी विवाद में मारपीट, तीन लोग घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड अंतर्गत भल्लू खैरा गांव में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह विवाद एक महिला के ससुराल पक्ष द्वारा कथित प्रताड़ना और मारपीट के चलते हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के निवासी मोहम्मद सैफ अली, आलमगीर कुरैशी और एक अन्य व्यक्ति को ताजिम कुरैशी और उसके परिजनों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल सैफ अली ने बताया कि उसकी बहन नाजिया खातून की शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व प्रेम विवाह के माध्यम से ताजिम कुरैशी से हुई थी। विवाह के दो वर्षों बाद से ही ताजिम द्वारा उसकी बहन को मारपीट व मानसिक



प्रताड़ना दी जा रही थी। घटना के दिन ताजिम कुरैशी द्वारा नाजिया खातून के साथ पुनः मारपीट की जा रही थी। इसी दौरान सैफ अली और अन्य परिजन बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो ताजिम के भाई, पिता, मां और बहन सहित परिजनों ने एकजुट होकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को तत्काल रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. अरविंद कुमार केसरी ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया।

इस संबंध में अभी तक थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है, हालांकि पीड़ित पक्ष द्वारा जल्द ही कानूनी कार्रवाई की बात कही जा रही है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। गांव में घटना के बाद तनाव का माहौल है।

ट्रक के तहखाना से 1268 बोतल विदेशी शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। मद्यनिषेध विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पटना-बक्सर फोरलेन के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत दौलतपुर ओवरब्रिज के पास एक ट्रक के केबिन में बने तहखाने से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान विभाग ने शराब तस्करी में लिप्त ट्रक चालक को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकर नगर निवासी राम ईश्वर यादव के पुत्र मनीष कुमार यादव के रूप में हुई है। ट्रक से कुल 1268 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग सात लाख रुपये आंकी गई है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक



आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से एक ट्रक के माध्यम से भारी मात्रा में विदेशी शराब छपरा की ओर भेजी जा रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने निरीक्षक राहुल कुमार दुबे के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने बक्सर-पटना फोरलेन पर दौलतपुर ओवरब्रिज के पास नाकेबंदी कर ट्रक को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर ट्रक भागने लगा, जिसे थोड़ी दूर जाकर पकड़ लिया गया। जब ट्रक की तलाशी ली गई तो उसके केबिन में विशेष रूप से बनाए गए तहखाने से विदेशी शराब की खेप बरामद हुई। जब्त शराब में 750 एमएल की 96 बोतल व्हिस्की, 12 बोतल वोडका, 96 बोतल बीयर और 180 एमएल के 2064 टेट्रापैक शामिल हैं। इस छापेमारी अभियान में निरीक्षक राहुल कुमार दुबे के साथ सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार यादव, रवि कुमार, सैप के जवान, होमगार्ड और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

रफीगंज के माड़ीपुर में चोरी की वारदात नकदी व जेवरात सहित मोबाइल गायब

पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज थाना क्षेत्र के माड़ीपुर गांव में बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक घर में सेंधमारी कर नकदी, जेवरात और मोबाइल फोन सहित कीमती सामान चुरा लिया। इस संबंध में गांव के निवासी सीताराम दास ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उन्होंने बताया कि 24 जून की रात करीब 2 बजे अज्ञात चोर उनके घर में घुस आए और कमरे में रखे पर्स से ?35,300 नकद, तीन मोबाइल फोन, सोने की दो जितिया, और सोने की चेन जिसकी कुल कीमत लगभग ?46,000 बताई गई है, चोरी कर फरार हो गए। चोरों ने सामान घर के बॉक्स में रखे पर्स से निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और चोरों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर दहशत है और वे रात्रि गश्ती बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

सड़क हादसे में स्वास्थ्यकर्मी की मौत रफीगंज सीएचसी में शोक सभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रफीगंज (औरंगाबाद)। सदर अस्पताल औरंगाबाद में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी धनंजय कुमार की सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु की खबर से स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद अवसर पर रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि धनंजय कुमार एक कर्मठ और समर्पित कर्मी थे। उनकी असमय मृत्यु से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। पूरा स्वास्थ्य विभाग इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों के साथ खड़ा है। शोक सभा में अकाउंटेंट राजेश कुमार, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, बड़ा बाबू सुनील कुमार, राघवेंद्र कुमार, रुपेश कुमार, गणेश कुमार, लैब टेक्नीशियन रविंद्र कुमार, जिएनएम रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी, एएनएम सुषमा बा, आशा सिंहा, राधा कुमारी, एनीहोरो, संजना कुमारी सहित अनेक स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

अनाज दुकान में चोरी, 1.5 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज थाना क्षेत्र के हसनपुर मोड़ के पास स्थित एक किराना एवं अनाज दुकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अनाज, इलेक्ट्रॉनिक सामान और नकदी सहित करीब 1.5 लाख मूल्य का सामान चुरा लिया। पीड़ित दुकानदार मोनू कुमार, जो हाजीपुर गोला के निवासी हैं, ने बताया कि वह 24 जून की रात करीब 8 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौटे थे। 25 जून की सुबह जब उन्होंने दुकान खोली, तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर



जांच करने पर पता चला कि करीब 70 बोरा चावल, गेहूं सहित अन्य अनाज, कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 15,000 नकद गायब थे। मोनू कुमार ने बताया कि चोरी की कुल क्षति लगभग 1.5 लाख आंकी जा रही है। उन्होंने आसपास पूछताछ कर चोरी का सुराग लगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं

हसनपुर मोड़ के पास की घटना, अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी

मिली। इस संबंध में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस द्वारा मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय व्यापारियों में घटना को लेकर रोष और भय का माहौल है। दुकानदारों ने क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

केमिस्ट व ड्रगिस्ट एसोसिएशन का हुआ चुनाव, प्रखंड अध्यक्ष बने कंचन वर्णवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय के पशु मेला के समीप एक सभागार में गुरुवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का आमसभा सह चुनाव का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कंचन वर्णवाल एवं संचालन साकेत कुमार मिश्र ने किया। इस आम सभा सह चुनाव कार्यक्रम में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला सचिव अशोक कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष गणेश प्रसाद व उमेश कुमार की उपस्थिति में आम सभा सह चुनाव का प्रक्रिया विधिवत प्रारंभ किया गया। सर्वसम्मति से कंचन कुमार वर्णवाल को ऐसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया



गया। जबकि उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार , सचिव ज्ञानदत्त पाण्डेय, संगठन सचिव साकेत कुमार मिश्र , संयुक्त सचिव रवि शेखर कुमार, कोषाध्यक्ष मो. सैफूल इस्लाम एवं संरक्षक सत्येन्द्र नारायण सिंह चुनें गए हैं। नव निर्वाचित ज्ञानदत्त पाण्डेय ने बताया कि केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन केवल प्रखंड व जिला में ही नहीं बल्कि पुरे प्रदेश और देश भर में है। संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ ही सामंजस्य स्थापित कर संचालित करना है। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के माध्यम से सामाजिक, मानवहित में कार्य करना भी एसोसिएशन का कर्तव्य और दायित्व है। इस कार्यक्रम में पृथ्वी कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, सुनील वर्णवाल, दिलीप कुमार, शशि कुमार, सौरव पाण्डेय, विवेक पांडेय, डाक्टर लल्लू प्रसाद, विनय प्रसाद, धर्मेन्द्र सिंह, मिस्टर आलम सहित अन्य लोग शामिल थे।

रफीगंज-गुरारू में 33 केवी विद्युत तार चोरी, निर्माण कार्य ठप

करीब साढ़े चार लाख रुपये की क्षति, अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज से गुरारू के बीच 33 केवी विद्युत आपूर्ति लाइन के निर्माण कार्य को अज्ञात चोरों ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है। चरकावां गांव के समीप लगभग 2.35 किलोमीटर लंबा एसएसआर वर्ल्ड कंडक्टर और अन्य विद्युत सामग्री चोरी कर ली गई, जिससे लाइन बिछाने का कार्य बाधित हो गया है। इस संबंध में टिकरी अवर प्रमंडल के सहायक विद्युत अभियंता विशाल कुमार चौधरी ने रफीगंज थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया गया है कि 24 जून की सुबह करीब 7 बजे ग्रामीणों ने दूरभाष पर सूचना दी कि चरकावां के पास निर्माणाधीन 33 केवी लाइन से तार और अन्य सामग्री चुरा ली गई है। सूचना मिलते ही अभियंता, गुरारू के संवेदक और विभागीय मिस्त्री मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि 2.35 किलोमीटर लंबा तार और उससे जुड़ी अन्य सामग्रियां चोरी हो चुकी हैं। इस घटना से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को करीब ?4.45 लाख का नुकसान हुआ है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और चोरों की तलाश के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

इस घटना से न केवल निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है, बल्कि इलाके की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। ग्रामीणों ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

बहुजन भीम संकल्प समागम को लेकर लोजपा का जनसंपर्क अभियान तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा आगामी 29 जून को राजगीर में आयोजित होने वाले बहुजन भीम संकल्प समागम को लेकर जिले में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। इसी सिलसिले में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी संजय सिंह का जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में आगमन हुआ। पार्टी के महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. इंदु कश्यप के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसके तहत धरमपुर, रघुनाथगंज, शकूराबाद, शाहपुर समेत विभिन्न पंचायतों और गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया।

दूसरे दिन लिपिकों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य, 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। राज्य स्तरीय आह्वान पर भोजपुर जिले के सभी अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, डीडीसी सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों के लिपिकों ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को तीन दिवसीय विरोध कार्यक्रम के दूसरे दिन काली पट्टी (ब्लैक बैज) बांधकर कार्य का निष्पादन किया। भोजपुर लिपिक सहायक संवर्ग गोप गुट के जिला संयोजक बी.के. शुक्ला के नेतृत्व में आरा, कोईलवर, बिहिया, अगिआंव और बड़हरा अंचलों के कर्मियों ने मांगों के समर्थन में लंच ब्रेक के दौरान कार्यालय से बाहर निकलकर



नारेबाजी की और सरकार से जल्द समाधान की मांग की।

प्रमुख मांगे

समाहरणालय सहायक पद की मांग को शत-प्रतिशत स्वीकार करना, राज्य संवर्ग गठन प्रक्रिया से कर्मचारियों को पृथक रखा जाना, गृह जिले में स्थानांतरण की सुविधा, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, 8वें वेतन आयोग का गठन, प्रोन्नति प्रणाली में पारदर्शिता,श्रम संहिता (लेबर कोड) को निरस्त करना।

इस संबंध में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के राज्य सचिव उमेश कुमार सुमन ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें पूरी तरह से न्यायसंगत हैं और सरकार को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 9 जुलाई 2025 को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लैक बैज प्रदर्शन में शामिल प्रमुख कर्मियों में सोनू, विवेक, अमरेंद्र, सुराज, प्रभाकर, सतीश, दिनेश, विक्की, कमलाकांत, बालेन्दु कुमार शुक्ला, निर्मल कुमार, जाकिर हुसैन, प्रकाश, राकेश, रवींद्रनाथ, अमन सोनी, नीरज, दिनेश राम, सूरज पंडित सहित दर्जनों कर्मचारी शामिल रहे। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के प्रयास सराहनीय : विजया रहाटकर

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा ने ग्रामप्लेक्स भवन में किया संवाद, महिलाओं की आत्मनिर्भरता की प्रशंसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने गुरुवार को जहानाबाद के ग्रामप्लेक्स भवन में एक विशेष कार्यक्रम के तहत सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों, विशेष रूप से महिलाओं, से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह देखकर बेहद प्रसन्नता हुई कि यहां की महिलाएं बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं,



बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव की दिशा में अग्रसर हैं। श्रीमती रहाटकर ने केंद्र और राज्य सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं की भी सराहना करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा दी है। घरेलू हिंसा के बढ़ते मामलों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए सशक्त कानून मौजूद हैं, लेकिन सबसे जरूरी है कि महिलाएं शिक्षित, आत्मनिर्भर और अपने अधिकारों को लेकर जागरूक बनें। साथ ही समाज में भी व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और महिला समूहों की सदस्याएं उपस्थित रहीं। महिला आयोग की अध्यक्षा ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति की महिला तक पहुंचे। इसके लिए सतर्कता और सजगता आवश्यक है। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

राजद युवा छात्र संवाद में शामिल होने पटना रवाना हुआ भोजपुर का काफिला, सरकार को उखाड़ फेंकने का ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। पटना के बापू सभागार में गुरुवार को आयोजित राजद युवा छात्र संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोजपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों से हजारों युवाओं और छात्रों का जनसैलाब पटना की ओर रवाना हुआ। दर्जनों वाहनों के जत्थे में निकले युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। हर गली और चौक-चौराहे से गुजरते हुए यह काफिला सरकार के खिलाफ आक्रोश और बदलाव के संकल्प के नारे लगाता हुआ राजधानी की ओर बढ़ा। काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए युवा राजद भोजपुर के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा अब भोजपुर के युवाओं की आवाज राजधानी तक पहुंचेगी। वक्त आ गया है कि युवा खुद आगे आकर बिहार की राजनीति की दिशा तय करें। बड़हरा के युवा नेता रामबाबू सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा डबल इंजन की सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। यह न युवाओं को रोजगार दे पाई और न ही किसानों को सम्मान। गरीबों की आवाज को यह सरकार लगातार अनसुना कर रही है। जिला पार्षद भीम यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा राज्य सरकार छात्र-विरोधी नीतियों पर काम कर रही है। यही कारण है कि आज का छात्र और युवा सड़कों पर उतर कर इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हो चुका है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार को सही दिशा केवल तेजस्वी यादव के नेतृत्व में ही मिल सकती है। भोजपुर से भारी संख्या में युवाओं की भागीदारी इस बात का संकेत है कि राज्य का युवा अब बदलाव के मूड में है। कार्यक्रम को लेकर युवाओं में जोश, ऊर्ज़ा और प्रतिबद्धता साफ दिखाई दी। आने वाले चुनाव में यह युवा तय करेंगे कि बिहार की बागडोर एक नई सोच और नए नेतृत्व को सौंपी जाए।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एसडीएम ने की समीक्षा बैठक

बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिये गए कई निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। विधानसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर चल रही है। ऐसे में गुरुवार को मसौढ़ी के नगर परिषद सभागार में निबंधन निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में नगर परिषद सभागार में मसौढ़ी विधानसभा के सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ अहम बैठक की गई, इस बैठक में मुख्य रूप से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम होना है उसी को लेकर समीक्षा बैठक की गई थी, जहां बीएलओ को डोर टू डोर जाकर सर्वेक्षण करना है। इस बैठक में फार्म 6, 7, 8 की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि फर्जी नाम न जुड़े और सभी मृतकों के नाम काटे जायें। कोई भी पात्र व्यक्ति जिसकी उम्र 01 जनवरी 2025 को यदि 18 वर्ष का हो गया है। उसका नाम मतदाता सूची में जुड़वाना सभी बीएलओ सुपरवाइजर एवं सेक्टर अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में मतदान केन्द्रों के एएमएफ, आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गयी। जिन मतदान केंद्रों में शौचालय, शेड, रैंप सही स्थिति में नही हैं, उनकी लिस्ट सीईओ/ सीएमओ को भेजी जा रही है, जिससे वहां की व्यवस्था सुदृढ़ की जा सके। विधानसभा क्षेत्र में 100 वर्ष से अधिक मतदाताओं के शत-प्रतिशत सत्यापन की समीक्षा की गई। 80 वर्ष से अधिक मतदाताओं के शत-प्रतिशत सत्यापन की समीक्षा की गई। यदि मतदाता सूची में डबल एंट्री है, उन्हें तत्काल हटाया जाने के निर्देश दिये गये हैं। मौके पर अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर प्रसाद, सीडीपीओ अर्चना कुमारी, धनरूआ सीओ श्वेता कुमारी के साथ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार, अविनाश कुमार, संजय कुमार समेत सभी मसौढ़ी विधानसभा के बीएलओ सुपरवाइजर शामिल रहे।

मतदाता प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में घर-घर बीएलओ जाकर सर्वे कर रहे हैं, मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं के नाम काटने, दोहरी प्रविष्टि वाले का नाम संशोधित करने एवं मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन करने आदि तमाम मुलभुत बिंदुओं पर युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। मिशन 60' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत कम वाले 60 बूथों को चिह्नित कर, वहां 66% तक मतदान लाने का लक्ष्य रखा गया है। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है ऐसे में निबंधन निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र के 394 बीएलओ के लिए 40 बीएलओ सुपरवाइजर की जिम्मेवारी सौपी गई है, वही 40 बीएलओ सुपरवाइजर के लिए 10 विधानसभा स्तरीय एक्सपर्ट की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो इन सबों की कार्यों की समीक्षा और मॉनिटरिंग करेंगें। इसके अलावा पांच सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी बनाए गए हैं। जहां 10 बीएलओ पर एक बीएलओ सुपरवाइजर की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी बीएलओ को प्रपत्र 6, 7, 8 को बीएलओ एप से भरने, नोटिस करने, अभिलेख पंजी का संधारण करने आदि कार्य का प्रशिक्षण अपने-अपने प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी से समन्वय बनाकर संबंधित देख-रेख कर बीएलओ की उपस्थिति पंजी में प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया गया है ताकि ससमय में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य किया जा सके। बहरहाल पूरे मसौढी विधानसभा क्षेत्र में 394 मतदान केंद्र हैं जहां तकरीबन 3,53717 मतदाता है।

एक नजर

छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनी

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बीबीगंज अंबेडकर भवन में सबका विकास द्वारा निःशुल्क शिक्षा केंद्र में छत्रपति शाहूजी महाराज का 151 वीं जयंती मनायी गयी। बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सह संचालक सुजीत कुमार ने साहू जी महाराज के तैल चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर सुजीत कुमार ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने दलित समुदाय के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की थी। गरीब छात्रों के लिए छत्रावास स्थापित किए थे. शाहू जी महाराज के मन में दलित वर्ग के प्रति गहरा लगाव था. दलितों की दशा में बदलाव लाने के लिए उन्होंने दो ऐसी विशेष प्रथाओं का खात्मा किया। डा भीम राव आंबेडकर से कई बार मुलकात किये थे। मौके पर निःशुल्क शिक्षा केंद्र की शिक्षिका आशा कुमारी, शिक्षक प्रिय शैलेन्द्र समेत बच्चे मौजूद थे।

अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक बाद डीएम के आदेश पर पांचवे दिन गुरूवार को नप व नगर निगम प्रशासन ने पाटलिपुत्र स्टेशन के किनारे व रूपसपुर नहर किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. दंडाधिकारी की देखरेख में रूपसपुर नहर किनारे और पाटलिपुत्र जंक्शन के किनारे स्थायी व अस्थायी रूप से किये गये अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है। घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में बुलडोजर से झोपडियों व कच्चा घर को ध्वस्त किया गया है। वर्षों से रूपसपुर नहर किनारे चाट में भूमिहीनों झोपडियों बनाकर अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहे थे। परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में डीएम व एसडीओ के निर्देश पर परिषद व नगर निगम प्रशासन ने रूपसपुर नहर किनारे और पाटलिपुत्र स्टेशन किनारे अतिक्रमणकारियों को मुक्त कराया गया है। मौके पर सीओ चंदन कुमार, ईओ व्यवस्था पंकज कुमार, नगर निगम के अधिकारी, नगर प्रबंधक ब्रजेश सिंह व सफाई निरीक्षक संजय कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल शामिल थे।

दो अलग-अलग कांडों का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। समकालीन अभियान के तहत लहसुना पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित दो फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया की लहसुना थाना कांड सं-326/2025, के तहत हत्या के प्रयास के प्राथमिक नामजद अभियुक्त दीपक कुमार पे-राजेंद्र रविदास को उस्मानचक गांव से गिरफ्तार किया गया है वहीं दुसरा हरवंशपुर गांव से फरार चल रहे न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के अभियुक्त त्रिपुरारी कुमार पिता-ललन शर्मा को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

मादक पदार्थ दुरुपयोग निवारण जागरूकता अभियान चला

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग निवारण दिवस के मौके पर मसौढी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगपुरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा, प्राथमिक विद्यालय मिरचक समेत कई सरकारी स्कूलो में मादक पदार्थ विरोधी दिवस आयोजित किया गया। दरअसल हर साल नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 'नशा निषेध दिवस' मनाया जाता है. इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को नशे की लत से होने वाले खतरों के बारे में बताना है. साथ ही अवैध दवा व्यापार के जोखिमों के बारे में भी जागरूक करना है। स्कूलो में जागरूकता के दौरान छात्रों द्वारा कहा गया कि जिसने नशे को छोड़ा उसने परिवार को जोड़ा। नशा छोड़ो परिवार को जोड़ो। बड़ी संख्या में लोगो ने मादक पदार्थ विरोधी दिवस 2025 के बारे में जागरूक हुए।

सुरक्षा व्यवस्था का डीएसपी ने लिया जायजा

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शहर व बैंकों में हो रही घटनाओं को रोकने के लिए गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव ने पुलिस फोर्स के साथ शहर के कैनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक समेत कई बैंकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएसपी ने बैंको में बिना काम के घूम रहे लोगों से पूछताछ कर उन्हें फटकार लगायी। इसके बाद बैंक में नियुक्त गार्डों को हिदायत दी कि बिना काम के घूम रहे ऐसे लोगों पर वह अपनी नजर रखें और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाएं। इस दौरान बैंक मैनेजरों को निर्देशित किया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के संदेह होने पर पुलिस को सूचना दें। उन्होंने सायरन, सीसीटीवी और गार्ड्स की ड्यूटी आदि की जानकारी ली। इस दौरान बैंक की व्यवस्था ठीक-ठाक मिली। बैंक में चेंकिग के दौरान सीसीटीवी, अलार्म, सुरक्षा गार्ड, समेत सुरक्षा से जुड़े अन्य बिदुओं की जांच की।

लापता किशोरी राघोपुर से बरामद

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पुनपुन थाना क्षेत्र के एक गांव से 28 मार्च 2025 से घर से बाजार जाने के दौरान लापता हुई किशोरी को शाहपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव से बरामद किया गया है। प्रभारी थानाअध्यक्ष ने बताया कि इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुनपुन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसको लेकर जांच दल अभियान के तहत शाहोपुर के राघोपुर से इसे सकुशल बरामद किया गया है। 164 के बयान के बाद इस परिवार को सौप जाएगा।

चांद देखकर हुआ ऐलान, 10वीं मोहर्रम

फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रसिद्ध खानकाह मुजीबिया की केंद्रीय चांद देखने वाली समिति ने गुरुवार, 26 जून 2025 को यह घोषणा की है कि मोहर्रम उल हराम 1447 हिजरी का चांद नजर आ गया है. इस घोषणा के साथ ही हिजरी नववर्ष की शुरुआत की पुष्टि हो गई है. इसकी जानकारी खानकाह मुजीबिया फुलवारीशरीफ के प्रबंधक हजरत सैयद शाह मौलाना मिनहाजुद्दीन कादरी ने दी। इस अनुसार शुक्रवार, 27 जून 2025 को मोहर्रम की पहली तारीख होगी. वहीं, इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार यौम-ए-आशूरा, यानी 10वीं मोहर्रम, रविवार, 6 जुलाई 2025 को मनाया जाएगा। खानकाह मुजीबिया की ओर से मोहर्रम के अवसर पर धार्मिक आयोजनों, मजलिसों और अन्य कार्यक्रमों की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। फुलवारी शरीफ क्षेत्र में मोहर्रम का महीना बेहद सम्मान और शांति के साथ मनाया जाता है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दानापुर। सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा एसयूएसई के तहत अनिगनित क्षेत्र के स्थापनाओं और परिवारों में निर्माण गतिविधियां पर मार्गदर्शी अध्यन पर दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर बेली रोड स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। शिविर का उदघाटन उप महानिदेशक सह क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू ने किया। श्री साहू ने कहा कि इस सर्वेक्षण के आंकडे किस तरह देश के लिए अति महत्वपूर्ण है और सरकार के नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्तापूर्ण व समय पर प्रकाशित आंकडे आज के दौरे के नीति निर्माण में बहुत सहायक है और इस सर्वेक्षण का उद्देश्य गैर-नियमित प्रतिष्ठानों द्वारा की गई निर्माण गतिविधि के सकल मूल्य उत्पादन सकल मूल्य वर्धित और परिवारों द्वारा स्वयं के उपयोग के लिए किए गए निर्माण कार्य के लिए आंकलन के लिए राष्ट्रीय लेखा प्रभाग को इनपुट प्रदान करता है। शिविर में उपनिदेशक परिमल द्वारा आंकडे की उपयोगिता व इसके तकनीकी पहलुओं से प्रशिक्षणार्थियों को अगवगत कराया गया। शिविर में सहायक निदेशक अभिषेक गौरव, जितेंद्र राय व रश्मि रंजन, राजीव कुमार झा, टेक नारायण प्रसाद ने विचार व्यक्त किया। शिविर में सुधीर कुमार झा, देवेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, प्रधान, एसके पाठक, सुशील कुमार, मंजूषा कुमारी समेत आदि मौजूद थे।

मसौढ़ी में ग्रिल दुकान से हजारों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी पालीगंज मार्ग स्थित आरके इंडस्ट्रीज नामक ग्रिल निर्माण दुकान में बुधवार की रात चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने बेल्डिंग केबुल, तार, होल्डर और लोहे के अन्य सामान समेत हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह उस वक्त हुई, जब दुकानदार का भाई रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचा। दुकान के मालिक धर्म विश्वकर्मा, जो मसौढ़ी थाना क्षेत्र के लखीबाग निवासी हैं, ने मसौढ़ी थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका भाई आरके इंडस्ट्रीज के नाम से ग्रिल की दुकान चलाता है। बुधवार की शाम दुकान को रोज की तरह बंद कर वह घर लौट आया था। लेकिन गुरुवार की सुबह जब दुकान पहुंचा, तो ताला टूटा मिला और अंदर रखे कई जरूरी सामान गायब थे। धर्म विश्वकर्मा ने दावा किया है कि पास के एक सीसीटीवी कैमरे में चोरी की पूरी वारदात कैद हुई है और उसमें आरोपी का चेहरा स्पष्ट रूप से दिख रहा है। मसौढ़ी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय दुकानदारों में घटना को लेकर नाराजगी है। उन्होंने रात में गश्ती बढ़ाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पार्सल वैन से1783.8 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। मद्य निषेध इकाई और रामकृष्णा नगर थाना की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। आसूचना संकलन के आधार पर की गई छापेमारी में कुल 1783.8 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। मौके से चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त एक पिकअप वैन को भी जब्त कर लिया गया है। रामकृष्णा नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि न्यू साईं बिहार कॉलोनी स्थित एक पार्सल वैन में अवैध रूप से शराब की खेप छिपाकर रखी गई थी। छापेमारी के दौरान वहां से ऑफिसर्स चॉइस ब्रांड की लगभग दो सौ कार्टन विदेशी शराब जब्त की गई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपितों ने खुलासा किया कि शराब से लदी पिकअप वैन को उन्होंने पार्सल वैन का रूप देकर शराब तस्करी की योजना बनाई थी। गिरफ्तार तस्करों की पहचान रामू कुमार (चालक), मिंटू कुमार, बिरजू कुमार और रजनीश कुमार के रूप में की गई है। सभी आरोपी चंडी, नालंदा के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि इस तरह की तस्करी में यह गिरोह पहले भी संलिप्त रहा है और अन्य कड़ियों को खंगालने के लिए पूछताछ जारी है।

रिश्तेदारों के नाम पर वेंडर बने हैं कई शिक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढी प्रखंड के सरकारी स्कूलों में इन दिनों कई शिक्षक अपने रिश्तेदारों के नाम पर वेंडर बने हैं। जो विद्यालयों में पी0एम0पोषण0योजना (एमडीएम) के सामग्री की आपूर्ति करते हैं। साथ ही 5% से 20% का कमीशन जीएसटी बिल देने के नाम पर शोषण का भी खेल चल रहा है। ऐसे में एक तरफ सरकार शिक्षा में सुधार को लेकर लाख दावे करती हो मगर जमीनी हकीकत को आईना दिखा रहा है मसौढ़ी प्रखंड, जहां पर पूरे मसौढी प्रखंड में तकरीबन 190 सरकारी विद्यालय हैं और इन सभी विद्यालय में तकरीबन 5-6 ऐसे शिक्षक हैं जो अपने करीबी रिश्तेदारों के नाम पर वेंडर बने हुए हैं, इन्हे शिक्षण कार्य और पठन-पाठन से कोई मतलब नहीं है। हालांकि जमीन पर कहीं दुकान भी नहीं है और स्कूलों में एमडीएम की सामग्री की आपूर्ति करते हैं। इन सभी शिक्षकों में किसी के पास 5-10 विद्यालय तो किसी के पास 25 से 30 किसी के पास 50 विद्यालय तो किसी के पास 100 विद्यालय की ठेकेदारी ले रखे हैं। कोई वेंडर किसी किसी हेडमास्टर को बिल बनाने के नाम पर उस विद्यालय का मेकर चेकर अपने पास ही रखता है और स्वयं बिल बनाता है। हेडमास्टर को मेकर चेकर एक गोपनीय आईडी है जिसका कस्टोडियन वो वेंडर बना रहता है। जो एमडीएम की सामग्री की आपूर्ति करते हैं। एमडीएम योजना के संचालन में प्रतिमाह लाखों क्विंटल चावल के साथ ही लाखों रुपये की सब्जी, तेल, मसाला समेत अन्य मद में खर्च होते हैं। सभी सामग्री प्रधान शिक्षक नजदीकी दुकानों से खरीदते है और बिल वेंडर बनाते है। कुछ शिक्षक/वेंडर अधिक कमाने के लिए जुगाड़ टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल करते हैं, सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मसौढ़ी प्रखंड के अंतर्गत है कमीशन का जबरदस्त गोरखधंधा चल रहा है। बहरहाल मसौढी प्रखंड के अन्तर्गत कई शिक्षक अपनी पत्नी और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर वेंडर का लाइसेंस लेकर स्कूलों में एमडीएम की सामग्री की आपूर्ति कर रहे हैं। खास बात यह की शिक्षक या उनके रिश्तेदारों का धरातल पर कोई दुकान भी नहीं है। बावजूद इन शिक्षकों/वेंडरों के आलावा अन्य का धंधा खूब चल रहा है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि पूर्व में निदेश दिया जा चुका है कि कोई भी शिक्षक अथवा शिक्षक के संबंधी अथवा प्रधानाध्यापक के संबंधी भेंडर का कार्य नहीं करेंगे। प्रधानाध्यापक ही अपनी इच्छा से वेंडर का चुनाव करते हैं। यदि शिक्षक वेंडर कार्य में संलिप्त होंगे तो प्रमाणित होने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षण में 320 अभ्यर्थी सफल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु गुरुवार को जहानाबाद जिले में शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए कुल 1400 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 971 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस दौरान 1600 मीटर दौड़ में 386 उम्मीदवार सफल घोषित हुए। इन सभी की उंचाई एवं सीना माप की गई, जिसमें 56 उम्मीदवार निर्धारित मापदंड पर खरे नहीं उतरे और असफल घोषित किए गए। शेष 331 अभ्यर्थियों ने ऊँची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक में भाग लिया। इनमें से 11 अभ्यर्थी चिकित्सकीय



परीक्षण में अनफिट/ असफल पाए गए। शेष 320 अभ्यर्थी मेडिकल जांच में फिट पाए गए एवं दैनिक रूप से सफल घोषित किए गए। इसके अतिरिक्त, अपीलीय कोषांग में आज 03 अपील प्राप्त हुई, जिन्हें स्थल पर ही निष्पादित किया गया। साथ ही इस दौरान 11 चिकित्सकीय रूप से असफल अभ्यर्थियों में से 03 ने पुनः परीक्षण हेतु अपील दायर की है। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत मामले का निपटारा किया जाएगा।

20वें जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में जहानाबाद के दो खिलाड़ी पेश करेंगे पदक की दावेदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। इस माह के 26 से 30 जून तक हरियाणा के पंचकूला में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में जहानाबाद से पीयूष कुमार एवं राज मल्होत्रा प्रतिस्पर्धा करेंगे। दोनों खिलाड़ी बिहार राज्य के लिए पदक की दावेदारी पेश करेंगे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच -सह-वरीय पदाधिकारी, खेल विभाग, जहानाबाद, विनय कुमार के द्वारा पीयूष कुमार एवं राज मल्होत्रा को जीत की शुभकामना दी गई है। साथ ही खेल पदाधिकारी पूनम कुमारी के द्वारा दोनों युवा खिलाड़ियों को जहानाबाद एवं राज्य की ओर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शुभकामना भी दी गई है। बताया गया कि सॉफ्ट टेनिस के ये दोनों खिलाड़ी जहानाबाद



शहर के मल्लहचक स्थिति स्पोर्ट्स कंपलेक्स में अभ्यास करते हैं। खेल पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के द्वारा जिले में खेल के विकास के लिए खिलाड़ियों को उत्तम संसाधन एवं स्थान मुहैया हो इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के तहत 50 से ज्यादा पंचायतो में खेल के मैदानो का निर्माण एवं संवर्धन मनरेगा के तहत किया गया है। साथ ही जिले में स्थित खेल भवन सह व्यायामशाला, एरोड्रम स्टेडियम तथा मल्लहचक स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों को बेहतर खेल का माहौल दिया जा रहा है।

'बदलो बिहार, बदलो सरकार' के नारे के साथ फुलवारीशरीफ में गरजी भाकपा माले, तेज हुआ चुनावी अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर भाकपा (माले) ने अपने जनसंपर्क अभियान को धार देना शुरू कर दिया है। पार्टी की 'बदलो बिहार, बदलो सरकार' यात्रा गुरुवार को फुलवारी शरीफ प्रखंड के कई गांवों में पहुंची, जहां जनसभाओं के माध्यम से नीतीश सरकार और भाजपा पर तीखे हमले किए गए। पुनपुन के नीमा गांव में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा बघरा रोड होते हुए फुलवारी शरीफ के गंज इलाके में पहुंची, जहां प्रखंड सचिव गुरुदेव दास की अगुवाई में टीम का भव्य स्वागत हुआ। गंज में जनसभा के दौरान अरवल विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा-जदयू की सरकार ने बिहार को पीछे धकेलने का काम किया है। काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि फुलवारी शरीफ को बदनाम करने की साजिश के तहत 'आतंक का फुलवारी' कहा गया, जबकि यहां के विधायक गोपाल रविदास ने डटकर जवाब दिया कि 'कहां हैं आतंकवादी?' सभा में पटना जिला सचिव अमर, महानगर महासचिव अभ्युदय, विधायक दल के नेता महबूब आलम सहित दर्जनों नेताओं ने भाग लिया। यात्रा अनीसाबाद होते हुए बेऊर मोड़ पहुंची, जहां मुशहरी के समर्थकों ने कार्यकर्ताओं को फूल-मालाओं से सम्मानित किया। इस अभियान में विधायक गोपाल रविदास, रामबली सिंह यादव, महानंद सिंह, फुलवारी प्रखंड अध्यक्ष गुरुदेव दास, एआईपीडब्ल्यूए नेत्री रीता वर्णवाल, वंदना प्रभा, अमीषा कुमारी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। फुलवारी विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि यात्रा के दौरान लोगों से आह्वान किया गया कि मौजूदा सरकार की विफलताओं के खिलाफ एकजुट हों और बदलाव के लिए भाकपा माले को मजबूत करें. जनता के बीच पार्टी के इस जनसंघर्ष अभियान को व्यापक समर्थन मिलता दिखा, जिससे साफ है कि भाकपा माले इस बार चुनावी समर में पूरी ताकत से उतरने को तैयार है।

दो साल से नहीं बदला गया रामकृष्ण नगर में टूटा मेनहोल का ढक्कन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

फुलवारीशरीफ। राजधानी पटना के रामकृष्ण नगर आदर्श विहार रोड नंबर 2 (वार्ड नंबर 30) मे दो साल से टूटा हुआ मैनहोल ढक्कन नहीं बदले जाने से स्थानीय लोग काफी नाराज हैं। बरसात का मौसम एक बार फिर से आ गया है ऐसे में खुला मैन हॉल के ढक्कन जहां है वहां रास्ते पर पानी भर जाता है उसमें गिरकर लोग जख्मी हो जाते हैं। लोग शिकायत करते आ रहे हैं कि यह टूटा हुआ मैनहोल ढक्कन लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है, जिसमें साइकिल सवार, मोटरसाइकिल सवार, महिलाएं और



बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस मुद्दे को लेकर जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। यह ढक्कन न तो स्थानीय वार्ड परिषद के स्तर पर बदला गया और न ही जिला प्रशासन द्वारा कोई पहल की गई। इसके कारण मैनहोल का गड्ढा हमेशा खुला रहता है, जिससे न केवल सड़क की सुरक्षा खतरे में है, बल्कि आसपास की सफाई व्यवस्था भी बेहद खराब है. इस रोड में कई मैनहोल का ढक्कन खुला हुआ है जिसे नहीं बदला जा रहा है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि इस क्षेत्र में सड़क पर भारी मात्रा में पानी बहता रहता है, क्योंकि नालों की सफाई ठीक से नहीं की जाती है। इसके कारण चेंबर भी भरा रहता है और यह हमेशा दुर्घटनाओं का कारण बनता है। कई बार बच्चों ने भी इन खुले मैनहोल में गिरकर चोटें खाई हैं, लेकिन फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया है.सरकार और प्रशासन भी इस गंभीर समस्या को हल करने के लिए अनदेखा कर रहे हैं.अब स्थानीय नागरिकों की मांग है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द करें, ताकि इस क्षेत्र के लोग सुरक्षित रह सकें और भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

संक्षिप्त समाचार

सर्पदंश से बच्चे की मौत

मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के पूर्वी पकुहवा गांव में बुधवार की देर संध्या को सर्पदंश से एक 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान पिता दीपू महतो का पुत्र शुभम कुमार बताया जाता है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि शुभम कुमार बुधवार की देर संध्या को गांव से सटे खेत मे गया था।वापस लौटने के क्रम में शुभम कुमार का पैर एक विषैले सांप पर पड़ गया और सांप ने डस लिया। घर आते ही शुभम की स्थिति बिगड़ गई।परिजनों द्वारा यत्र तत्र इलाज कराया गया।लेकीन इलाज के दौरान ही शुभम की मौत हो गई।

नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नशा मुक्ति अभियान के तहत 44 वीं बटालियन भंगहा एसएसबी द्वारा जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में जागरूकता फैलाने के लिए संकल्प लिया। संकल्प में नशे से दूर रहने और साथ ही समाज को इसके हुए दुष्परिणामों को भी बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो और नशा मुक्त भारत -स्वस्थ भारत जैसे नारे लगाए। सभी प्रतिभागियों ने नशा न करने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में एसएसबी स्थानीय लोग एवं छात्रों के साथ नेपाल ऐपीएफ व जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग में आठ घर राख

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के नौतन खुर्द पंचायत के वार्ड नम्बर 8 में बीती रात्रि बिजली के शर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई।जिसमें देखते ही देखते आग ने अपने चपेट में आठ घर को ले लिया। आग की लपटे इतनी तेज थी कि आग ने काफी विकराल रूप ले लिया।इस आग लगी की घटना में साइकिल, बर्तन कपड़ा, अनाज, नगदी समेत अन्य सामग्री आग की भेंट चढ़ गई। अग्नि पीड़ितो में मधुरेश पटेल, रमेश शाह, अर्जुन शाह भीम शाह, चंद्रिका पटेल, परशुराम पटेल, यशोदा देवी समेत अन्य का घर शामिल है। हालांकि ग्रामीण और अग्निशमन दस्ता के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया।सूचना पर पहुंचे अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने अग्नि से पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता राशि उपलब्ध कराने की बात कही है।

सरकारी दफ्तर में नींद पूरी करते दिखे कर्मचारी

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड कार्यालय के सरकारी दफ्तर में चैन की नींद पूरी करते सरकारी कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।वीडियो में कर्मचारी काम करने के बजाय कुर्सी पर चैन की निंद लेते हुए नजर आ रहे हैं। उक्त वीडियो प्रखंड कार्यालय मझौलिया में कार्यरत कर्मचारी गुलाम सरोवर का बताया जाता है हालांकि वायरल वीडियो को पुष्टि राष्ट्रीय सहारा अखबार नही करता।ऐसे में यदि कार्यालय का कोई अहम दस्तावेज यदि गड़बड़ा जाए तो जबाबदेही किसकी होगी? यह अहम सवाल है।इस पर उच्च पदाधिकारियों को समय रहते ध्यान देना चाहिए ताकि लोगो को कम परेशानी हो और समय से बिना दौड़ धूप के लोगो का काम हो सके।

एससी-एसटी एक्ट के आरोपित गिरफ्तार

रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रामनगर थाना की पुलिस ने एक एसीएसटी एक्ट के आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि नगर के बेला गोला हरिनगर के नूरजहां खातून पति मुस्तकीम मियां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

देशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। लौरिया पुलिस ने गश्ती के दौरान पन्द्रह लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ब्यक्ति की पहचान नगर पंचायत लौरिया के पकड़ी नोनिया टोली निवासी लालबाबू चौधरी के पुत्र सुधीर कुमार के रुप मे की गई है। इधर थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि गश्ती के दौरान चांडाल चौक से रामनगर निकलने वाली सड़क में पेट्रोल पंप के पास से पन्द्रह लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार ब्यक्ति की पहचान पकड़ी नोनिया टोली निवासी लालबाबू चौधरी के पुत्र सुधीर कुमार के रूप में की गई है। शराब कारोबारी को मद्यनिषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

घर में चोरी, एफआईआर दर्ज

रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के दिउलिया गांव में बीती रात चोरो ने छत के रास्ते घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में अवधकिशोर राव ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि बीती रात छत के रास्ते चोरों ने घर में घुसकर अलमीरा पर रखा चाबी लेकर अलमीरा से सोने, चांदी की गहना व 42 हजार रुपए लेकर चले गए। सुबह आंख खुली अलमीरा खुला था तो 112 की टीम को सूचना दिए। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई आरंभ कर दिए गए है।

नाम वापसी के पश्चात अभ्यर्थियों को मिला प्रतीक चिन्ह

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पंचायत उप चुनाव के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया सम्पन्न होने पश्चात गुरुवार को सभी प्रत्याशियो को उनका चुनाव चिन्ह आवंटन कर दिया गया है। आरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि सरपंच पद के लिए भेड़िहरवा पंचायत में उप चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुरैनिया हरसरी पंचायत के वार्ड 14 से वार्ड सदस्य पद एवं बिनवलिया पंचायत के वार्ड 11 से पंच पद के लिए एकमात्र नामांकन होने के चलते उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया जाएगा। वही भेड़िहरवा में सरपंच पद के लिए अब छह प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। यहां 9 जुलाई को मतदान कराया जाएगा। आरओ ने बताया कि निर्वाचन विभाग के जारी आदेश के अनुसार स्टोव, मोटरसाइकिल, नल, बल्ब, चौकी बेलन एवं जोड़ा बैल प्रतीक चिन्ह दिया गया है।

रामबाबू बने प्रदेश महासचिव

रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जनता दल यूनाइटेड अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रेश्व प्रसाद चन्द्रंशी ने नगर युवा सम्राट रामबाबू प्रसाद गुप्ता को अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव पद पर मनोनयन किया है। इनके मनोनयन से पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। प्रखण्ड अध्यक्ष संजय मिश्र, सुभाष कुशवाहा, हिरा साह, नन्दू प्रसाद, धरमेन्द्र गुप्ता, यूशूफ खान, दीपक कुशवाहा, आदि लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बगहा पुलिस जिला के बथवारिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है।बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बथवारिया थाना क्षेत्र के बीरति गांव में अनिल यादव के घर भारी मात्रा में शराब रखा है।जिसपर पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए छापामारी की जहां से सात सौ छीहतर लीटर शराब के साथ अनिल यादव को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार कारोबारी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो

जिला शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस, नुक्कड़ नाटक व शपथ से दिया गया जागरूकता का संदेश

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

सीवान। जिला प्रशासन सीवान द्वारा गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर डायट परिसर के बहुद्देशीय हॉल में भव्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11:00 बजे दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे अपर समाहर्ता (जि.लो.नि.प.) एवं उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

नशे के खिलाफ संकल्प और जागरूकता का मिला संदेश

कार्यशाला के दौरान सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग मोहम्मद मिनहाजुद्दीन ने पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक जीवन को भी बर्बाद कर देता है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में नशामुक्त वातावरण तैयार करने में सहभागी बनने का आह्वान किया।

'सशक्त युवा, सशक्त भारत' की परिकल्पना



उपविकास आयुक्त मुकेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में युवा वर्ग सबसे ज्यादा नशे का शिकार हो रहा है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने छात्रों से कहा कि देश को सशक्त बनाने के लिए पहले खुद को सशक्त बनाना होगा, और इसके लिए नशे से दूर रहना जरूरी है।

प्रतियोगिताओं से मिली प्रेरणा, विजेताओं को मिला सम्मान

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया। उन्हें मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इससे पहले कार्यक्रम में वरीय अधिकारियों के प्रेरणादायक भाषणों ने छात्रों में नशे के खिलाफ जागरूकता और दृढ़ता पैदा की।

शपथ और नुक्कड़ नाटक से दिया गया जन संदेश

कार्यक्रम के अंतिम चरण में उपविकास आयुक्त द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मियों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद एक जीवंत नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें नशे से होने वाली तबाही और उससे उबरने के उपायों को मार्मिक अंदाज में प्रस्तुत किया गया।

अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति बनी आयोजन की शान

कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त मुकेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता (जि.लो.नि.प.) इश्तियाक अहमद, उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग उपेंद्र यादव, जिला योजना पदाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, वरीय उप समाहर्ता अमर ज्योति, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी ऋचा वर्मा, अधीक्षक मध निषेध गणेश प्रसाद, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) जय कुमार, डायट प्राचार्य शिशुपाल सिंह समेत अनेक वरीय अधिकारी एवं शिक्षण कर्मी उपस्थित रहे। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से नशे के विरुद्ध एक सकारात्मक माहौल तैयार होता है, जिससे समाज में जागरूकता की नई लहर उठती है।

व्यवहार न्यायालय परिसर में लिया गया नशामुक्त सीवान का संकल्प

सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी व अधिवक्ता हुए शामिल, नशीली दवाओं के खिलाफ दिखाई एकजुटता

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

सीवान। व्यवहार न्यायालय सीवान के प्रांगण में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सीवान मोतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में नशा उन्मूलन को लेकर एक महत्वपूर्ण संकल्प कार्यक्रम



आयोजित हुआ। यह संकल्प नालसा के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किया गया, जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी एवं अधिवक्ता शामिल हुए।

कोर्ट परिसर में हुआ संकल्प समारोह

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिवान के सचिव सुनील कुमार सिंह की देखरेख में यह कार्यक्रम कोर्ट परिसर में संपन्न हुआ। इस मौके पर सभी उपस्थितजनों ने यह शपथ ली कि वे स्वयं नशीली दवाओं का सेवन नहीं करेंगे और अपने परिवार, समाज और साथियों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ-साथ सिवान व्यवहार न्यायालय के तमाम न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं। मनोज कुमार (प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय), विजय कृष्ण सिंह, सुशील कुमार त्रिपाठी, संतोष कुमार, कुमारी मोनिशा, उमाशंकर, राकेश कुमार पांडे, शशि भूषण कुमार, सुशांत रंजन, समीम राजा (विशेष न्यायाधीश, उत्पाद-1), राजेश कुमार द्विवेदी (विशेष न्यायाधीश, उत्पाद-2), राजेश कुमार त्रिपाठी, संजीव कुमार पांडे (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं व न्यायालय कर्मियों ने भी लिया संकल्प

कार्यक्रम में न्यायालय के अनेक अधिवक्ता भी शामिल हुए, जिनमें उपाध्यक्ष जनार्दन सिंह, बृजेश कुमार दुबे, अवधेश कुमार, जितेंद्र कुमार, संजय कुमार, नागेंद्र मिश्रा, पिंटू तिवारी, मकसूद आलम, ईश्वर चंद्र महाराज, विजय पांडे, एडवोकेट गणेश राम उर्फ ज्ञान रत्न आदि प्रमुख थे। इसके साथ ही न्यायालय प्रबंधक कुमारी सलोनी, नजीर जय किशोर शर्मा, और अन्य कर्मचारियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

सैकड़ों लोगों की रही भागीदारी

संकल्प कार्यक्रम में कुल सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और यह शपथ ली कि वे स्वयं को और अपने आसपास के लोगों को नशीली दवाओं की लत से बचाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

जीवन को नाश कर देता नशा : निदेशक

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नशा मनुष्य की चेतना को निष्क्रिय कर देता है।जिससे नशा करने वाला व्यक्ति चलता फिरता निष्क्रिय प्राणी बन कर रह जाता है।इससे स्वास्थ्य की नाश के साथ साथ खुशहाल परिवार बर्बाद हो जाता है।कल्प तरु परियोजना के निदेशक सुनील कुमार पाण्डेय ने कही।वे अंतराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग दिवश पर गरुवार को लौरिया स्थित केदार पाण्डेय समाज कल्याण संघ द्वारा संचालित कल्प तरु व्यस्नियो का एकीकृत पूर्णवाश केंद्र के द्वारा



केपीएम विद्या बिहार के प्रांगण मे एक कार्यशाला मे बोल रहे थे।उन्होंने कहा की नशा करनेवालो को समाज मे कोई इज्जत नही मिलता है।जबकि नशा करनेवालो को परिवार वाले नशमुक्ति केंद्र मे उलझ के लिए भर्ती करा सकते है।केपीएम की प्राचार्या आराधना मिश्रा ने बताया की समाज मे बच्चो,युवाओं को नशा करने वालो से दूर रखना चाहिए।ये लोग बच्चो को नशा की लत लगाने की हर सम्भव कोशिश करते है।सामजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार ने समाज के लोगो को जागरूक रहने का आह्वान किया।समाज अगर जागरूक होगा तब नशा का नाश होगा।मौके पर प्राची,मुन्नी,रजनी व शम्भनी उपस्थित थी।

165 शराब व भू माफिया चिन्हित

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बेतिया, बगहा व मोतीहारी पुलिस जिला में सक्रिय शराब और भू माफियाओं पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसे धंधा बनाकर अवैध तरीके से आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने वाले के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय के निर्देश पर तीनों पुलिस जिला में 165 शराब व भूमाफियाओं को चिन्हित किया गया है। इनकी संपत्ति के आकलन के बाद इनमें से 33 के खिलाफ पुलिस ने आरोप पत्र समर्पित कर दिया है।मोतिहारी जिले में सबसे ज्यादा 17 लोगों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया है। जबकि बेतिया में 10 व बगहा पुलिस जिला में छह लोगों के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित किया गया है। पुलिस नियम संगत तरीके से इनकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई करेगी। डीआईजी श्री राय ने कहा कि शराब और भू माफिया अगर किसी मामले में वांछित है, तो पुलिस पदाधिकारी उन्हें गिरफ्तार करें। चंपारण क्षेत्र में अपराध, शराब व मादक पदार्थों की तस्करी कर संपत्ति वर्जित करने वालों के खिलाफ अगर कोई मामला चल रहा है तो उसे स्पीडी ट्रायल के तहत कार्रवाई होगी। बता दे कि डीआईजी ने रेंज के सभी एसडीपीओ को पांच भू माफिया और पांच शराब माफिया को चिन्हित करने का निर्देश दिया था। जिसके तहत 165 लोगों को चिन्हित किया गया है। डीआईजी ने कहा कि प्रथम चरण में 165 लोगों को चिन्हित किया गया है। जिनमें से 33 के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया है।

जमीनी विवाद में गोली मारने के दो आरोपित गिरफ्तार, एक अन्य की तलाश जारी

एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के आमडाढ़ी मरवट गांव निवासी बिजली मिस्त्री का काम करने वाले युवक पर बुधवार को दिनदहाड़े नहर के पास में जमीनी विवाद को लेकर हुए गोलीकांड में सारण पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गोलीबारी की इस घटना में गुड्डू यादव नामक एक बिजली मिस्त्री का काम करने वाला युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। उल्लेखनीय हैं कि घायल



युवक गुड्डू यादव, पिता धूपनाथ यादव, निवासी आमडाढ़ी मरवट, को बुधवार को गोली मार दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही एकमा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची मेघालय युवक का को उपचार हेतु निजी स्थान भर्ती कराने के बाद मामले में केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सारण ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। घटना के संबंध में एकमा थाना कांड संख्या 245/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में नामजद तीन अभियुक्तों में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अजय कुमार यादव, पिता रौशन यादव व मुन्ना कुमार यादव, पिता महंगू यादव, निवासीगण आमडाढ़ी मरवट थाना एकमा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि शेष आरोपी की तलाश के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

विकास शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र करें निष्पादन

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड सभागार में प्रखंड अंतर्गत सभी विकास मित्रो की एक समीक्षा बैठक बीडीओ सूरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान विकास शिविर में प्राप्त विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदनों के निष्पादन में धीमी गति पर बीडीओ ने गहरी चिंता व्यक्त की और संबंधित विभाग के अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निपटारा का निर्देश दिया। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि विकास शिविर में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई है। इसमें सबसे अधिक जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के कुल 3676 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमे से 1705 का निष्पादन हुआ है। जबकि 1971 आवेदन लंबित है। वहीं आयुष्मान कार्ड के कुल 1358 आवेदनों में से 332 का निष्पादन हुआ है व 1026 लंबित हैं। मनरेगा जॉब कार्ड के 759 आवेदनों में से 333 निष्पादित हुए है, और 426 लंबित है।

राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने अथवा हटाना में कुल 903 आवेदनों में से 440 का निष्पादन हुआ है, जबकि 463 लंबित है। विद्यालय में नामांकन के 626 आवेदनों में से मात्र 7 का निष्पादन हो पाया है, और 619 लंबित हैं। स्वच्छ भारत मिशन (शौचालय) के कुल 431 आवेदनों में से केवल तीन का निष्पादन हुआ है। जबकि 394 लंबित हैं व 34 आवेदन अस्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा आधार कार्ड के 184 आवेदनों में से केवल 16 का निष्पादन हुआ है व 168 लंबित हैं। इसी तरह पीएम आवास योजना के सभी 428 आवेदन एवं उज्ज्वला योजना के सभी 122 आवेदन लंबित हैं। बीडीओ ने बताया कि इसके साथ बैठक में अन्य योजना जैसे ई-श्रम कार्ड, वासभूमि/बंदोबस्ती, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांगों के लिए सहायता उपकरण, हर घर नल-जल योजना, सीएम ग्रामीण पक्की गली-नाली निश्चय योजना, पीएम जन-धन, जीवन ज्योति व सुरक्षा बीमा योजना, बिजली कनेक्शन, जीविका समूह, आंगनबाड़ी में नामांकन, कुशल युवा प्रोग्राम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना,मुख्यमंत्री टोला संपर्क पथ योजना के आवेदन लंबित हैं। इसे सभी विकास मित्र संबंधित विभागों में त्वरित पहचाना सुनिश्चित करे। इसमें कोताही नही बर्दाश्त की जाएगी। बैठक में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ओमप्रकाश नारायण सिंह समेत सभी विकास मित्र उपस्थित थे।

होटल मालिकों को बताया गया अग्नि से बचाव के उपाय

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पुलिस लाइन स्थित अग्नि शमन कार्यालय में बुधवार को अग्निशमन विभाग की ओर से आग से बचाव के लिए होटल मालिकों के साथ बैठक व कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में बेतिया और नरकटियागंज के बड़े होटलों के 27 मालिक और उनके प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में होटल में आग से बचाव के उपाय बताया गया। साथ ही मॉकड्रिल कर आग लगने पर इसे फैलने से रोकने और बुझाने का उपाय सिखाया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि होटल मालिक अग्निशमन विभाग के नियमों का अभिलंब पालन करना शुरू करें। ऐसा नहीं करने पर विभाग के नियमानुसार कार्रवाई होगी। उन्हें नोटिस दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो होटल सील करने की भी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सावधानी और सुरक्षा के उपाय कर अगलगी की घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। इसमें लापरवाही बरतने पर खुद का तो नुकसान होता ही है, दूसरे भी इससे प्रभावित होते हैं। कार्यशाला में होटल मालिकों को बताया गया कि 500 मीटर स्क्वायर फीट के दायरा और 15 मीटर ऊंचाई वाले होटलों में आग से बचाव के लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम काफी जरूरी है। होटल मालिकों को होटल में एनबीसी गाइड लाइन का अनुपालन कर जल्द अग्नि अंकेक्षण प्रमाण पत्र लेने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय भवन संहिता गाइड लाइन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान अग्निशमन के कर्मियों ने आग से बचाव, आग लगने के कारण, अग्निशमन उपकरणों की जानकारी देने के साथ ही उपकरणों के प्रयोग करने की विधि बताई। बैनर, पोस्टर और पंपलेट का वितरण किया गया। अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा कि आग लगने पर तुरंत 101, 112 या अग्निशमन कार्यालय बेतिया के मोबाइल नंबर 7485805805, नरकटियागंज के मोबाइल नंबर 7485805809 व बगहा के मोबाइल नंबर 7485805806 पर कॉल करें।

मौके पर बेतिया अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी गणेश शंकर विद्यार्थी, नरकटियागंज फायर ऑफिसर अखिलेश सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, प्रधान अग्निक प्रमोद कुमार चौहान, राजेंद्र कुमार यादव, शैलेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

विधानसभा चुनाव को लेकर 30 जून को जारी होगी बूथ लिस्ट

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड सभाकक्ष में गुरुवार को सभी बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में कई गयी। बैठक के दौरान एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन के कार्य को पूर्ण करते हुए कार्यालय को रिपोर्ट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि 30 जून को बूथ की लिस्ट जारी की जाएगी। जिसके बाद मतदाता अपने बूथ की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। अगर किसी मतदाता का नाम नजदीक ना होकर दूर दराज के बूथ पर दर्ज हो गया है, तो वैसे वोटर को दावा आपत्ति दर्ज करा सकते है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार सभी बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाता सूची का निर्धारित समय मे गहन पुनरीक्षण का कार्य करना है। सभी बीएलओ घर घर जाकर वोटरों से उनका स्थायी निवास से संबंधित दस्तावेज के साथ माता पिता के स्थायी निवास से संबंधित कागजातों को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही गहन



सर्वेक्षण कार्य मे राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर उनका सहयोग करेंगे। वही निर्वाचन कार्य में जो भी बीएलओ किसी कारण वस सक्रिय नही होंगे या कार्य मे शिथिल है तो उनके जगह पर नए बीएलओ को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। मौके पर बीडीओ सूरज कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह समेत बीएलओ सुपरवाइजर जगदीश हजरा, विक्रांत राज, राकेश कुमार, अयांक सिंह, अनिल कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

अतिक्रमण हटाने गए मजिस्ट्रेट तो गृहस्वामी ने झोपड़ी में लगाई आग

सीओ ने दर्ज करायी प्राथमिकी

लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अतिक्रमण हटाने गए मजिस्ट्रेट के सामने झोपडी मे आग लगाने को लेकर एक दर्जन से अधिक लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुआ है। इसमे आठ नामजद व करीब आधा दर्जन अज्ञात लोगों पर सीओ नितेश कुमार सेठ ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने अपने दिए आवेदन मे बताया है कि अतिक्रमणकारी डोमा साह की पत्नी ने अपने फूस की झोपडी मे आग लगाकर न सिर्फ सरकारी काम मे बाधा डाला है बल्कि इनके इस कुकृत्य से पुरा गांव पर खतरा उत्पन्न हो गया था। इस सम्बंध मे थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को पकडने को छापेमारी की जा रही है। कटैया पंचायत के लंगडी गांव मे रास्ते के अतिक्रमण को लेकर पिछले एक दशक से डोमा साह व हीरालाल साह के बीच विवाद चल रहा था।

एक साल से अनाज नहीं उठाने व मृत लाभुकों का हटेगा राशन कार्ड से नाम

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ट में गुरुवार को आपूर्ति अनुश्रवण समिति की एक बैठक अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। बैठक के दौरान आपूर्ति से संबंधी कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान नए राशन कार्ड के आवेदन, राशन वितरण समेत पूर्व में प्रस्तावित मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया गया। एसडीएम श्री गुप्ता ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियो को निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिया। एसडीएम ने बताया कि अगस्त माह के अनाज का वितरण हो रहा है। जिस दुकानदार के पास अनाज का उठाव नही हो पाया है वहां जल्द से जल्द आवंटन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही एमओ को अनाज वितरण का मोनेटरिंग करने का निर्देश दिया गया है। एसडीएम ने कहा कि अनुमंडल स्तर पर राशन कार्ड के लिए जो भी आवेदन प्राप्त हुआ है



उसका निष्पादन कर दिया गया है। वही जो राशन लाभुक 12 महीने से राशन नही उठा रहे है या उनकी मृत्यु हो गयी है। वैसे लाभको सत्यापन करते हुए नाम डिलीट करना सुनिश्चित करेंगे। वही रसोई गैस को लेकर एसडीएम ने सभी एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया है कि निर्धारित मूल्य पर उपभोक्ताओं को रसोई गैस उपलब्ध कराए। बैठक में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह सिकटा एमओ सौरव कुमार, नरकटियागंज एमओ अमरेंद्र कुमार, लौरिया एमओ राजेश रंजन, गौनाहा एमओ प्रदीप कुमार, मैनाटाड़ एमओ सुप्रिया कुमारी, लौरिया प्रमुख शम्भू तिवारी, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र वर्मा, के साथ दीपक मिश्रा, अनिल कुमार, सुनील कुमार वर्मा उर्फ गंगा वर्मा, कादिर अंसारी,नजरें आलम समेत राजनीतिक दल के प्रतिनिधि एवं गोदाम संचालक आदि उपस्थित थे।

औरंगाबाद में किसान कल्याण संवाद सह युवा किसान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

डिजिटल और जैविक कृषि की ओर बढ़ रहा बिहार : विजय

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री ने युवा व प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित, कृषि नवाचार को मिला प्रोत्साहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को औरंगाबाद में किसान कल्याण संवाद सह युवा किसान सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों के उत्थान और राज्य के कृषि विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह समारोह हमारे उस संकल्प का प्रतीक है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' के रूप में रखा और जिसमें आत्मनिर्भर किसान की अवधारणा केंद्र में है। उन्होंने प्रधानमंत्री के कथन को दोहराते हुए कहा कि अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाना है। इस सोच को ज़मीन पर उतारने का कार्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के कृषि रोड मैप के माध्यम से किया है। उन्होंने बताया कि बिहार देश का पहला राज्य है जिसने लगातार 15 वर्षों से अधिक समय तक कृषि के क्षेत्र में ठोस योजनाएं बनाकर उसे ज़मीनी स्तर पर लागू किया। बिहार आज कृषि बजट के मामले में 20 करोड़ से बढ़कर 3600 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। धान, गेहूं, मक्का सभी में ऐतिहासिक उत्पादकता दर्ज की गई है। बीज प्रतिस्थापन दर के मामले में बिहार देशभर में मिसाल बन चुका है। राज्य में 28 लाख कृषि यंत्रों के वितरण से खेती अब परंपरागत मेहनत से आगे बढ़कर विज्ञान आधारित बन चुकी है। अब 51% कृषि भूमि सिंचित हो चुकी है, जो राज्य के लिए क्रांतिकारी बदलाव है। उन्होंने कहा कि आज किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि निर्णयकर्ता और नवाचारकर्ता बन चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भूमि रिकॉर्ड को ऑनलाइन करने, डीबीटी के माध्यम से पारदर्शिता लाने और सीमांत किसानों तक लाभ पहुंचाने जैसे प्रयासों ने बिहार को डिजिटल बिहार और विकसित बिहार'की दिशा में अग्रसर किया है। उन्होंने चौथे कृषि रोड मैप (2023-28) की चर्चा करते हुए कहा कि इसके तहत जैविक खेती को बढ़ावा



दिया जाएगा। युवा किसानों को स्टार्टअप योजना से जोड़ा जाएगा। कृषि निर्यात को प्रोत्साहित किया जाएगा और हर किसान को डिजिटल ताकत से सशक्त बनाया जाएगा। अपने संबोधन के अंत में माननीय उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक का सम्मान ही राष्ट्र का सम्मान है। किसान का आत्मविश्वास ही बिहार की असली शक्ति है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि खेत में मेहनत, मंडी में मूल्य और भविष्य में अवसर यही हमारा अधिकार और उत्तरदायित्व है। समारोह में जिले के प्रगतिशील व युवा किसानों को सम्मानित भी किया गया। कृषि मंत्री श्री सिन्हा ने जिला कृषि प्राधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पराली जलाने वाले किसानों की एक सूचित तैयार करें और उन्हें कृषि विभाग द्वारा दी जा रही किसी भी प्रकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ या अनुदान नहीं दें। क्योंकि पराली जलाना पर्यावरण के हित में नहीं है और इससे कई सारी बीमारियां होती है। ब्रज किशोर मेहता स्ट्रॉबेरी की खेती करते हैं। इन्होंने हरियाणा से स्ट्रॉबेरी की खेती सिखी और 2012 से स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं और सभी जिलों के किसानों को मुफ्त में स्ट्रॉबेरी की खेती की ट्रेनिंग दे रहे हैं। इन्होंने मांग की स्ट्रॉबेरी की खेती में अनुदान बढ़ाया जाए तथा इसके लिए प्रोसेसिंग यूनिट भी बनाई जाए। रंजन कुमार सिंह आधुनिक कृषि को अपनाते हुए ड्रोन का कृषि में उपयोग कर रहे हैं। वीरेंद्र प्रसाद द्वारा संचालित कृषि यंत्र बैंक, आदर्श किसान हितार्थ समूह' वर्ष 2022 में शुरू किया गया। इस समूह ने रबी के मौसम में 150 एकड़ क्षेत्र में किसानों के खेतों की जुताई भुगतान के आधार पर की है। गोह के विशाल कुमार संरक्षित खेती करते हैं। वे विषेषकर शिमला मिर्च और खीरा का उत्पादन करते हैं। वर्तमान में 16 कट्ठा में संरक्षित खेती कर रहे हैं। उन्हें 75% सब्सिडी मिलती है और प्रति सीजन 2 लाख रुपये का लाभ होता है। नरेश मेहता 150 एकड़ जमीन प्रति एकड़ लगभग 10 हजार रुपये की लीज पर लेकर अमरूद की खेती कर रहे हैं। इस खेती से लगभग 100-150 लोगों को रोजगार मिलता है। इनके द्वारा मुख्य रूप से ताइवान पिंक और रेड ताइवान किस्मों की खेती होती है। अभिषेक कुमार और वरुण कुमार केला और मशरूम की खेती करते हैं और सालाना 1 .80 लाख का मुनाफा होता है। पल्लवी कुमारी मशरूम की खेती से तीन महीने में 60 से 65 हजार रुपए कमा लेती हैं। कार्यक्रम में कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, बिराबीनि के प्रबंध निदेशक निर्मल कुमार, पूर्व विधायक मनोज कुमार शर्मा, पूर्व एमएलसी राजन कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। संचालन प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने किया।

बगाही मुखिया के आवास पर फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। कुटुंबा प्रखंड के पिपरा बगाही पंचायत के मुखिया तौहिद आलम के मुरौली बुजुर्ग स्थित आवास पर अपराधियों द्वारा फायरिंग करने का मामला सामने आया है। हालांकि, उस वक्त मुखिया घर पर नहीं थे। दरअसल, मुखिया पर महिलाओं के साथ मारपीट का आरोप है। दो दिन पहले ग्रामीणों ने मुखिया का पुतला दहन किया था। घटना के बाद इन्होंने सुरक्षा की गुहार लगाई है। गोली मुखिया के घर के मेन दरवाजा को भेदते हुई दीवार से टकराई जिसमें घर में सो रहे लोग बाल-बाल बच गए। घटना बुधवार देर रात की है। मुखिया तौहीद आलम ने बताया कि बुधवार की रात वे घर पर नहीं थे। लगभग 2 बजे रात में अपराधी उनके घर पहुंचे और आवाज लगाई। पत्नी ने अंदर से पूछा कि कौन है तो बोला कि मुखिया को बाहर भेजिए। जब उन्होंने कहा कि मुखिया घर पर नहीं हैं तो अपराधियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से घर पर फायरिंग की। घर से घटना की सूचना कुटुंबा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कुटुंबा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। मुखिया ने सरकार से सुरक्षा की मांग की है। बताया कि पिछले कुछ दिनों से उन्हें लगातार फोन पर जान मारने की धमकी मिल रही थी। डर से उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर दिया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रेम प्रसंग में किशोर की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के बारून थाना अंतर्गत जानपुर गांव में एक किशोर को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। मामला प्रेम-प्रसंग का बताया जा रहा है। मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी मनोज पासवान के 16 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। गुरुवार की सुबह सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि हिमांशु दसवीं कक्षा का छात्र है। बुधवार की रात गांव का ही एक युवक उसे बुलाकर अपने घर ले गया। घर ले जाने के बाद उसने हिमांशु के साथ क्या किया, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। कुछ देर बाद जिस युवक ने हिमांशु को बुलाकर अपने घर ले गया था, उसकी बहन रोती-बिलखती हिमांशु के घर पहुंची और बताया कि उसके परिजन हिमांशु को बेरहमी से पीट रहे हैं। यह सुनते ही हिमांशु के परिजन वहां पहुंचे तो वहां हिमांशु को मृत पड़ा देखा। हिमांशु को मृत पड़ा देख परिजन रोने-बिलखने लगे। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वैसे चर्चा यह भी है कि गांव की ही जिस लड़की से हिमांशु का प्रेम प्रसंग चल रहा था, बुधवार को उस लड़की का जन्मदिन था। बुधवार की रात लड़की ने हिमांशु को फोन करके जन्मदिन मनाने के लिए अपने घर बुलाया। हालांकि इस दौरान लड़की के घर में कोई नहीं था। लड़की का भाई भी घर में मौजूद नहीं था और उसके पिता कहीं बाहर चले गए थे। जैसे ही हिमांशु लड़की के घर पहुंचा तभी छत से उसके चचेरे भाइयों ने देख लिया। इसके बाद उसके चचेरे भाइयों ने उसके पिता को फोन कर घर बुलाया और घर में बंद कर बेरहमी से पीट-पीटकर हिमांशु की हत्या कर दी। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना बारून थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना पर बारून थाना की पुलिस जानपुर गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। हालांकि अभी तक मामले का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मारपीट के दौरान एक किशोर की हत्या का मामला सामने आया है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। हालांकि किशोर की हत्या कैसे हुई, इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं है। संदिग्ध आधार पर कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। अभी तक मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन भी प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 40 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे में कई कार्रवाई की है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब का सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन समेत विभिन्न कांडों के 40 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 4, शराब के शीर्ष कांडों में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 625 वाहनों की जांच की गई जिसमें 27000 रूपये का जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 4 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या भी 2 है। इसी क्रम में 205.1 लीटर देसी एवं 8.64 लीटर विदेशी शराब, 5 लीटर स्प्रिट, 1 ट्रैक्टर एवं 3 बाइक जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल की मानें तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

स्पर्शाघात से बच्चे की मौत

मदनपुर(औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विद्युत करंट की चपेट में आने से आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के रसलपुर महादलित टोला बांध तर की हैं। बताया जाता है कि गुरुवार को शौच के दौरान बच्चा विद्युत करंट की चपेट में आ गया जिसमें वह गंभीर रूप से झुलस गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी रंजय रविदास के आठ वर्षीय पुत्र बजरंगी कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि बजरंगी शौच के लिए गांव के आहर की ओर गया था। वहां पहले से विद्युत तार टूट कर गिरा हुआ था, जिसे बजरंगी देख नहीं पाया और अचानक उसके संपर्क में आ गया। झुलसने से बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। सूचना पर परिजनों द्वारा आनन-फानन में बच्चे को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में बच्चे ने दम तोड़ दिया। वावजूद बच्चे को सदर अस्पताल लाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन



DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy
DY Yoga
DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga
DHMS Herbal Medicine
DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet
BTMS Traditional Medicine
BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga
BAcu. Acupuncture
MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

आम तोड़ने के चक्कर में करंट से किशोर की मौत

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आकर एक किशोर की मौत हो गयी। घटना अंबा थाना क्षेत्र के नबीनगर रोड स्थित इंडियन बैंक के समीप की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सोना बिगहा निवासी सत्येंद्र भूईयां के पुत्र 12 वर्षीय किशोर गोविंद भूईयां के रूप में की गई हैं। जानकारी के मुताबिक किशोर आम तोड़ने के लिए एक छत पर गया था।।करंट लगने से उसका शरीर पूरी तरह झुलस गया और उसकी जान चली गयी। घटना की सूचना मिलते ही अंबा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोर आम तोड़ने के लिए एक मकान के छत पर गया था। इस छत के ऊपर ही बिजली के हाईवोल्टेज करंट वाले तार के संपर्क में किशोर आ गया। बताया जा रहा कि 11000 केवीए की सप्लाई लाइन में सटने से उसकी मौत हो गई। वहीं स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गयी।

साइबर ठगी के 23 हजार रुपये बरामद

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस ने पीड़ित के 23 हजार रुपये बरामद कर उसे वापस कराया। जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया निवासी जनेश्वर सिंह के पुत्र बीरेंद्र कुमार सिंह के बैंक खाते से 23 हजार रुपये की साइबर ठगी कर ली गई थी। पीड़ित ने इस संबंध में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि यूपीआई के माध्यम से राशि फ्रॉड कर लिया गया था। शिकायत प्राप्त होने के बाद औरंगाबाद साइबर थाना द्वारा मामले की जांच की गई। विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को पीड़ित बीरेंद्र को पूरे 23 हजार रुपये की राशि वापस करायी है। इसपर पीड़ित ने साइबर पुलिस के प्रति आभार जताया है। इंस्पेक्टर बबन बैठा ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी ऑनलाइन या फोन कॉल पर बैंक से संबंधित जानकारी साझा न करें। अगर आपके साथ साइबर ठगी होती है तो तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय, बिहार
पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

दुधारू पशुओं पर ऑक्सीटोसिन (Oxytocin Injection) के उपयोग पर रोक

पशुपालकों के लिये आवश्यक सलाहः

1. ऑक्सीटोसिन हार्मोन का मुख्य कार्य पशुओं के प्रसव के समय गर्भाशय को संकुचित नवजात को बाहर आने में मदद करना है। इसका दूसरा मुख्य कार्य पशुओं के दुग्ध ग्रंथियों को उत्तेजित कर दूध स्रावित करना है।
2. कुछ व्यवसायिक प्रवृति के पशुपालकों के द्वारा दुधारू पशुओं में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार अप्राकृतिक ढंग से दूध उतारने से दुधारू पशुओं में दवा की आदत हो सकती है, जिसकी वजह से उन्हें भविष्य में सामान्य रूप में दूध देने में कठिनाई हो जाती है।
3. कृत्रिम ऑक्सीटोसिन के उपयोग के कारण पशुओं में हार्मोनल असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।
4. Prevention to Cruelty to Animal Act, 1960 के section 12 और IPC की धारा 429 के तहत पशुओं में ऑक्सीटोसिन का उपयोग दण्डनीय अपराध है।
5. Food and Drug adulteration Prevention Act, 1940 द्वारा ऑक्सीटोसिन को Schedule 'H' Drug में रखा गया है, जिसके अनुसार पशु चिकित्सक के परामर्श के बिना पशुओं में इसके उपयोग पर रोक है।



पशुपालकों को सलाह दी जाती है कि वे स्वयं ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का उपयोग अपने दुधारू पशुओं पर नहीं करें। विशेष परिस्थिति में योग्य पशु चिकित्सक के द्वारा ही इस इंजेक्शन का उपयरेग किया जाये।

अधिक जानकारी के लिए पशुपालन कार्यालय अथवा पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से संपर्क करें।

PR No.- 006640 (Animal)D. 2025-26

पशुपालन सूचना एवं प्रसार, पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार द्वारा जनहित में प्रचारित